CMYK

अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 23°C
तापमान

सेंसेक्स 81,330.56
निफ्टी 24,666.90

सोना 96,555
चांदी 97,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 15 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 123 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 16 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## CDS व तीनों सेना प्रमुखों ने राष्ट्रपति को दी ऑपरेशन की जानकारी

■ मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

इन शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों, उनके अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के अभियान-ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन ने इस बारे में सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी गई। इस पोस्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत के जवाब को शानदार सफल बना दिया। राष्ट्रपति तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं।



## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की तिरंगा यात्रा

**नई दिल्ली।** भाजपा बुधवार से देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। बुधवार को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ, देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, ओडिशा के भुवनेश्वर में सीएम मोहन चरण माझी और ठाणे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि हमारी तीनों सेनाओं के जवानों ने जिस तरह से पाकिस्तान को जवाब दिया, पूरे विश्व ने उनके साहस का लोहा माना है। उन्होंने ये साबित कर दिया है कि अगर कोई भारत को छेड़ेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।' 23 मई तक चलने वाली 10 दिवसीय तिरंगा यात्रा की शुरुआत मंगलवार को की गई थी। इस दौरान दिल्ली में कर्तव्य पथ पर यात्रा निकाली गई। इसमें दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, भाजपा नेता तरुण चुघ और राज्य सरकार के सभी मंत्री शामिल हुए। इसके साथ ही देश के कई राज्यों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। पंचकुला में हरियाणा के सीएम नवाब सिंह सैनी और गुजरात के अहमदाबाद में सीएम भूपेंद्र पटेल, गोवा में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने यात्रा का नेतृत्व किया।




## न्यायमूर्ति गवई बने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति बीआर गवई ने बुधवार को यहां उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह इस वर्ष 23 नवम्बर तक इस पद पर रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है, जो मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हो गए। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश और कुछ पूर्व न्यायाधीश समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## पाक रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पूर्णम शॉ को छोड़ा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान रेंजर्स ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। श्री शॉ 20 दिन से पाकिस्तान रेंजर्स के कब्जे में थे। बीएसएफ ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बुधवार सुबह 10:30 बजे कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ को अटारी-वाघा सीमा पर बीएसएफ द्वारा पाकिस्तान से वापस लाया गया। विज्ञप्ति के अनुसार श्री शॉ 23 अप्रैल 2025 को लगभग 11:50 बजे फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी पर रहते हुए अनजाने में पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे और उन्हें पाक रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था।

# बड़बोले मंत्री को महंगी पड़ी कर्नल सोफिया पर टिप्पणी

## हाईकोर्ट के आदेश पर विजय शाह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

भोपाल, वार्ता

**मध्य प्रदेश** सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश के डीजीपी को निर्देश दिया है कि चार घंटे के भीतर मंत्री शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। बता दें कि विजय शाह का एक वीडियो सामने आया था। जिसमें उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया था। उनके इस बयान को लेकर देशभर में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। मध्य प्रदेश के कई शहरों में कांग्रेस मंगलवार से ही प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस मंत्री शाह के इस्तीफे की मांग पर अड़ी है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने शाह को तत्काल कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग करते हुए पीएम मोदी को भी पत्र लिखा है। इसी बीच अब जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान पर मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने एमपी के डीजीपी को विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए डीजीपी को 4 घंटे का समय दिया है। हालांकि इस बारे में कोर्ट का विस्तृत आदेश अभी

-शेष पृष्ठ दो पर



अदालत ने विवादित बयान पर लिया स्वत: संज्ञान



मप्र हाईकोर्ट ने डीजीपी को दिए कार्रवाई करने के निर्देश

## एयर स्ट्राइक में कई पाक एयरबेस तबाह




**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह किए थे। प्राइवेट कंपनी मैक्सार के सैटेलाइट ने इन तबाह एयरबेस की फोटोज जारी की हैं। मैक्सार ने पाकिस्तान के जिन एयरबेस की फोटोज जारी की हैं, उनमें सरगोदा, नूर खान, भोलारी और सुक्कुर के एयरबेस हैं। फोटोज में साफ देखा जा सकता है कि हमले के पहले और बाद में वहां क्या स्थिति थी। सात मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बाद पाकिस्तानी गोलाबारी में आर्मी के 6 और बीएसएफ के दो जवान शहीद हो चुके हैं, 59 घायल हैं। इसके अलावा 28 सिविलियंस की भी जान गई है।

## JNU ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा

### भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से किया इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार (एमओयू) खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा कि हम देश के साथ खड़े हैं।

वहीं, भारत ने चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ और तुर्की के सरकारी मीडिया टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट पर से बैन हटा लिया। दोनों अकाउंट सिर्फ 5 घंटे ब्लॉक रहे। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप था। भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच भारतीय व्यापारियों में तुर्की के रुख को लेकर नाराजगी है। दिल्ली, यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक व्यापारियों ने तुर्की के सामान का विरोध किया है। इसकी वजह तुर्की का पाकिस्तान को समर्थन देना है। भारत के व्यापारी तुर्की से बड़ी मात्रा में सेब मंगाते हैं। इस बीच भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से इन्कार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्की से सालाना 1200 करोड़ रुपये का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल है। गाजियाबाद के एक व्यापारी ने बताया, तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। इसी वजह से हमने फैसला लिया है कि तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। एक अन्य व्यापारी शादाब खान ने बताया कि हमने तुर्की के हर सामान का बायकाट किया है। सेब के अलावा तुर्की से हम कई सामान आयात करते थे। हमने ये फैसला इसलिए लिया, क्योंकि तुर्की, पाकिस्तान का सपोर्ट करता है।



■ कहा: हम देश के साथ हैं, तुर्की पाक को ड्रोन भेजता है?



## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय मानवाधिकार का प्रशिक्षण आज से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) युवा पीढ़ी में मानवाधिकारों के संवर्धन और संरक्षण की व्यापक समझ बढ़ाने के उद्देश्य से देश के दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए इस विषय में 'ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम' गुरुवार से शुरू करने जा रहा है। मानवाधिकार आयोग ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 80 छात्र-छात्राओं को चुना गया है। इसके लिए देश भर 1,795 आवेदन प्राप्त हुए थे। आयोग के महासचिव ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज औपचारिक रूप से उद्घाटन किया और विस्तृत कार्यक्रम की शुरुआत कल होगी।

### मणिपुर में 12 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस और सुरक्षाबलों के विभिन्न अभियानों में कथिततौर पर कई उग्रवादी संगठनों के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आज यहां बताया कि थौबल जिले के लिलोंग-पीएस के अंतर्गत लिलोंग नुनगेई इलाके में एक उग्रवादी को पकड़ा गया, जबकि बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग वार्ड नंबर 3 इलाके में एक-दूसरे अभियान में एक अन्य उग्रवादी को गिरफतार कर लिया गया। इस बीच राज्य पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के कोइरेंगेई काबुई खुल गेट से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उधर सुरक्षाबलों ने टेंग्नौपाल जिले के योंगखुल गांव से विभिन्न संगठनों के सात सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के वांगबल से एक अन्य उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया।

### शिवराज पूर्वोत्तर के तीन दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार से तीन दिन की पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और असम, मिज़ोरम एवं नागालैंड में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि दौरे के दौरान कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह किसानों तथा स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे। श्री चौहान 29 मई से शुरू होने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में राज्यों की सहभागिता पर भी चर्चा करेंगे।

### आंध्र में सिंचाई टैंक में पांच बच्चे डूबे

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में ब्रह्ममगरी मट्टम मंडल के मल्लेपल्ली गांव में सिंचाई टैंक में पांच बच्चे डूब गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) राजेंद्र प्रसाद ने मीडिया को बताया कि मृतक बच्चे चरण (15), पार्थसारथी (12), हर्षवर्धन (12), दीक्षित (12) और थारुण यादव (12) मंगलवार रात नहाने के लिए सिंचाई टैंक में उतरे और डूब गए। उन्होंने बताया कि माता-पिता और रिश्तेदारों ने बच्चों की तलाश की और आखिरकार सिंचाई टैंक के किनारे उनके कपड़े मिले। पुलिस ने बच्चों के शवों को टैंक में खोजने के लिए विशेषज्ञ तैराकों को लगाया। इसके बाद सभी पांच शवों को सिंचाई टैंक से निकाल लिया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए प्रोड्डातुर के जीजीएच में भेज दिया गया।

# पाक ने की थी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि हाल ही में सीमा पार से की गई गोलाबारी में अधिकतम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से जानबूझकर प्रयास किया गया। सीमा पार से गत सात मई से गोलाबारी शुरू हुई। गोलाबारी के चार दिनों में जम्मू-कश्मीर में पांच बच्चों सहित 21 नागरिकों की जान चली गई। पुंछ जिले में 15 लोग मारे गए, जहां पाकिस्तानी सेना की ओर से भारी गोलाबारी की गई थी।

बुधवार को बारामूला जिले के उरी में गोलाबारी प्रभावित इलाकों का दौरा करने पर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने नागरिक इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी की थी। अब्दुल्ला ने उरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दो से तीन दिनों के दौरान, उन्होंने (पाकिस्तान ने) नागरिक इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी की और ऐसा लगा कि वे जानबूझकर अधिकतम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे।



सीमा पार से जानबूझकर की गई गोलाबारी, पांच बच्चों सहित 21 नागरिकों की हुई मौत: उमर

उन्होंने संघर्ष विराम पर राहत व्यक्त करते हुए कहा कि शुक्र है कि दूसरी तरफ से डीजीएमओ ने फोन उठाया और बात की, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम हो सका। अभी तक सीमा और नियंत्रण रेखा पर शांति बनी हुई है। अब्दुल्ला ने संकट के प्रति प्रशासन की प्रतिक्रिया पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्षति का आकलन और राहत कार्य पहले ही शुरू हो चुका है और आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इसमें समय लगेगा, लेकिन हम सुनिश्चित करेंगे कि प्रभावित लोगों का पुनर्वास हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवासियों के बीच बढ़ते डर के देखते हुए व्यक्तिगत तौर पर बंकरों की फिर से उठी मांग उठी है। उन्होंने कहा कि लोगों ने हाल के वर्षों में बंकरों के बारे में सोचना बंद कर दिया था, लेकिन पिछले कुछ दिनों ने सभी को याद दिलाया है कि सीमा पर स्थिति कितनी खराब हो सकती है। चाहे वह जम्मू हो या कश्मीर की तरफ, मैं जहां भी गया, लोगों ने सामुदायिक बंकरों की बजाय व्यक्तिगत बंकरों की मांग की। सबसे पहले हम तुरंत राहत प्रदान करेंगे। फिर हम केंद्र सरकार से बात करेंगे और गोलाबारी से प्रभावित सभी क्षेत्रों के लिए बंकरों की व्यवस्था करेंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि भारत ने इस लड़ाई की शुरुआत नहीं की। पहलगाम में हमारे निर्दोष लोगों पर हमला किया गया। हमले में 26 लोगों की जान चली गई। मैंने पहले दिन से ही यह कहा है। अगर वहां से बंदूकों की आवाज शांत हो जाती हैं, तो यहां से भी गोलियों की आवाज अपने आप शांत हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने गोलीबारी में जान गंवाने वाली नरगिस बेगम के परिवार के प्रति भी संवेदना व्यक्त की और कहा कि कोई भी शब्द उनके दुख या फिर इस त्रासदी की भयावहता को व्यक्त नहीं कर सकता।

### स्वदेशी जागरण मंच ने की तुर्की पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच ने पाकिस्तान को तुर्की के सैन्य समर्थन की निंदा करते हुए आर्थिक प्रतिबंध, उड़ान प्रतिबंध और पर्यटन बहिष्कार का आह्वान किया है। जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अश्विनी महाजन ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि तुर्की पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएं और गैर-आवश्यक आयातों को प्रतिबंधित करें साथ ही संगमरमर, रसायन और मशीनरी जैसी प्रमुख तुर्की वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगाएं जाए। तुर्की के लिए सीधी उड़ानों को अस्थाई रूप से निलंबित किया जाना चाहिए और विमानन 'कोडशेयर' विशेषाधिकारों को रद्द किया जाए। भारतीय पर्यटकों को तुर्की यात्रा के लिए हतोत्साहित किया जाए।

# महिलाएं राफेल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में क्यों नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया है कि अगर महिलाएं भारतीय वायुसेना में राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती हैं, तो फिर वे सेना की कानूनी शाखा में शीर्ष पदों पर क्यों नियुक्त नहीं हो सकतीं? सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने 8 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है और केंद्र सरकार के जवाब के बाद पीठ अपना फैसला सुना सकती है। पीठ ने दो महिला अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी की याचिका पर फैसला सुरक्षित करते हुए यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि जज एडवोकेट जनरल की परीक्षा में उनकी चौथी और पांचवीं रैंक आई थी, इसके बावजूद उनसे कम रैंकिंग वाले पुरुष अधिकारियों की नियुक्ति की गई।



केंद्र से सुप्रीम कोर्ट ने किया सवाल

याचिका में कहा गया है कि विभाग में सिर्फ छह पद निकले थे, जिनमें से महिलाओं के लिए तीन ही रिक्तियां थीं। सुनवाई के बाद जस्टिस दत्ता ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से पूछा कि अगर भारतीय वायुसेना में महिलाएं लड़ाकू विमान राफेल उड़ा सकती हैं, तो फिर सेना की जज एडवोकेट जनरल पदों पर ज्यादा महिलाओं को शामिल करना क्यों मुश्किल है?

# जेवर में लगेगी छठी सेमी कंडक्टर इकाई

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्र सरकार ने एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के जेवर में 3706 करोड़ रुपये के निवेश से एक और सेमी कंडक्टर इकाई की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह इकाई 2027 में उत्पादन शुरू कर देगी। उन्होंने बताया कि देश में पांच सेमीकंडक्टर इकाईयों का निर्माण चल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में शुरू किए गए भारत सेमी कंडक्टर मिशन में जेवर में विकसित होने वाली इस छठी इकाई के साथ भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम है। ये यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक संयंत्र स्थापित करेंगे। यह संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के



पीएम की बैठक के बाद सूचना मंत्री ने बताया

लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा। इस संयंत्र को 20,000 वेफर्स प्रति माह के हिसाब से तैयार किया गया है। इसकी उत्पादन क्षमता तीन करोड 60 लाख चिप प्रति माह होगी। इस संयंत्र में दो लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि सेमी कंडक्टर उद्योग पूरे देश में आकार ले रहा है। देश भर के कई राज्यों में विश्व स्तरीय संयंत्र स्थापित हो चुकी हैं। देश में 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप में छात्र और उद्यमी नए उत्पादों के विकास के लिए विश्व स्तरीय नवीनतम डिजाइन प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में लैपटॉप, मोबाइल फोन, सर्वर, चिकित्सा उपकरण, बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है।

## भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना करते बोले योगी

# एक दिन आतंकवाद पाक को भी निगल लेगा

**लखनऊ, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए उन्होंने बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया।

योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया औरप्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों, नौजवानों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो, तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70.75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है। आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा। योगी ने कहा कि खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में वीभत्स व बर्बर घटना को अंजाम दिया था, जिसकी निंदा देश-दुनिया ने की थी, लेकिन आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान व उसके आका मौन रहे।



जवानों के कारण भारत ने पाक के हौसले पस्त किए, सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं होगा

### प्रमाण के बाद भी बाज नहीं आया पाक

योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया। पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई। सभी ने भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य का लोहा माना। पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु व नौसेना के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को भी संदेश दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों के सम्मान में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है। यह तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यूपी में आज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो रहा है।

### मिलावटखोरी सामाजिक अपराध

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध' करार देते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिससे किसी भी प्रकार का समझौता अक्षम्य होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त व निर्णायक कार्रवाई की जाए। ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिन्हित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं, ताकि जनता भी उन्हें पहचान सके और समाज में उनके प्रति नकारात्मक संदेश जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि तेल, घी, मसाले, दूध, पनीर जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच यथासंभव उत्पादक इकाई पर ही की जाए। दूध व दुग्ध उत्पादों की विशेष रूप से सघन जांच के लिए समर्पित टीमें बनाई जाएं, जो लगातार निगरानी रखें। साथ ही पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर इस पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन का स्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ होना चाहिए। योगी को बताया गया कि राज्य में खाद्य एवं औषधि प्रयोगशालाओं के नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्व में कार्यरत छह प्रमुख मंडलों के अलावा अब अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, कानपुर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और देवीपाटन मंडलों में भी नई प्रयोगशालाएं और कार्यालय स्थापित किए गए हैं। लखनऊ, गोरखपुर और झांसी में प्रयोगशाला भवनों का उच्चीकरण किया गया है। साथ ही, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी में तीन आधुनिक माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गई हैं, जिनमें सूक्ष्मजीव, प्रोटोजोआ, विषाणु, जीवाणु, माइक्रोटॉक्सिन्स तथा अन्य रोगकारक जीवों की जांच संभव हो पाई है।

## अर्थ व्यापार

# अप्रैल में महंगाई घटने से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

देश में इस वर्ष अप्रैल में खुदरा और थोक महंगाई घटने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में और कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.34 अंक छलांग लगाकर 81,330.56 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत उछलकर 44,327.28 अंक और स्मॉलकैप 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,978.95 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4125 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2855 में लिवाली जबकि 1121 में बिकवाली हुई, वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2960 कंपनियों के शेयर रखें गए।



इनमें से 2183 तेजी जबकि 694 गिरावट रही, वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। अनाज और शाक-सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में गिरकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई।

इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 4.83 प्रतिशत रही थी। इसी तरह खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट और ईंधन की दरों में नरमी से अप्रैल में देश की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई मार्च के 2.05 प्रतिशत घटकर तेरह माह के निचले स्तर 0.85 पर आ गई। निवेशकों को महंगाई में गिरावट से आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। इससे बीएसई में बैंकिंग की 0.34 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली का ज़ोर रहा।

इस दौरान धातु 2.46, कमोडिटीज 1.49, सीडी 0.77, ऊर्जा 1.23, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.63, इंडस्ट्रियल्स 1.73, आईटी 1.37, दूरसंचार 1.14, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.86, कैपिटल गुड्स 1.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.16, तेल एवं गैस 1.46, पावर 0.73, रियल्टी 1.71, टेक 1.20, सर्विसेज 0.37 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.38 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार में मिलाजुअल रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 2.30 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.86 प्रतिशत चढ़ गया।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालें महंगी

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 105 रिंगिट उबलकर 3934 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट गिरकर 51.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान



चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 150 रुपये, दाल चना 150 रुपये, मसूर दाल 100 रुपये, मूंग दाल 200 रुपये, उड़द दाल 100 रुपये और अरहर दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8450-8550 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# बीजेपी के मंत्री ने किया सोफिया व नारी का अपमान: अखिलेश

**लखनऊ।** भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए बयान के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है और इसे हर नारी और सेना का अपमान बताया है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मप्र बीजेपी के एक मंत्री का अति निंदनीय बयान केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी ही नहीं, बल्कि देश की हर नारी और सेना का अपमान है। ये महानुभाव सदैव से भाजपाई और उनके संगी-साथियों की 'नारी विरोधी' सोच के मुखपत्र रहे हैं। कुछ वर्षों पहले इन्होंने ही देश की एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के कार्य में बाधा डाली थी। बीजेपी की 'नारी शक्ति वंदन अभियान' जैसी झूठी घोषणाओं का सच ऐसे लोगों के दुष्विचार खोल देते हैं। ऐसे लोग मंत्री तो क्या, किसी गली-मोहल्ले तक के भी जन प्रतिनिधि नहीं बनने चाहिए। सवाल ये है कि इन्हें बीजेपी वाले स्वयं हटाएंगे या इनके खिलाफ एकजुट नारी शक्ति और जनता। बता दें कि बीजेपी नेता और एमपी सरकार के मंत्री विजय शाह ने कथित तौर पर कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक टिप्पणी की थी। उनके इस बयान को लेकर काफी हंगाम हुआ । मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भी लिखा था। कांग्रेस नेता ने कहा था कि मप्र बीजेपी सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की वीरांगना कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर किया गया घृणित और राष्ट्र-विरोधी बयान, न केवल एक गंभीर अपराध है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बड़बोले मंत्री....** सामने नहीं आया है संज्ञान और एफआईआर के निर्देश देने के बाद कांग्रेस ने कहा कि शाह को भाजपा से भी बाहर करना चाहिए। कांग्रेस नेता अरुण यादव ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने मंत्री विजय शाह के भारतीय सेना और राष्ट्रधर्म निभाने वाली भारतीय बेटी कर्नल सोफ़िया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान को सेना के अपमान, उसकी अस्मिता और मनोबल को गिराने वाला माना है, लिहाजा अब आवश्यक हो गया है कि सरकार माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर करे। अरुण यादव ने आगे कहा कि यदि भाजपा में नैतिकता और देश के लिए कुर्बानी देने वाले भारतीय सेना के प्रति दिली सम्मान है, तो विजय शाह को भाजपा से भी तत्काल प्रभाव से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इससे पहले पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल विजय शाह के खिलाफ एफआईआर कराने भोपाल के श्यामला हिल्स थाने पहुंचा था। हालांकि, यहां शिकायत दर्ज की गई, एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं।

# ट्रम्प के खुलासे पर मोदी क्यों हैं मौन: कांग्रेस



सऊदी में ट्रम्प ने सार्वजनिक कार्यक्रम में किया खुलासा: रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खुलासे के बाद भी आम तौर पर मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का अमेरिका के दबाव के सामने चुप्पी साधना हैरान करता है।

कांग्रेस ने कहा है कि ट्रम्प ने खुलासा किया है कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए ब्लैकमेल कर मजबूर किया है। ट्रम्प ने तब एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की जानकारी भी दी थी। पार्टी संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि कुछ दिन पहले हमें पाक के साथ युद्धविराम की जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति से मिली थी। अब कल सऊदी अरब में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को इस युद्धविराम के लिए मजबूर किया और ब्लैकमेल किया। इस खुलासे के बारे में आम तौर पर अत्यंत मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का क्या कहना है। क्या उन्होंने अमेरिकी दबाव के सामने भारत के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया।

### संसद का विशेष सत्र बुलाने का कोई औचित्य नहीं: जदयू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक जनता दल-यूनाइटेड ने बुधवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और सिंदूर अभियान पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की मांग का कोई औचित्य नहीं है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने यहां कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और भारतीय सेना की कार्रवाई पर विपक्ष संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। विपक्ष चाहता है कि इस पूरे प्रकरण पर व्यापक स्तर पर चर्चा होनी चाहिए। प्रसाद ने कहा कि विपक्ष की इस मांग का कोई औचित्य नहीं है। सरकार इस संबंध में सर्वदलीय बैठक बुलाकर पूरी जानकारी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि देश के वरिष्ठतम राजनेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शरद गुट के अध्यक्ष शरद पवार ने भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग को अव्यवहारिक बताया है। गौरतलब है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पहलगाम आतंकवादी हमले और सैन्य कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

## ग्रामीण की मौत से परिवार मे कोहराम, सहारनपुर से भोपा की ओर आ रहा था मृतक यामीन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** नगर के अलग-अलग दो थाना क्षेत्रों में दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहे है। एक घटना मंडी क्षेत्र के पचैंडा बाइपास पर हुई जहां अण्डों से भरी गाडी में टक्कर मार दी गई जिसमें चालक की मौके पर मौत हो गई और दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन को अपने कब्जे में किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना शाहपुर बुढ़ाना मार्ग पर हुई जहां रेहड़े चालक को बुलेट ने तेज टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया जहां उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

भोपा थाना क्षेत्र के निवासी 54 वर्षीय यामीन पुत्र रफीक कस्बे के ही पीरू उर्फ वहीद की गाड़ी पर चालक है। पीरू उर्फ वहीद का अण्डों का बड़ा कारोबार है बताया जाता है कि मंगलवार की सवेरे यामीन जनपद सहारनपुर के गंगोह के गांव नंगला की ओर से मैक्स गाड़ी में अण्डे लादकर मुजफ्फरनगर की ओर आ रहा था जैसे ही वह दिल्ली देहरादून हाईवे पचैंडा बाइपास पर पहुंचा तो अचानक अण्डे से लदी गाडी का एक्सल टूट गया। गाडी बीचों-बीच खडी हो गई और यामीन की सूचना पर अण्डों का कारोबारी पीरू उर्फ वहीद उसका बेटा उस्मान 28 वर्ष व दूसरा युवक 22 वर्षीय उम्मेद यहां पहुंचे और दूसरी गाडी में अण्डे लादने की तैयारी करने लगे। सबसे पहले उन्होंने बीचो-बीच खड़ी गाड़ी को किनारे लगाया इसी बीच दिल्ली की ओर से आई मरसडीज गाड़ी ने यामीन, उस्मान व उम्मेद को टक्कर मारकर ऊपर उछाल दिया और तीनों को कुचलती हुई आगे निकल गई। घटना के बाद गाडी मौके पर ही रूक गई और घायलों को अस्पताल ले जाने से पहले ही यामीन की सांसे थम गई, जबकि उस्मान व उम्मेद को जिला अस्पताल से गंभीर हालत में रैफर कर दिया गया।

वहीं दूसरी ओर खालापार कोतवाली क्षेत्र के मुगल गार्डन के निकट रहने वाले 60 वर्षीय भूरा पुत्र कमरूद्दीन पडौस के ही फर्नीचर शोरूम पर मजदूरी करता है। बीती रात वह अपने ठेले में फर्नीचर लादकर गांव सांझक गया था जब वह रात्रि करीब नौ बजे वापस लौट रहा था तो अचानक उसका रेहडा खराब हो गया और वह अपने ठेले को पैदल-पैदल शहर की ओर ला रहा था।

इसी बीच वह तेज गति से आए बुलेट सवार भूरे को टक्कर मार दी जिससे वह दूर जाकर गिरा और वही लहूलुहान हो गया। बताया जाता है कि मृतक भूरा काफी देर तक खून से लथपथ अवस्था में वहीं पड़ा रहा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके मोबाइल के आधार पर इसकी सूचना परिवार वालों को दी। कुछ ही देर बाद परिवार के लोग व फर्नीचर शोरूम के मालिक मौके पर पहुंच गए।

# परिजनों की लापरवाही बनी बच्चे की मौत का कारण

**पानी से भरे नीले ड्रम में डूब गया था बच्चा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढाना।** परिजनों की घोर लापरवाही एक डेढ़ साल के मासूम बच्चे की मौत का कारण बन गयी। पानी से भरे नीले ड्रम में मासूम बच्चा खेल के दौरान सिर के बल गिर गया और उसने दम तोड दिया। घटना को लेकर परिजनों में चीख पुकार मच गयी। हुआ यूं कि बुढाना कस्बे के मंदवाडा रोड के निवासी आस मौहम्मद पुत्र महमूद अंसारी का लगभग डेढ़ साल का बेटा अबू बकर अंसारी बीती मंगलवार के दिन घर के आंगन में अकेला ही खेल रहा था। घर में रखे नीले ड्रम में पानी भरा हुआ था।

सभी परिजन दोपहर का खाना खाकर सो गये थे। तभी खेलने के दौरान अबू बकर नीले ड्रम में सिर के बल गिर गया। तब कुछ ही देर बाद अबू बकर अंसारी की अम्मी किसी काम से कमरे से बाहर आई और अपने पुत्र को आवाज दी तो अबू बकर उसे कहीं दिखाई नहीं दिया। तब उसने नीले ड्रम में देखा तो उसका बच्चा अबू बकर सिर के बल नीले ड्रम में पडा था तो उसने चीख मारी।

चीख सुनकर उसका पति आस मौहम्मद और पड़ोसी मौके पर आए तो देखते ही उनका माथा ठनक गया। अबू बकर को तुरंत ड्रम से निकालकर मौहल्ले के लोगों ने मौहल्ले में ही प्रेक्टिस करने वाले एक चिकित्सक को दिखाया तो उसने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

यह सुनकर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। अबू बकर को बीती मंगलवार की देर रात लगभग 10 बजे नम आंखों से कस्बे के कब्रिस्तान में सैंकडों लोगों की मौजूदगी में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उक्त घटना को लेकर पूरे मौहल्ले में भारी शोक बताया गया है।

# छह चौकियों पर नए इंचार्ज की तैनाती

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को दुरुस्त एवं अपराधिक घटनाओं पर अंकुश पाने के लिए जनपद की छह चौकियों पर नए इंचार्ज नियुक्त किए है। एसएसपी ने पुलिस लाइन के सुनील नागर को जेल चुंगी इंचार्ज बनाया है और फरीद अहमद को भंडूर चौकी की कमान सौंपी। वहीं चरथावल से हिंडन चौकी और शेर सिंह को पुरकाजी से मेडिकल चौकी इंचार्ज बनाया है। दरोगा मूल चंद को जानसठ से मीरापुर चौकी, शिवचरण को ककरौली से जटवाडा चौकी, उधम सिंह को शाहपुर से हरसौली चौकी और उपनिरीक्षक अशोक कुमार को तितावी से लालूखेडी चौकी को कमान सौंपी है।




मुजफ्फरनगर: नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान।

# देश की बेटी कर्नल सोफिया पर दिए गए बयान की निंदा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** देश की बेटी व भारत पाकिस्तान जंग के दौरान हिंदू मुस्लिम एकता का गौरवपूर्ण चेहरा बनकर उभरी कर्नल सोफिया कुरैशी को मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा आतंकवादियों की बहन बताकर बयान देने की समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने निंदा करते हुए इसे एक देशद्रोही कदम बताते हुए मंत्री विजय शाह को तुरंत जेल भेजने तथा मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की है।

जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा कि देशभक्त मुस्लिम बेटी के प्रति भाजपा सरकार के मंत्री का ये बयान भाजपा व आरएसएस के दोहरे चरित्र को उजागर करता है। जिया चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ जंग में सभी दलों के साथ हिंदू मुस्लिम ने एकजुट होकर सरकार व अपनी सेना के साथ गर्व से खड़े रहने का स्पष्ट संदेश दिया, लेकिन भाजपा ने इस कठिन समय में भी हिंदू मुस्लिम के बीच भेद करके राजनीतिक रोटियां सेकने का प्रयास किया, जिसमें देश की सजग जनता ने एकजुट होकर उनकी मंशा को विफल किया।

अब भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह का कलंकित बयान भाजपा और आरएसएस के इसी दोहरे चरित्र को उजागर करता है। इस तरह के बयान देने वाले मंत्री को माफी नहीं, बल्कि मंत्रिमंडल से बर्खास्तगी के साथ देशद्रोह के मुकदमे में जेल भेजना चाहिए।

# रिजल्ट आने के बाद 12वीं का छात्र लापता, कम नंबर आने से था मायूस

**परिजनों में मचा हड़कंप, पुलिस को दी तहरीर**

शाह टाइम्स संवाददाता

**खतौली।** कस्बे में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 12वीं कक्षा के एक छात्र के परीक्षा परिणाम आने के बाद उसके लापता होने की खबर से परिजनों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि परीक्षा में अपेक्षा से कम अंक आने के कारण छात्र मानसिक रूप से परेशान था और इसी तनाव के चलते वह घर से निकल गया। जिसकी काफी तलाश की गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। लापता छात्र के मामा ने कोतवाली पर उसके गायब होने की तहरीर देते हुए छात्र की सकुशल बरामदगी की मांग की। गुरुवार को हाईस्कूल और इंटर सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट आया था। जहाँ रिजल्ट आने के बाद अच्छे अंकों से पास होने वाले छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। वहीं कुछ बच्चें फेल होने पर क्षुब्ध दिखाई दिए। बुधवार को रिजल्ट आने के बाद खतौली शिवपुरी निवासी संदीप के भांजे का रिजल्ट भी आया था, लेकिन परीक्षा में अंक कम आने से वह क्षुब्ध हो गया। जिसके बाद छात्र रिजल्ट आने के कुछ ही घंटों बाद वह बिना किसी को कुछ बताए घर से चला गया। जब देर रात तक छात्र की कोई खबर नहीं मिली तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से छात्र की तलाश की गई, जिसमें वह रात करीब 12 बजे एक चौराहे पर दिखाई दिया था। छात्र के मामा ने कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है और छात्र की तलाश जारी है। छात्र के परिजनों का कहना था कि छात्र का निजी कम्पार्टमेन्ट आई थी जिसके बाद छात्र को परिजनों ने कुछ नही कहा था। उसके बाद भी छात्र घर से निकल गया। छात्र के अचानक इस तरह लापता हो जाने से परिवार के लोगों में हड़कंप मचा हुआ था।

# खुब्बापुर छात्र थप्पड़ प्रकरण: पीड़ित छात्र की पढ़ाई को सुप्रीम कोर्ट ने की एडवाइजरी जारी

**मुजफ्फरनगर।** जिले के मंसूरपुर के गांव खुब्बापुर स्थित नेहा पब्लिक स्कूल में हुए थप्पड प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने बेसिक शिक्षा विभाग को एडवाइजरी जारी की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आदेश दिए कि पीड़ित छात्र का पूर्ण स्कूल खर्च और परिवहन खर्च बेसिक शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी होगी। बीएसए ने इस आदेश के बाद एनजीओ को जानकारी देकर इस वर्ष की फीस, कार्स सहित अन्य खर्च की धनराशि स्कूल में जमा कराने की बात कही है।

गौरतलब है कि मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव खुब्बापुर स्थित नेहा पब्लिक स्कूल में कक्षा एक के छात्र को प्रधानाचार्या तृप्ता त्यागी ने कक्षा के अन्य छात्र से थप्पड लगवाए थे। पहाडा नहीं सुनाए जाने पर अन्य छात्र से लगवाए गए थप्पड का वीडियो भी बनाया गया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। तुषार गांधी ने मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इसके बाद एक उच्च स्तरीय कमेटी पीड़ित छात्र की काउंसलिंग के लिए पहुंची। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर छात्र का दाखिला शहर के सीबीएसई बोर्ड के विद्यालय शारदेन पब्लिक स्कूल में कराया गया।

छात्र ने पिछले दो वर्षों में शारद..न से कक्षा दूसरी और तीसरी कक्षा उत्तीर्ण की, जिसके बाद वह अब कक्षा चार में पहुंच गया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि छात्र की पढाई, ड्रैस सहित परिवहन खर्च शिक्षा विभाग उठाएगा। हालांकि दो वर्षों में एक वर्ष शिक्षा विभाग ने खर्च वहन किया, लेकिन पिछले एक वर्ष से सईद मुर्तजा समा. जसेवी संगठन के संचालक सलमान सईद छात्र का खर्च वहन कर रहे हैं।

# एसडी कॉलेज बना आईआईटी रुड़की वर्चुअल लैब का नोडल सेंटर

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी के लिए यह एक गर्व का क्षण है कि एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को प्रतिष्ठित आईआईटी रुड़की की वर्चुअल लैब परियोजना के अंतर्गत एक नोडल सेंटर के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है।

इस उपलब्धि के लिए कॉलेज को आईआईटी रुड़की द्वारा आधिका. रिक प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है। यह वर्चुअल लैब्स परियोजना भारत सरकार के राष्ट्रीय मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के तहत संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य देशभर के छात्रों को रिमोट एक्सेस के माध्यम से उन्नत प्रयोगशालाओं का अनुभव प्रदान करना है। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने वर्चुअल लैब्स की मान्यता को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते



हुए कहा कि संस्थान को प्राप्त हुई यह मान्यता न केवल संस्थान के लिए सम्मान की बात है, बल्कि समस्त मुजफ्फरनगर क्षेत्र के लिए भी एक प्रेरणा है। यह कॉलेज की निरंतर प्रगति और गुणवत्ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को नवीनतम तकनीकी संसाधनों और राष्ट्रीय स्तर के प्लेटफॉर्म्स से जोड़ना है, ताकि वे वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें। यह वर्चुअल लैब नोडल सेंटर कॉलेज के छात्रों को वर्चुअल माध्यम से उच्च स्तरीय प्रयोगों और शोध कार्यों का अनुभव देगा। एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एक ऐसा संस्थान है जो छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत है। यह संस्थान तकनीकी शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र है जहां नवाचार मिलता है। संस्थान में संचालित विभिन्न कोर्सेज जैसे कि कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इनफारमेशन टैक्नोलोजी, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी. नियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, एमटेक (इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन) व एमबीए (फाइनेन्स, मार्केटिंग, एचआर, इनफारमेशन टैक्नोलोजी, ऑपरेशन मैनेजमेंट, इंटरनेशनल बिजनेस) में उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को उज्जवल बनाकर अपने सपनों को साकार कर सकते है। यहां शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और नेतृत्व का मार्ग बनती है। गहरी तकनीकी समझ, नैतिक मूल्यों, अनुसंधान और व्यवहा. रिक ज्ञान का संगम छात्रों को एक सक्षम, जागरूक और जिम्मेदार इंजी. नियर व नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि वर्चुअल लैब्स से छात्रों को रियल टाइम सिमुलेशन और प्रायोगिक अभ्यास का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी तकनीकी समझ और प्रैक्टिकल स्किल्स में बेहतरीन सुधार होगा। यह पहल छात्रों को केवल अकादमिक नहीं बल्कि इंडस्ट्री-रेडी बनाने में भी सहायक सिद्ध होगी। इस उपलब्धि के साथ एस.डी. कॉलेज एक बार फिर यह सिद्ध करता है कि वह तकनीकी शिक्षा में विश्वास, गुणवत्ता और नवाचार का प्रतीक है। हमारे संस्थान की पहचान न केवल एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था के रूप में है, बल्कि यह भी गर्व का विषय है कि यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले अनेक छात्र-छात्राएं आज देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। यह हमारे कॉलेज की गुणवत्ता, शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। जिनमें से कुछ आईएएस, आईपीएस जैसे प्रतिष्ठित पदों पर आसीन हैं, तो कुछ ने विदेशों में जाकर मल्टीनेशनल कंपनियों में ऊंचे ओहदे प्राप्त किए हैं। कई छात्र रिसर्च स्कॉलर के रूप में दुनिया की शीर्ष यूनिवर्सिटीज में काम कर रहे हैं। इन सभी उपलब्धियों से कॉलेज का नाम रोशन हो रहा है और यह प्रेरणा बन रहा है वर्तमान छात्रों के लिए। हमारे कॉलेज से शिक्षा प्राप्त छात्र-छात्राएं विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं।

# भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे तत्कालीन सीएमओ व लेखाकार

**पूर्व स्टाफ नर्स ने लगाए रिश्वत के गंभीर आरोप**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल की पूर्व संविदा स्टाफ नर्स रूबीना बेगम ने पूर्व सीएमओ डॉ. महावीर सिंह फौजदार और लेखाकार देवेंद्र शर्मा के खिलाफ मेरठ न्यायालय में वाद दायर किया है। मामले की सुनवाई 23 मई को होगी।

2022 में इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में रूबीना को एक महिला से पैसे लेते हुए दिखाया गया था। रूबीना का कहना है कि यह पैसा टीवी खरीदने का था। इस वीडियो के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया और सात माह बाद उनकी संविदा समाप्त कर दी गई। रूबीना का आरोप है कि तत्कालीन सीएमओ और लेखाकार ने वीडियो को रिश्वत का मामला बताकर उन्हें निलंबित किया। उनका कहना है कि बहाली के लिए उनसे 8 लाख रुपये मांगे गए और पैसे न देने पर संविदा समाप्त कर दी गई। रूबीना ने यह भी आरोप लगाया कि नियमों के विपरीत पांच सदस्यीय कमेटी के बजाय सिर्फ दो एसीएमओ से जांच कराई गई।

वीडियो में दिख रही महिला को मरीज बताया गया, जबकि अस्पताल के रजिस्टर में उसका कोई रिकॉर्ड नहीं था। दूसरी तरफ, पूर्व सीएमओ डॉ. फौजदार का कहना है कि रिश्वत का वीडियो उप मुख्यमंत्री तक पहुंचा था और उन्हीं के आदेश पर कार्रवाई की गई थी। उन्होंने रूबीना के आरोपों को निराधार बताया है। रूबीना ने जिला स्वास्थ्य समिति में बहाली का प्रस्ताव रखा था, जो निरस्त हो गया था।

# माइक्रो टीचिंग में एक शिक्षक बाहर

**साक्षात्कार के लिए 35 अध्यापक चयनित**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) की परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद डाइट में माइक्रो टीचिंग हुई। माइक्रो टीचिंग के लिए लिखित परीक्षा में पास हुए 36 शिक्षकों में एक शिक्षक बाहर हो गया। अब शुक्रवार को होने वाले एआरपी के साक्षात्कार में 35 शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रतिभाग करेंगे, जिसमें मुख्य रूप से सीडीओ बैठेंगे। एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) की परीक्षा ओएमआर सीट के माध्यम से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्राचार्य संजय रस्तोगी के नेतृत्व में हुई थी। इस परीक्षा में 66 शिक्षक-शिक्षिकाओं को पंजीकरण था, लेकिन परीक्षा के समय 18 शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल नहीं हुए थे। इसके बाद 48 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने परीक्षा में भाग लिया। बीएसए संदीप कुमार के शहर से बाहर होने के कारण डाइट प्राचार्य ने डीसी सुशील कुमार को पास और फेल शिक्षकों की संख्या का ब्यौरा सौंप दिया था। बीएसए के लौटने के बाद डाइट में लिखित परीक्षा में पास 36 शिक्षकों की वीडियो ग्राफी के साथ माइक्रो टीचिंग हुई, जिसमें से एक शिक्षक और बाहर हो गया। इसके बाद 35 शिक्षकों का चयन सीडीओ के सामने होने वाले साक्षात्कार के लिए हुआ। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि साक्षात्कार के लिए 35 शिक्षक चयनित हुए है, जो शुक्रवार को विकास भवन में एआरपी पद के साक्षात्कार में भाग लेंगे। इस परीक्षा में 12 शिक्षक लिखित परीक्षा में फेल होने के कारण पहले चरण में बाहर हो गए है। साक्षात्कार में सफल शिक्षकों को एआरपी बनाया जाएगा। एआरपी साक्षात्कार के लिए अंग्रेजी विषय से केवल एक ही शिक्षक है।

# धारदार हथियार से युवक पर हमला

**मीरापुर।** ग्राम नरसिंहपुर चुडियाला निवासी संजय कुमार पर मंगलवार की शाम धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। संजय कुमार पुत्र राजपाल बारात में ग्राम अटेरना गया हुआ था। बारात के दौरान ग्राम पचेंडा, थाना निराना मुजफ्फरनगर निवासी प्रिंस के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बारात के लौटने के बाद मंगलवार को देर शाम जब संजय अपने घर से बाहर निकला, तभी प्रिंस अपने साथियों मोहित, शोभित एवं रोहित के साथ वहां पहुंचा और संजय पर लाठी, डंडो, तबल व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में संजय के सिर में गंभीर चोटें आई। पीड़ित के भाई विपिन ने इस मामले की लिखित शिकायत थाना मीरापुर में दी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बर्ड फ्लू के खतरे से बाहर 'हैदरपुर वेटलैंड'

**सीवीओ और वन विभाग के अधिकारियों ने किया निरीक्षण**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा जल प्लावित क्षेत्र हैदरपुर वेटलैंड में वन्य पक्षियों एवं माइग्रेटरी बर्ड्स में किसी प्रकार की बीमारी अथवा सामूहिक अधिक मृत्यु दर संबंधी घटना की जानकारी करने हेतु वन विभाग के कार्मिकों के साथ भ्रमण किया गया।

आज प्रदेश में बर्ड फ्लू के अलर्ट के क्रम में जनपद मुजफ्फरनगर के जल प्लावित क्षेत्र हैदरपुर वेटलैंड में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा वन्य पक्षियों एवं माइग्रेटरी बर्ड्स में किसी प्रकार की बीमारी अथवा सामूहिक अधिक मृत्यु दर संबंधी घटना की जानकारी करने हेतु वन विभाग के कार्मिकों के साथ भ्रमण किया गया। पक्षियों में कोई बीमारी और सामूहिक मृत्यु दर अवलोकित व सूचित नहीं हुई। वन विभाग के कार्मिकों को सतत निगरानी हेतु निर्देशित किया गया तथा विभागीय पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी निरंतर प्राकृतिक जल स्रोतों की निगरानी एवं मुर्गी फार्म का भ्रमण कर बीमारी के संबंध में जागरूकता व रोकथाम के उपाय का प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया।

# सिरफिरे समाजसेवी ने ड्राइवर से लगवाए थप्पड़

**मुजफ्फरनगर।** छुट्टी मांगने पर एक ड्राइवर को यातनाएं देने का मामला सामने आया है। ट्रांसपोर्टर चालक के हाथों से ही उसके गाल पर जबरन थप्पड़ मरवा रहा है और वायरल हो रही वीडियों में गाली गलौच की आवाज भी आ रही है। हालांकि यह मामला यूनियन में दर्ज कराया गया है और पीड़ित चालक मनोज यादव कानपुर का रहने वाला बताया गया है वह ईसाफ मांग रहा है। ट्रांसपोर्टर द्वारा दी गई यातनाए का वीडियों सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें ऑफिस में खड़े एक ट्रक चालक से जबरन गालियां देकर थप्पड़ गाल पर मरवाएं जा रहे है यह ऑफिस ट्रांसपोर्टर का बताया गया है और ड्राइवर को करीब बीस थप्पड़ मारने के लिए जबरन मजबूर किया गया। यह यातनाएं मनोज यादव को इसलिए दी गई कि वह अपने परिवार से मिलने के लिए छुट्टी मांग रहा था।



मुजफ्फरनगर: भीषण गर्मी में छाता ही सहारा।

# यूडीओ की बैठक में उर्दू के प्रचार-प्रसार पर जोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन की मासिक बैठक डॉ. शमीम उल हसन की अध्यक्षता में बदरुज्जमाँ खान के आवास पर आयोजित हुई। बैठक का संच. ालन सचिव शमीम कस्सार ने किया। बैठक में पिछले महीने पारित किए गए एजेंडों पर चर्चा हुई और उर्दू के प्रचार-प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विचार-विमर्श हुआ। जिला अध्यक्ष कलीम त्यागी,

सेवानिवृत्त एजीएम बीएसएनएल हाजी शकील अहमद ने कहा कि हम सभी अपने घरों पर उर्दू भाषा में नाम की तख्ती जरूर लगवाएं ताकि अन्य लोग भी इससे प्रेरणा लें और उर्दू का माहौल बने। हाजी सलामत राही व शमीम उल हसन ने कहा कि इसी सप्ताह बाजार में दुकानदारों से मिलकर उर्दू में भी बोर्ड लगवाने की मुहिम चलाई जाएगी।

जिला उपाध्यक्ष डॉ. सलीम सलमानी डॉ. फरुख हसन और नदीम मलिक ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश उर्दू भाषा में लिखने पर जोर दिया और कहा कि हमारे लोग ही इस पर अमल नहीं कर पा रहे हैं, तो हम दूसरों को क्या कह सकते हैं। मई के अंत या जून के पहले सप्ताह में एक मुशायरा आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई। उप-कोषाध्यक्ष शहजाद त्यागी ने कहा कि उर्दू प्यार और मोहब्बत की भाषा है। बैठक में डॉ. सलीम सलमानी, शहजाद त्यागी, मास्टर इम्तियाज अली, मोहम्मद साजिद खान, मोहम्मद आजम खान, चाँद मियाँ मौजूद रहे।

# संप्रेक्षण गृह में रह रहे तीन किशोरों ने की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण

**मुजफ्फरनगर।** राजकीय संप्रेक्षण गृह में रह रहे तीन किशोरों ने की यूपी व सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण की है। संरक्षण गृह के प्रबंध समिति ने इन किशोरों का हौसला अफजाई करते हुए बधाई दी है। उधर गत दिवस राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर में प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें गर्मी के मौसम के दृष्टिगत प्रबंधन समिति द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण भी किया गया। संस्था प्रभारी को निर्देश दिए गए कि कक्षों/कमरों के सामने बरामदे को दोपहर के समय पूर्ण रूप से कवर किए जाएं एवम दोपहर के समय कूलर अवश्य चलाये जाएं। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार, संस्था प्रभारी मोहित कुमार, प्रबंधन समिति सदस्य डा. राजीव कुमार, मंजू शर्मा, विकास वर्मा, हेमलता व मनोज कुमार आदि ने प्रतिभाग किया गया।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड
एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सैंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए
पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# रहस्य बनी कोचिंग सैंटर संचालक की मौत से छाई निराशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** यूसुफपुर स्थित कोचिंग सेंटर के संचालक प्रसिद्ध कॅरियर कोच अन्नू चौधरी की मौत जहां रहस्य बनी हुई है। वहीं मौत के बाद क्षेत्र मे निराशा का माहौल बना है।अनेक युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल कर चुके कोच अन्नू चौधरी की मौत से परिजनों सहित क्षेत्रवासियो को गहरा मानसिक आघात पहुंचा है। अन्नू चौधरी की मौत क्षेत्र मे चर्चा का विषय बनी हुई है।

मृतक अन्नू चौधरी मुज़फ्फरनगर के शान्ति नगर कॉलोनी मे परिवार संग निवास करते थे। अन्नू चौधरी भोपा के निकट यूसुफपुर गांव मे अन्नू क्लासेस के नाम से कोचिंग सेंटर संचालित करते थे।

बीते पांच मई की दोपहर लगभग दो बजे अन्नू चौधरी सेंटर पर जाने के लिये मुज़फ्फरनगर से निकले थे। शाम पांच बजे के लगभग उनकी बाइक, मोबाईल, जूते व बुक्स आदि क्षेत्र के निरगाजनी झाल के पास गंगनहर पटरी के पुरकाजी मार्ग पर पड़े मिले थे। जहां खेत मे काम कर रहे किसान ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। जिसके बाद लापता अन्नू चौधरी की तलाश गंग नहर शुरू कर दी गयी थी।वहीं बीते रविवार की शाम अन्नू चौधरी का शव क्षेत्र की गंग नहर से बरामद हुआ था। मृतक की पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के बाद सनसनी फैल गयी थी। जब पोस्ट मार्टम रिपोर्ट मे मृतक के शरीर पर गोली लगने का घाव पाया गया।सोमवार को पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए असलाह की तलाश गंग नहर मे शुरू कर दी थी। गोताखोरो द्वारा घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद एक देशी पिस्टल को नहर से उस स्थान से बरामद किया गया जहां पांच मई को अन्य सामान मिला था। पुलिस ने अन्नू की मौत को लेकर आत्महत्या का संकेत दिया तो परिजन हत्या की जांच की मांग कर रहे हैं।वहीं क्षेत्र के अनेक युवाओं के भविष्य को रोशन वाले प्रसिद्ध कॅरियर कोच अन्नू चौधरी के परिवार मे मौत का अंधेरा छा गया है। रहस्य बनी अन्नू चौधरी की मौत को लेकर क्षेत्र मे चर्चाएं जारी हैं।

# एसएफ डीएवी स्कूल का सीबी एसई दसवीं के शत् प्रतिशत परीक्षाफल के साथ छात्रों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**मंसूरपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही एस. एफ डी. ए. वी. के छात्र छात्राओं के चेहरे खिल गये। इस वर्ष विद्यालय के 55 छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा दी तथा सभी छात्र अच्छे अंको से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के इन छात्र छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, शिक्षक एवं माता- पिता को गौरवान्वित किया। अयंत तवंर ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, वर्णिका तथा अनुभव राठी ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान, शिफा त्यागी ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान, आर्यन गोयल 922 प्रतिशत अंक प्राप्त करके चतुर्थ तथा अब्दुल आहद ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पंचम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय अपितु शिक्षक एवं माता- पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहने में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम पवार तथा सभी अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के शत् प्रतिशत परिणाम पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम पवार ने कहा कि विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने परिश्रम एवं लगन से अध्ययन कर अच्छे अंक प्राप्त किये और भविष्य में ये छात्र इसी तरह परिश्रम कर विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।


ARYAN GOYAL 06/09/2023


ABDUL AAHAD 06/09/2023


AYANT TANWAR 06/09/2023


ANUBHAV RATHI 06/09/2023

## भक्ति और तपस्या से ईश्वर की प्राप्ति संभव : गोविंद बृजवासी

**मुजफ्फरनगर।** श्री श्यामा श्याम मंदिर में चल रही श्री राम कथा में बुधवार को कथा व्यास पं. गोविंद बृजवासी ने श्रीराम जन्म की कथा का प्रसंग सुनाया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुजन भाव विभोर होकर नाचने लगे। कथाव्यास पंडित गोविंद बृजवासी ने श्रीराम कथा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि अयोध्या में रघुकुल के राजा दशरथ उनकी पत्नी कौशल्या पिछले जन्म में राजा स्वयंभुव उनकी पत्नी शतरूपा थे। उन्होंने श्री हरि विष्णु की कठिन तपस्या की, जिससे भगवान श्री हरि ने उनको वरदान मांगने को कहा राजा रानी ने भगवान से कहा आप हमारे यहां पुत्र रूप में जन्म लें। श्री हरि ने उनको अगले जन्म में पुत्र रूप में जन्म का वरदान दे दिया।

## भाकियू का हरिद्वार में तीन दिवसीय किसान महाकुंभ 16 जून से

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन का जून माह में 16 जून से तीन दिवसीय किसान कुंभ हरिद्वार में आयोजित होने जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय अधिवेशन के तहत चिंतन शिविर का आयोजन जाएगा। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भाकियू जिलाध्यक्ष हरिद्वार विजय शास्त्री गढ़वाल, मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी और युवा जिलाध्यक्ष लवकुश कुमार को अगले माह 16, 17 व 18 जून को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन चिंतन शिविर के विषय में दिशा निर्देश दिए हैं। बुधवार को जिला हरिद्वार से जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष सैकड़ों पदाधिकारीयों टिकैत निवास सर्कुलर रोड पर चौधरी राकेश टिकैत से मिलने पहुंचे। राकेश टिकैत ने दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि 15 जून 2025 से सभी को जिम्मेदारी दे दी जाएगी और सभी पदाधिकारी अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए वहां खान-पान की व्यवस्था चिकित्सा सुविधा व आराम करने के लिए उचित प्रबंध करेंगे। चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि हर वर्ष इसी माह हरिद्वार में किसान कुंभ का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय अधिवेशन चिंतन शिविर में पूरे वर्ष में संगठन द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा होती है। राकेश टिकैत ने कहा कि हरिद्वार जिले के एक शुगर मिल पर हरियाणा के किसानों का लगभग 50 करोड़ रुपये आज भी बकाया है। उत्तराखंड कोषाध्यक्ष सुकरामपाल सिंह, मुकेश कुमार, आकाश सचद. वा, विनोद तोमर, चमनलाल, आकाश चौ., चौधरी शक्ति सिंह, अभिषेक पाल, जतिन बलराम सिंह, योगेंद्र बालियान, नवीन कुमार, प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

## कैंप में ब्लड शुगर व आंखों के मरीजों की जांच की

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के 26वें स्थापना दिवस पर संगठन द्वारा वर्धमान जैन धर्मशाला, निकट चौड़ी गली बिजली घर नई मंडी पर वार्षिक नि:शुल्क आंखें का विशाल कैंप तथा लायंस क्लब उन्नति द्वारा सैकड़ों व्यक्तियों का निशुल्क ब्लड शुगर जांच कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान, डा. एससी कुलश्रेष्ठ, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, उद्योगपति गौरव स्वरूप, पूर्व चेयरपर्सन अंजू अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन पंकज अग्रवाल, भीम सैन कंसल, राकेश बिंदल, अंकुर गर्ग, पूर्व विधायक अशोक कंसल, मनमोहन जैन आदि ने स्व. नेकीराम गर्ग के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित करके किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश युवा महामंत्री जयवीर सिंह एवं नगर महामंत्री सुमित गर्ग ने किया। कैंप में डा. स्वाति अग्रवाल द्वारा लगभग 300 ओपीडी और 38 मोतियाबिंद के ऑपरेशन के मरीज चौक किए गए।

## शादी की तैयारियों के बीच आरोपियों ने तुड़वा दिया रिश्ता

**भोपा।** भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव जौली मे फ़िल्मी अंदाज मे दबँगई दिखाकर युवती का टूट जाने का मामला प्रकाश आया है। जहां निवासी व्यक्ति ने थाने पर दी तहरीर मे बताया की उसकी पुत्री का रिश्ता कस्बा जानसठ निवासी युवक के साथ तय हुआ था और आगामी 17 मई को बारात आनी थी।शादी समारोह की सभी तैयारी पूर्ण हो चुकी थी।की बीते 11 मई को क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू व यूसुफपुर निवासी व्यक्तियों ने जानसठ वर पक्ष को आपत्तिजनक व भ्रामक बाते वीडियो वायरल करने आदि को कहकर भर्मित कर दिया जिससे पीड़ित की पुत्री का रिश्ता टूट गया। पीड़ित ने बताया की उसे पांच लाख का आर्थिक नुकसान होने के साथ साथ सामाजिक ख्याति को नुकसान हुआ है। वहीं आरोपी एक राय होकर सत्यम निवासी बेहड़ा थ्रू के साथ ज़बरदस्ती युवती की शादी की धमकी दे रहे हैँ। व अन्य कहीं शादी करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैँ। जिससे पीड़ित का परिवार भयभीत है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सत्यम व उसके पिता सोहनवीर निवासी बेहड़ा थ्रू तथा अंकित व शुभम निवासी यूसुफपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## बाइक सवार युवक को अज्ञात लोगों ने किया अधमरा

**बुढ़ाना।** मुजफ्फरनगर खालापार कोतवाली की किदवईनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के निवासी वसीम मंसूरी ने होश में आने पर बताया कि वह बीती 13 मई को जनपद बागपत के गांव पलड़ा से बाइक पर सवार होकर बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र को निकलकर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बड़ौदा स्टैंड पर पहुंचा तो कई अज्ञात बाइक पर सवार लोगों ने उसको घेर लिया और गाली गलौच करते हुए मारपीट करनी शुरु कर दी। उन्होंने उसे लाठी डंडों से सिर पर वार करते हुए खूब पीटा तो शोर सुनकर राहगीरों के रुकने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीडित वसीम ने इसकी शिकायत पुलिस से करते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# पूरी तहसील क्षेत्र में अनन्या संगल आई प्रथम

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के तहसील अध्यक्ष राज. ेश संगल की भतीजी और विकास संगल की पुत्री अनन्या संगल ने हाईस्कूल की परीक्षा में 96.08 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए मेपल्स एकेडमी बुढाना मे टॉप किया और वह बुढ़ाना तहसील स्तर पर भी नंबर एक पर ही रही। परिवार के सभी सदस्यों ने अनन्या संगल को शुभकामनाएं दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना ईश्वर से की। मिली जानकारी के अनुसार मेपल्स एकेडमी बुढाना की होनहार छात्रा अनन्या संगल के परिवार में खुशी का जबरदस्त माहौल है हो भी क्यों ना क्योंकि छात्रा अनन्या संगल ने हाईस्कूल की परीक्षा में बुढाना तहसील क्षेत्र में टाप करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। मंगलवार के दिन पूरे परिवार ने अनन्या का हौसला बढ़ाते हुए उसको सम्मानित किया। अनन्या का सपना सरक. ारी सर्विस में जाने का है। परिवार के सभी सदस्यों ने अनन्या संगल को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रा अनन्या ने बताया कि मेरी सफलता के पीछे जितना मेरे माता पिता, ताऊजी राजेश संगल का हाथ है उससेे कई ज्यादा हमारे गुरुजनों व हमारे बडे सर का है। मेरी इस सफलता पर विद्यालय परिसर में भी खुशी का माहौल रहा।



# कौशल सुधार हेतु 75 लाभार्थियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**मुजफ्फरनगर।** जिला ग्रामोद्योग विभाग के स्तर पर कौशल सुधार योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण हेतु जनपद को वित्तीय वर्ष 2025-26 में सामान्य वर्ग के 25 एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 50 कुल 75 लाभार्थियों का लक्ष्य मिला है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि 15 दिवसीय कौशल सुधार प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थियों को निर्धारित मानेदय के साथ-साथ प्रशिक्षण अवधि में प्रतिदिन चाय नास्ता/भोजन भी उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण की अवधि 15 दिन की होगी, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद स्तर/ब्लॉक स्तर/तहसील स्तर पर आयोजित किये जायेंगे। प्रशिक्षण के अन्तिम दिवस में प्रशिक्षार्थियों का असेसमेंट सेक्टर स्किल काउंसलर दिल्ली द्वारा कराया जायेगा, प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के लिए लाभार्थी की पात्रता आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होगी ।एक परिवार के एक सदस्य का चयन किया जायेगा। दिव्यांग, बीपीएल परिवार के सदस्य तथा महिला को प्रशिक्षण हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। ग्रामीण क्षेत्र/नगर पंचायत (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार जिनकी जनसंख्या 25000 हजार से अधिक न हो) के आवेदक ही उक्त प्रशिक्षण हेतु पात्र होंगे।

# प्रदर्शनी में बीबीए छात्रों के उत्पादों को मिली पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के बीबीए विभाग के अंतर्गत IiQAC सेल द्वारा संचालित ब्रेनिओक्स क्लब द्वारा छात्रों की रचनात्मकता, नवाचार और उत्पाद विकास की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक अभिनव गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने बताया कि यह मंच छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है, जिससे वे अपनी सोच को बाजार - योग्य उत्पादों में परिवर्तित कर सकते हैं। कार्यक्रम की समन्वयक प्राची ने आयोजन की योजना, उद्देश्य और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बीबीए विभाग के छात्रों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में अत्यंत अभिनव उत्पादों का निर्माण किया, जैसे खाद्य पदार्थ, सजावटी वस्तुएँ, तकनीकी नवाचार और पर्यावरण अनुकूल समाधान। खाने योग्य उत्पादों की श्रेणी में श्हर्बल एनर्जी ड्रिंक, मिलेट कुकीज, नेचुरल फ्रूट जैलीश, और श्ऑर्गेनिक स्मूदी पाउडर प्रमुख आकर्षण रहे। ये उत्पाद पूरी तरह से प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक थे, जिन्हें छात्रों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रयोगात्मक विधियों के आधार पर तैयार किया था। हर्बल ड्रिंक प्रोजेक्ट का नेतृत्व नमन जैन, वंश त्यागी और शिव त्यागी ने किया, जिन्होंने तुलसी, अदरक, नींबू और गिलोय जैसी आयुर्वेदिक सामग्रियों से एक पौष्टिक और स्वादिष्ट पेय तैयार किया।

सजावटी उत्पादों की श्रेणी में प्रिंस कुमार, वरुण राठी, शिवांग चुग, स्नेहा शर्मा, और सुरभि ने पुन: उपयोग में लाई जा सकने वाली वस्तुओं से सुंदर और पर्यावरण-मित्र सजावट सामग्री तैयार की। उनके बनाए हुए श्जूट वॉल हैंगिंग्स, रीसाइकल्ड बॉटल वासश, और पेपर लैम्प्स ने दर्शकों का ध्यान खींचा। यह पहल वेस्ट टू वंडर की अवधारणा पर आधारित थी, जिसमें पुराने और अनुपयोगी सामान को।

# ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के शौर्य राजवंशी ने पाया जिले में प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सी.बी.एस.ई. बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12 में शौर्य रघुवंशी ने विज्ञान वर्ग में 99.4: अंक प्राप्त करके विद्यालय व जिलें में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शैलजा तोमर 94.4: अंको के साथ द्वितीय स्थान एवं माही आत्रे 92.4: अंको के साथ तृतीय स्थान पर रही। वाणिज्य वर्ग में आर्यन गुलियान 92.6: अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान व निशांत कुमार 84.2: अंको के साथ द्वितीय स्थान तथा वंश चौधरी 83.6: अंको के साथ तृतीय स्थान पर रहा।

कक्षा 10 में अंशिका 96.2: अंको के साथ प्रथम स्थान पर रही। वहीं हर्ष शांडिल्य 95.8: अंको के साथ दूसरे स्थान पर एवं अवनी 94. 4: अंको के साथ तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय के शानदार एवं शत प्रतिशत रिजल्ट को देखते हुए विद्यालय के निदेशक पी. के. निर्वाल एवं प्रधानाचार्य डा. अर्जुन निर्वाल ने सभी वच्चों को आशीर्वाद एवं बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के शानदार सहयोग के लिए सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।




## केबिल फटने से कई गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव खरड के 35 केवी बिजली घर में बुधवार के दिन अचानक से विद्युत केबिल के फटने से हबीबपुर बिजली घर की सप्लाई बंद होने के कारण से आसपास के अनेक गांवों की बत्ती गुल हो गयी। उधर विद्युत कर्मी भी ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए विद्युत आपूर्ति बहाल करने में लग गये थे। समाचार लिखे जाने तक देर रात तक भी बिजली आपूर्ति बहाल ना होने पर हजारों ग्रामीणों का भयंकर गर्मी में बुरा हाल था।जब हबीबपुर बिजलीघर के विद्युत जेई से संपर्क करना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो सका था।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं 4343/28.04.2016 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे पुत्र का नाम आर्य जावला अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतू आवेदन पत्र विभाग मे प्रस्तुत किया गया है।

**राहुल चौधरी गांव नन्हेड़ा पोस्ट बसेड़ा, जिला मुज़फ्फरनगर मोबा. 8279439633**

## जान लेवा हमला कर मोबाइल मेकेनिक को किया घायल

**मोरना।** देर शाम दुकान से घर लौट रहे युवक पर पड़ोसियों ने धावा बोल दिया। धारदार हथियारों से हुई मारपीट मे युवक घायल हो गया। घायल को पुलिस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पीड़ित ने आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढाँसरी निवासी नवाब अली जानसठ मे मोबा. इल रिपेरिंग की दुकान करता है। बीते मंगलवार की शाम नवाब अली घर लौट रहा था। आरोप है की तभी पड़ोस के ही एक व्यक्ति ने अकारण ही गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों को बुला लिया लाठी डंडो आदि से नवाब के साथ मारपीट शुरू कर दी। नवाब जान बचाकर घर पहुंचा तो आरोपियों ने घर घुसकर मारपीट की शोर सुनकर आये ग्रामीणों ने नवाब की जान बचाई। मारपीट मे घायल हुए नवाब को पुलिस द्वारा उपचार के लिए भोपा के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजा गया जहां से गंभीर हालत मे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। पीड़ित ने आरोपियों से जान का खतरा जताते हुए कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

# सीबीएसई परीक्षा में लाल दयाल पब्लिक स्कूल, दयालपुरम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सीबीएसई बॉर्ड की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में लाल दयाल पब्लिक स्कूल, दयालपुरम के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं के विज्ञान वर्ग में वेदांशी विहान ने 90: अंक, श्रव्यागौर ने 82:, आदया ने 86: अंक प्राप्त किए। इन छात्राओं की मेहनत और लगन से विद्यालय गौरवान्वित हुआ है।

कक्षा 10 वीं के भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ऐंजिल ने 91: अंक, प्राप्त कर सभी को प्रभावित किया। जिया राना ने 89:, वंशिका ने 85:, आर्यन ने 81.5: कार्तिक ने 79: अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन कर्मवीर सिंह, डायरेक्टर तथा प्रधानाचार्या ममता दत्त शर्मा ने सभी छात्रों को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने विद्यालय के समस्त स्टाफ को भी इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का फल है। विद्यालय परिवार ने छात्रों को भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता की ऊंचाइयों को छूने की शुभकामनाएँ दीं।




## बीच पार्टी एवं पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी के प्रांगण प्राइमरी विभाग द्वारा एक अद्वितीय और सराहनीय कार्यक्रम बीच पार्टी एवं पेरेंट्स ओरिएंटेशन का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को एक सजीव बीच की थीम पर सजाया गया। जहां सेंड पिट मस्ती, सैंड आर्ट, जुंबा डांस और कई रोमांचक खेलों ने बच्चों और अभिभावकों को आनंद से भर दिया। इस अवसर पर लीड टीम द्वारा अभिभावकों के लिए एक जानकारी पूर्ण ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। जिसमें लीड एप्लीकेशन का कार्य प्रणाली प्रतियोगिता में सविता, दिव्या और ममता विजेता रही। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक राजीव गर्ग, प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा और उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि यह आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं था बल्कि एक नई शुरुआत थी। जहां शिक्षा, रचनात्मक और पारिवारिक जुड़ाव एक ही मंच पर साकार हुए। मेपल्स एकेडमी इसी प्रकार के नवाचारों से बच्चों की संपूर्ण शिक्षा को समृद्ध करता रहेगा।

## एसडी इंजी. बना आईआईटी रुड़की वर्चुअल लैब का नोडल सेंटर

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को प्रतिष्ठित आईआईटी रुड़की की वर्चुअल लैब परियोजना के अंतर्गत एक नोडल सेंटर के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि के लिए कॉलेज को आईआईटी रुड़की द्वारा आधिकारिक प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है। यह वर्चुअल लैब्स परियोजना भारत सरकार के राष्ट्रीय मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनएमईआईसीटी) के तहत संचा. लित की जा रही है, जिसका उद्देश्य देशभर के छात्रों को रिमोट एक्सेस के माध्यम से उन्नत प्रयोगशालाओं का अनुभव प्रदान करना है।इस अवसर पर संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने वर्चुअल लैब्स की मान्यता को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को नवीनतम तकनीकी संसाधनों और राष्ट्रीय स्तर के प्लेटफॉर्म्स से जोड़ना है, ताकि वे वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें। यह वर्चुअल लैब नोडल सेंटर कॉलेज के छात्रों को वर्चुअल माध्यम से उच्च स्तरीय प्रयोगों और शोध कार्यों का अनुभव देगा। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि वर्चुअल लैब्स से छात्रों को रियल टाइम सिमुलेशन और प्रायोगिक अभ्यास का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी तकनीकी समझ और प्रैक्टिकल स्किल्स में बेहतरीन सुधार होगा।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा लडका मौहम्मद ताहिर व उसकी पत्नी समरीन व दूसरा लडका शाहिद मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। इनका गलत लोगों के साथ उठना बैठना है। ये तीनो मेरे व मेरे अन्य परिवार वालों के साथ आये दिन गाली गलौच व मारपीट करते हैं तथा मौहल्ले व परिचितों से उधार लेते है,मांगने पर मारपीट करते है जिस कारण मैने उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा व मेरे परिवार का इनसे कोई सम्बन्ध नहीं है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**मौ. यासीन पुत्र स्व. सद्दीक निवासी- ग्राम सिकन्दरपुर थाना मीरापुर, जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या- 9652 दिनांक 25.09.2014 में गलती से माता का नाम आसमा अंकित करा दिया गया है, जबकि वास्तविक नाम आसमीन है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। संशोधन हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मौ गुलजार पुत्र जहूर अहमद निवासी सुभाष नगर सरवट मुज़फ्फरनगर उ. प्र. मो.न-9358665428**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या- 6273 दिनांक 27.05.2012 में गलती से नाम सहल अंकित कराया गया था, जबकि पुत्र का वास्तविक नाम मौ सहल है तथा भविष्य में भी उसे इसी नाम से जाना जायेगा। संशोधन हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मौ गुलजार पुत्र जहूर अहमद निवासी सुभाष नगर सरवट मुज़फ्फरनगर उ. प्र. मो.न-9358665428**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-8549 दिनांक 28.08. 2010 में नियमो की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम अंकित नही कराया गया। मेरे पुत्र का नाम मौ साद है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकृत किये जाने हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मौ गुलजार पुत्र जहूर अहमद निवासी सुभाष नगर सरवट मुज़फ्फरनगर उ. प्र. मो.न-9358665428**

# जीडी गोयनका स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

**मुजफ्फरनगर।** जी .डी. गोयनका विद्यालय के छात्रों कक्षा 10 वीं में उच्चतम अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय, अभिभावक एवं शिक्षकों का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया।

विद्यालय की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान श्रेया मुंद्रा ने 98.5% प्राप्त किया दूसरे स्थान पर दर्श जैन हैं 95.6 % अंकों के साथ एवं तीसरे स्थान पर हैं शगुन सेहरावत व् रोहान गोयल 93 प्रतिशत अंकों के साथ । विद्यालय के अन्य सभी होनहार छात्रों ने विषय अनुसार विभिन्न विषयों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुलभ गोयल ने उत्कृष्ट छात्रों के लिए छात्रवत्ति की घोषणा की जो इस प्रकार है-95% एवं इससे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक शुल्क पर 100% की छूट 20% से 94. 11% अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक शुल्क पर की 50% की छूट 85% से 89. 11% अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक शुल्क पर 25% की छूट प्रधानाचार्या डॉक्टर ऋचा तिवारी ने प्रबंधन समिति के इस प्रस्ताव को सराहा तथा छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि परिश्रम एवं लक्ष्य निर्धारण ही भविष्य की सफलता निश्चित करते हैं।



## आज करीब 3 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बुढ़ाना।** भाजपा सरकार की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत 33 केवीए लाइन के जर्जर विद्युत तार और पोल बदलने के कारण 4 उप केंद्रों की विद्युत आपूर्घति लगभग 3 घंटे तक बाधित रहेगी। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय विद्युत विभाग के एक्सईएन अजीत सिंह यादव ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह 7 बजे से लेकर सुबह 10 बजे तक जर्जर विद्युत तार और पोल बदलने का कार्य किया जाएगा। विद्युत वितरण क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भारत सरकार के द्वारा आरडीएसएस योजना शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य वितरण क्षेत्र में सुधार करके बिजली की आपूर्ति को बेहतर बनाना और ग्राहकों को अधिक ब्विवसनीय और किफायती सेवाएं प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत उपकेंद्र बिराल, परासौली, कुरालसी और डूंगर बिजलीघरों की आपूर्ति लगभग तीन घंटे तक बाधित रहेगी।

# बाबा मोहन राम मंदिर में निर्माण कार्य विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ज्येष्ठ माह की पावन बड़ी दौज के शुभ अवसर पर खतौली के सफेदा रोड स्थित श्री बाबा मोहन राम जी के मंदिर में लँटर डालने का कार्य पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस धार्मिक कार्य में क्षेत्रीय विकास पार्टी के अध्यक्ष राजवीर सिंह टीटू व उनकी धर्मपत्नी पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रलेखा ने भाग लिया। मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी राजपाल भटनागर, अजय मोतला, विशाल शर्मा, प्रशांत पंडित सहित अन्य सदस्यों ने पूजा सम्पन्न कर निर्माण कार्य आरंभ कराया। कार्यक्रम के दौरान अक्षय कुमार भुर्जी, नितिन भटनागर, शुभम र भटनागर, रवि हिरनवाल, दीपांशु राजपूत, नितिन प्रजापति, प्रेम भटनागर, सुंदर, सुनील ठाकुर, वैभव, अनुज राणा सहित अनेक श्रद्धालु एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।



# अशोका मार्केट की सड़क निर्माण को लेकर कॉलोनीवासियों का फूटा गुस्सा

शाहटाइम्स संवाददाता

**खतौली।** अशोका मार्केट में सड़क निर्माण को लेकर चल रहा विवाद बुधवार को शाम को एक बार फिर गरमा गया। नाराज कॉलोनीवासियों और सभासदों ने पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी का घेराव किया और जमकर हंगामा काटा। लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली लोग सड़क पर अतिक्रमण किए हुए हैं, जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य रुका हुआ है। वहीं हंगामे के बीच वार्ड सभासद ने सड़क का निर्माण न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी है।



बुधवार की देर शाम खतौली दुर्गापुरी और अशोक मार्केट नम्बर चार समेत दर्जनों लोगों ने नगर पालिका में पहुंच ईओ राजीव कुमार का घेराव का जमकर हंगामा काटा कॉलोनी वासियों और मार्केट वालों का आरोप था कि निर्माणाधीन सड़क पर राजनीति की जा रही है इसी राजनीति के दबाव में पालि. का काम कर रही है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है, जिससे सड़क निर्माण में लगातार बाधा आ रही है। लोगों ने अतिक्रमण हटवाने की मांग करते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की अपील की। वहीं पालिका प्रशासन पर राजनीति के दबाव में काम करने का भी आरोप लगाया गया। सड़क निर्माण को लेकर यह विवाद विगत दस महीनों से चला आ रहा है, लेकिन नगरपालिका कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाई है। कई बार वार्ता होने के बावजूद भी पालिका विवाद को सुलझाने में नाकाम साबित हुई है। वहीं वार्ड सभासद विकास कौशिक ने चेतावनी दी है कि यदि अतिक्रमण हटवाकर सड़क निर्माण के रूप में जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन कर आत्मदाह करने के लिए मजबूर होंगे। इस मुद्दे को लेकर अब गुरुवार को उपजिलाधिकारी संजय सिंह की उपस्थिति में एक अहम बैठक की जाएगी।

### राजनीतिक दबाव बना रोड़ा

कॉलोनीवासियों का कहना है कि पालिका प्रशासन राजनीतिक दबाव में आकर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। इससे स्थानीय जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और स्थानीय लोगों में जनप्रतिनिधियों और पालि. का प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश बना हुआ है।

## चीनी मिल में गन्ना डालने गए किसान के साथ मारपीट

**भोपा।** गांव कादीपुर निवासी किसान सौरभ तोमर ने बताया कि बीते 12 मई में की रात वह मोरना चीनी मिल में गन्ना डालने गया था।और टोकन लेकर लाइन में लगा हुआ था की तभी वहां पर गांव अथाई निवासी पिन्टू शर्मा ट्रेक्टर ट्रॉली लेकर आया और बिना टोकन लिये ही सौरभ तोमर के आगे ट्रेक्टर ट्रॉली आगे खड़ी कर दी। ऐसा करने से रोकने पर आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा फोन कर अपने पुत्र व भतीजे को भी बुला लिया। जहां तीनो ने मिलकर गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से सौरभ के साथ मारपीट करते हुए उसे जबरदस्ती घसीटकर अपने साथ ले जाने लगे। शोर सुनकर आये अन्य किसानों ने सौरभ की जान बचाई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरा. पी पिन्टू शर्मा व उसके पुत्र तथा भतीजे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# गोशाला में घायल गायों का नहीं हो रहा उपचार

शाहटाइम्स संवाददाता

**खतौली।** हाईवे के समीप स्थित गोशालाओं में घायल गायों की उपेक्षा को लेकर राष्ट्रीय गौ रक्षक दल ने नारा. जगी जताई है। सोमवार को दल के पदा. धिकारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए गौशाला संचालकों और चिकित्सक पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए।

राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के दर्जनों पदाधिकारियों ने बुधवार को तहसील पहुँच कर नारे बाजी करते हुए एसडीएम संजय सिंह को एक ज्ञापन सौंपते हुए हाईवे स्थित गौशाला संचाल. कों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। ज्ञापन में बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल गौवंश को गौशाला में उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है, जिससे उनकी हालत बेहद खराब हो रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि कई घायल गायें इलाज के अभाव में तड़प तड़प कर मर रही हैं, जिसमें अब तक दर्जनों गायों की मौत हो चुकी है। लेकिन गौशाला प्रशासन और चिकित्सक आँखें मूंदे बैठे हैं। इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए गौ रक्षक दल ने प्रशासन से जांच की मांग की है। वहीं गौरक्षक दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि गौशाला में दूसरे समाज के लोग काम करते है जिनसे गायों को खतरा बना हुआ है। गौ रक्षक दल के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि गौशाला में नियुक्त चिकित्सक लक्ष्मण सिंह द्वारा गायों का समुचित उपचार नहीं किया जा रहा है, जिससे कई घायल गायों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने इस मामले में चिकित्सक की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए इसे घोर लापरवाही बताया।



दल के पदाधिकारियों ने एसडीएम से मामले की तत्काल जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे आत्मदाह जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे। एसडीएम ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच का भरोसा दिलाया है। ज्ञापन देने वालों में अंकुर वत्स त्यागी, सुमित बजरंगी, विराट शर्मा, आकाश सैनी, विक्रम सैनी, अमित त्यागी, आदि मौजूद रहे।

## टयूशन से लौट रही नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के बाद मारपीट

**भोपा।** टयूशन से घर लौट रही नाबालिग के साथ युवक द्वारा छेड़छाड करने व शिकायत करने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव निवासी महिला ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री गांव में ही एक व्यक्ति से उर्दू भाषा का टयूशन पढ़ कर घर लौट रही थी रास्ते में एक युवक ने पुत्री के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी किशोरी ने घर आकर घटना की जानकारी परिजनों को दी परिजनों ने जिसकी शिकायत आरोपी के परिवार से की जिस पर आरोपी के परिवार के करीब आधा दर्जन लोगों ने पीड़िता के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।पीड़िता ने आरोपीयों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर बीआईटी संस्थान में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्शंस के भगवत इंस्टीटड्ट ऑफ टेक्नोलॉजी बी.आई.टी में भारतीय प्रज्ञान परिषद मेरठ के सहयोग से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे पूर्व प्राध्यापक, मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल, डॉ. रजनीश गौतम प्रोफेसर, डीएवी कॉलेज मुजफ्फरनगर, डॉ. भारती चौहान आरएसएम कॉलेज धामपुर, डॉ. नीरजा सिंह एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।

संस्थान के उपनिदेशक डॉ. अजय गुप्ता, सह निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, सीए दुष्यंत कुमार, डीन डॉ. अजय सिंह, नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. विजया, डी. फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. सचिन सिंघल, विभागाध्यक्ष डॉ. कावेन्द्र कुमार एवं इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष निकुल चौधरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सदानंद सप्रे, जो प्रज्ञा प्रवाह के पूर्व अखिल भारतीय संयोजक रहे हैं, ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में युवाओं की भूमिका, आज के तकनीकी युग में उनके दायित्व और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सरदार भगत सिंह, स्वामी विवेकानंद, वीर साव. रकर, कनकलता जैसी विभूतियों के जीवन प्रसंगों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन से सीखने की अपील की। कार्यशाला में छात्रों व शिक्षकों सहित उर्वशी, शालिनी कपूर, रिहाना अकबर भट, बृजेंद्र सैनी, तनु चौहान, रिया चौहान, यशवी, अंकुर चंद्र, खुशबू चौधरी, पुनीत कुमार, विकास कुमार सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सड़क सुरक्षा के लिए गो साइकिल, गो ग्रीन अभियान चलाया

**मुजफ्फरनगर।** दीपचंद्र ग्रेन चैंबर इंटर कॉलेज नई मंडी में भारत सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत गो साइकिल गो ग्रीन अभियान चलाया गया। जिसमें एक कला प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय में किया गया। जिसमें लगभग 156 बच्चों ने प्रतिभा किया। यह प्रतियोगिता (हरकु. लिस/बीएसए) साइकिल कंपनी के सौजन्य से की गई। टी आई साइकिल ऑफ़ इंडिया कंपनी से आशुतोष शुक्ला एवं साइकिल कंपनी के डीलर पंकज गर्ग गर्ग साइकिल वाले इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र को कंपनी की ओर से एक साइकिल पुरस्कार में दी गई एवं द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।इसके अतिरिक्त शेष 12



बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनका प्रोत्साहन किया गया। कंपनी से आये आशुतोष शुक्ला ने बच्चों को कंपनी के द्वारा सरकार के इस अभियान को गो साइकिल ग्रीन इंडिया से अवगत कराया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमान हुसैन द्वितीय स्थान मनीष कुमार एवं तृतीय स्थान लक्ष्यदीप ने प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद संगल ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संच. ालन अनिल कुमार शर्मा एवं अभिषेक जैन द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्सपर्ट एकेडमी में परीक्षा परिणाम को लेकर हर्ष और दावत का माहौल

**शाहपुर।** शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी नाम एक्सपर्ट एकेडमी में अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं का 10जी में 12जी सीबीएसई परीक्षा परिणाम उत्तम रहा। एक्सपर्ट एकेडमी में कक्षा 10जी में शिवांक ने 90: अंक प्राप्त किए। ईविका ने 77: और लव ने 76: अंक प्राप्त करके एकेडमी का नाम रोशन किया। एक्सपर्ट एकेडमी प्रांगण में बधाईयों का तांता लगा रहा और दावत और उल्लास का माहौल रहा। अभिभावक संदीप कुमार, सुमेर कुमार, प्रवीण कुमार आदि ने शिक्षण कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की। और शिवांक ने अपनी सफलता का श्रेय एक्सपर्ट एकेडमी के प्रबंधक प्रवीण कुमार, इंचार्ज नगमा सैफी, अध्यापक विशाल धीमान, राजेश कुमार व अध्यापिका प्राची बालियान आदि को दिया। जबकि कक्षा 12जी में पीयूष कुमार बालियान और अथर्व ने उत्तम प्रदर्शन किया। एक्सपर्ट एकेडमी प्रबंधक प्रवीण कुमार ने छात्र एवं छात्राओं को बधाई दी।

### भारतीय किसान यूनियन की बैठक आयोजित

**मीरापुर।** ग्राम केथोड़ा के भूम्मा रोड पर स्थित किसान यूनियन के ब्लाक सचिव मौ. तारिक के आवास पर यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की गई और हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही, भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों पर की गई कार्रवाई की सराहना की गई। विशेष रूप से कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह द्वारा आतंकियों पर किए गए साहसिक हमले की भी सराहना की गई। बैठक में ब्लॉक जानसठ उपाध्यक्ष हाजी महबूब आलम ने जानकारी दी कि 15 मई को किसान नेता स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत की 14वी पुण्यतिथि पर एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता हाजी लाइक अहमद ने की, जबकि संचालन डॉक्टर सरताज द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष योगेश बालियान, युवा ब्लॉक अध्यक्ष सोनू चौधरी, मुन्ना ठाकुर, हाजी कमरू, इरफान, सनाउल्लाह, नीरज बालियान, कृष्ण पाल, सुंदर पाल, गुलशेर मंसूरी, नसीम मंस. ूरी, शादाब सलमानी कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### खतौली के खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो में जीते गोल्ड

**खतौली।** ओपन नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप में खतौली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्टार ताइक्वांडो एकेडमी दयालपुरम के कुणाल, प्रिंस, सक्षम, तरुण, गोपाल, अभिनव, मयंक, आकिब ने प्रतिभाग किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किए। चौंपियनशिप नौ से 11 मई तक हरिद्वार में हुई। कोच आशुतोष ने उन्हें प्रशिक्षण दिया और उनकी सफलता पर बधाई दी। ये खिलाड़ी नगर एवं आसपास के गांवों के है।

### होनहार छात्र ने कस्बे का बढ़ाया मान

**भोपा।** कस्बा भोपा निवासी युवा समाजसेवी अमित वालिया के बेटे शांतनु वालिया एस डी पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर का छात्र है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शांतनु वालिया ने इंटर मीडिएट परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कस्बे का गौरव बढ़ाया हैं। शांतनु ने कक्षा 10 वीं में 97: अंक प्राप्त कर अग्रणी स्थान हासिल किया था। शांतनु वालिया व उसके परिवार को गणमान्य व्यक्तियों ने बधाई दी हैं।

### बुढ़ाना पुलिस पर लगे गंभीर आरोप

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस का एक कारनामा सामने आया है। जिसमें बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला भटवाड़ा निवासी एक युवक का बुढाना पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया था। आरोप है कि तब बुढ़ाना कोतवाली में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर ने युवक के परिजनों को बार बार कॉल करके उनसे सुविधा शुल्क की मांग की। उन्होंने मामले की जांच अपने पास बताते हुए पैसा नहीं देने पर परेशान करने की धमकी दी थी। उधर क्राइम इंस्पेक्टर ने पैसा मांगने की बात को निराधार बताया है।

### दयानंद इंटर कालेज में मनाया मातृ दिवस

**बुढ़ाना।** बड़ौत रोड पर स्थित शिक्षण संस्था दयानन्द इण्टर कालिज के छात्र छात्राओं ने मदर्स डे बड़े ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया। यहां पर सभी प्रताभागी छात्र छात्राओं ने ग्रीटिंग कार्ड और चार्ट के माध्यम से मां की ममता को उकेरा। इस अवसर पर विद्यालय में मातृ दिवस पर निबन्ध प्रतियोगिता एवं पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें बाद में सभी प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत एवं संचालिका उमेश सहरावत ने पुरस्कार देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के गणित के अध्यापक नरेश एवं अंग्रेजी प्रवक्ता संजीव ने मां के ऊपर अपनी मधुर आवाज में गीत सुनाकर बच्चों सहित सभी की आंखों को नम बना दिया। इस अवसर पर डाक्टर रश्मि आर्य, प्रधानाचार्य संजीव कुमार और सहायक अध्यापक सोनू कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री रिफा के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 10760 दिनांक 15/09/2023 में गलती से पिता का नाम शेर मौहम्मद लिखा गया था जबकि पिता का वास्तविक नाम **शेर मो (SHER MOHD)** है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

निवेदक
**शेर मो (SHER MOHD) पुत्र कामिल,** निवासी म0नं0 854/197, अम्बा विहार मु0नगर. 251002
मोब.- 9520186572.

# गौरव-अभि ने श्री चैतन्य टेक्नो का नाम किया रोशन

**बुढ़ाना।** श्री चौतन्य टेक्नो स्कूल बुढ़ाना की शानदार सफलता को देख स्कूल का स्टाफ, छात्र और छात्राएं काफी गदगद है। स्कूल के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के होनहार विद्यार्थियों की उत्कृष्ट परीक्षा का परिणाम बीते मंगलवार को घोषित हुआ तो खुशी की लहर दौड़ गयी। ये उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण व संस्थान के प्रेरणादायक नेतृत्व का प्रतिफल है।

हाईस्कूल टॉपर्स में छात्र गौरव कुमार ने 95 प्रतिशत अंक, छात्र शगुन सिरोहा ने 92.4 प्रतिशत अंक, छात्रा कुंजन ने 92 प्रतिशत, छात्रा अपर्णा ने 83.2 प्रतिशत अंक, छात्रा अंशिका ने 80.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जबकि इंटरमीडिएट टॉपर्स में छात्र अभि मलिक ने विज्ञान वर्ग में 96 प्रतिशत, छात्रा निधि रजियान ने विज्ञान वर्ग मे



94 प्रतिशत, छात्र यश मलिक ने कला वर्ग मे 93 प्रतिशत अंक, छात्रा राशिका मलिक ने आर्ट वर्ग मे 88 प्रतिशत, छात्रा वन्दना चौधरी ने वाणिज्य वर्ग मे 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। एजीएम जॉन वामशी कृष्णा, एग्जीक्यूटिव एजीएम विक्रम रेड्डी, एग्जीक्यूटिव डीन सनम, रीज़नल इंचार्ज कार्तिक गौर, जोनल डीन चंद्रशेखर, एकेडमिक डीन मोहित कुमार व अध्यापकों जिनके कुशल मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं नेतृत्व ने विद्यार्थियों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का काम किया।

## हमदिया ने होली एंजिल्स में पाये 96.4 प्रतिशत अंक



**मुजफ्फरनगर।** सीबीएसई दसवी कक्षा में हमदिया पुत्री मौहम्मद शुऐब निवासी गांव बझेडी, हाल रामपुरम ने 96.4 प्रतिशत अंक लाकर परिवार का नाम रोशन किया है। हमदिया हॉली एंजेल की छात्रा है। छात्रा की कामयाबी पर उसके दादा हाफिज आरिफ ने भी खुशी जाहिर की है।

## चौबीस हजार किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले अनुज कुशवाहा का भव्य स्वागत

**मीरापुर।** संपूर्ण भारत को एकता के सूत्र में बांधने का संकल्प लेकर पैदल यात्रा पर निकले अनुज कुशवाहा, निवासी कुशीनगर गोरखपुर का मीरापुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

अनुज अब तक लगभग 24,000 किलोमीटर की यात्रा तय कर चुके हैं और मंगलवार को बिजनौर से प्रस्थान कर शाम 4 बजे मीरापुर पहुंचे। मीरापुर के पडाव चौक पर स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में कस्बे के समाजसेवी, युवा नेता व गणमान्य नागरिक शामिल रहे। इस अवसर पर अनुज ने बताया कि वह अखंड भारत का संकल्प लेकर निकले हैं और उनका उद्देश्य है पूरे देश को एक झंडे के नीचे एकजुट देखना। वह भारत के कोने-कोने में पैदल यात्रा कर रहे हैं और राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी यह यात्रा कश्मीर में जाकर समाप्त होगी, जिसमें लगभग आठ महीने का समय और लगेगा।

वह रोजाना कई किलोमीटर पैदल चलते हैं और रास्ते में जहां रात्रि हो जाती है, वहीं रुकते हैं। मीरापुर में उन्होंने बिजली घर परिसर में रात्रि विश्राम किया। बुधवार सुबह अनुज मीरापुर से मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुए, जहां से उनकी यात्रा आगे जारी रहेगी। विदाई के समय भाजपा नेता प्रदुमन शर्मा, महेश शर्मा, प्रतीक शर्मा, आमिर हसन, रणवीर, अंकित गुप्ता, अरुण मेहरा और दीपक समेत कई लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। अनुज हाथ में तिरंगा लेकर चल रहे हैं और उनका यह साहसिक एवं प्रेरणादायक प्रयास देशवासियों को राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश देने वाला है।

# पुरकाजी कंपोजिट विद्यालय में स्मार्ट क्लास देखकर डीएम गदगद

**पुरकाजी।** मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा मंगलवार के दिन दोपहर औचक निरीक्षण करने कस्बा पुरकाजी के कंपोजिट विद्यालय में पहुंच गए डीएम मुजफ्फरनगर ने वहां पर संचालित हो रही स्मार्ट क्लास कक्षाओं का निरीक्षण किया तो सरकारी विद्यालय में प्राइवेट स्कूलों से भी ऊपर लेवल की स्मार्ट क्लास देखकर खुश हुए स्मार्ट क्लास के अंदर नगर पंचायत पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारुकी के द्वारा बोर्ड फंड से स्मार्ट बोर्ड के रूप में 75 इंच की अत्याधुनिक एलईडी स्क्रीन बच्चों की पढ़ाई के लिए उपलब्ध कराई गई है ताकि छात्र छात्राओं को आधुनिक शिक्षा आधुनिक ज्ञान अत्याधुनिक शिक्षा प्रणाली द्वारा दिया जा सके जिला. धिकारी मुजफ्फरनगर ने स्मार्ट क्लास के अंदर मौजूद शिक्षिकाओं एवं



छात्र-छात्राओं से उनके स्तर के सवाल भी किए बच्चों ने संतुष्टिपूर्ण जवाब दिए जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर ने स्मार्ट क्लास में पढा रही शिक्षिकाओं से कहा कि आपको क्लास में प्राइवेट स्कूलों से बहुत ऊपर की सुविधाएं हैं जो पूरे प्रदेश में शायद ही कही सरक. ारी स्कूल में हो अब आप और अच्छी तरीके से बच्चों को पढघइए उनके भविष्य को संवारने वाली पढाई पढाइए। जनपद मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा मंगलवार की दोपहर अचानक पुरकाजी के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में पहुंच गए अचानक जिलाधिकारी के पहुंचने पर स्कूल स्टाफ स्तब्ध हो गया जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर ने कंपोजिट विद्यालय में बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा और सुविधाओ का निरीक्षण किया तो जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर पुरकाजी के सरकारी विद्यालय की स्थिति देखकर गदगद नजर आए और पुरकाजी चेयरमैन द्वारा बनाई गई स्मार्ट क्लास में जाकर न केवल छात्र-छात्राओं एवं शिक्षिकाओं से सवाल जवाब किया बल्कि स्मार्ट क्लास में बडी एलइडी स्क्रीन और फर्नीचर तथा स्कूल की साफ सफाई एवं अन्य सुविधाओं को देखकर स्कूल में अतुल्य योगदान देने वाले पुरकाजी के चेयरमैन जहीर फारूकी की जमकर तारीफ भी की जिलाधिकारी ने बच्चों से पूछा इतनी भी स्क्रीन पर पढकर कैसा लग रहा है ।

# सर्वाधिक अंक लाकर विद्यालय का किया नाम रोशन

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल रोहाना रोड सिथत किड्स हैवन पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने इस वर्ष के बोर्ड परीक्षाओं में अनुकरणीय प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक सत्य प्रकाश धीमान, संस्थापिका सुश्री सुनीता धीमान चेयरमैन डॉ सुनील कुमार प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने आज सभी मेधावी छात्र-छात्राओं सहित अभिभावकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।विद्यालय संस्थापिका ने कहा,यह सफलता हमारे छात्रों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल कायम कर रहे हैं। मैं सभी



विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देती हूँ। चेयरमैन डॉ सुनील कुमार ने अपने संदेश में कहा,विद्यालय हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और चरित्र निर्माण पर बल देता आया है। हमारे विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि समर्पण और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। हम उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना करते हुए इन्हे बधाई देते हे। विद्यालय कोऑर्डिनेटर सविता धीमान कक्षा अध्यापक मंजर अली अमित कौशिक एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अचीवर्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

**मुजफ्फरनगर।** XII CBSE के प्राप्त नतीजों में अचीवर्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपना जलवा कायम रखा। एकेडमी के डायरेक्टर सौरभ आर्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सौरभ आर्य ने बताया कि एकेडमी की छात्रा अदिति गर्ग ने 98.6: अंक लाकर HACS को टॉप किया है। अवनि मित्तल ने 98.2: अंक लाकर टॉप किया। ऐंजल शर्मा ने 98: अंक लाकर M G W V को टॉप किया। आन्या अग्रवाल ने 96.4: अंक लाकर MGPS को टॉप किया। जैसिका ग्रोवर ने 97: अंक लाकर Shardain esa II Rank प्राप्त की। गोविंद गर्ग ने 96.2: अंक SDPS esa II Rank प्राप्त की। गणित में संयम बठला ने 100 में से 100 अंक लाकर एकेडमी को गौरवान्वित किया। नंदिनि गोयल ने गणित मैं क्दै में सर्वाधिक 99 अंक प्राप्त किए। आन्या अग्रवाल ने गणित में MGPS में सर्वाधिक 98 अंक प्राप्त किए। ऐंजल शर्मा ने गणित में MGWV में सर्वाधिक 98 अंक प्राप्त किए। अवनि मित्तल ने गणित में । सर्वाधिक 98 अंक प्राप्त किए। सौरभ आर्य ने बताया कि Science Stream o Commerce Stream (Core & Applied डंजी) दोनों के ही अधिकांश टॉपर्स अचीवर्स एकेडमी के ही छात्र हैं। इससे पहले प्राप्त रिजल्ट में JEE Main में अवनि मित्तल ने 99.67



Percentile, गर्व तायल ने 99. 11. Percentile, अभित मुखिजा ने 98.52 Percentile, आदित्य कुमार ने 97.61 Percentile, आन्या अग्रवाल ने 97.13 Percentile प्राप्त की। प्राप्त की। कई विद्यार्थियों ने VIT o CET EÜam Clear किया। अचीवर्स एकेडमी में अध्यापकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनकी आने वाली परीक्षाओं के लिए उनका मार्गदर्शन कर डवजपअंजम किया।

# मदर्स डे पर प्रतिभावान बच्चों को बांटे पुरस्कार

**मुजफ्फरनगर।** फारूक मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मदर्स डे का आयोजन किया गया साथ ही अपनी कक्षा में रैंक हासिल करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छोटे छोटे बच्चों ने माँ का आभार जताने वाले अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत हस्सान और फरहान ने तिलावते कलाम पाक से की, इसके बाद सिदरा ग्रुप,आयशा, साद, रज़िया, शिफा, आलिया और अन्य बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति दी। अमन, अलीज़ा, माहिरा, अब्दुल सुबहान, अरीबा, साद,उज़ैर,समरा,मोहम्मद कादिर, साकिब मंसूरी,ज़ियान,शीबा परवीन,हुमैरा,सिदरा नाज़ और सायबा ने अपनी अपनी कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। हुमैरा, सनाया, अनाबिया रानी, फ़ाइज़ा अंसारी, उम्मे हानी, वली आकिब खान, हुमेरा, सबा रानी, शान मौ, ईशान, उवैस, अन्हा बानो, जैनब, ईशा, अयान ने कक्षा में द्वितीय स्थान



प्राप्त किया। मोहम्मद हम्माद, माहिरा अयाज मलिक, इब्राहिम जैनब, असद, मरियम मोहम्मद बिलाल, मुबश्शिरा, नमरा रानी, आमना, मुदस्सिर, लुकमान, जुवेरिया, अलीशा और इकरा ने अपनी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जब तहसीन अली असारवी साहब ने बच्चों को इनाम देकर उनकी हौसला अफजाई की। माइनॉरिटी स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष जनाब हाजी जफरयाब खान ने बच्चों को ऊंची तालीम दिलाने पर ज़ोर दिया। स्कूल के संस्थापक जब मंज़ूर अली व स्कूल प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिफ ने पूरे स्टाफ को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रोग्राम को कामयाब बनाने में स्कूल स्टाफ रेशमा खान, सानिया यासमीन जीनत मुस्कान तरन्नुम का सहयोग रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# यमुना में समा गए खुरगान के दो किशोर

**गर्मी से निजात पाने को यमुना में नहाने के लिए गए थे दोनों दोस्त**

**हादसे से मृतक के परिजनों में मचा कोहराम, गमगीन माहौल में शवों को किया गया सुपुर्द-ए-खाक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गर्मी में निजात पाने को यमुना में नहाने के लिए गए दो किशोरों की गहरे पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से मृतक किशोरों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बाद में दोनों मृतकों के शवों को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

खादर क्षेत्र के गांव इस्सापुर खुरगान निवासी अफनानद्ध14ऋ, मुस्तफाद्ध15ऋ व सोहिल आपस में दोस्त थे। तीनों गांव के ही एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ते थे। बताया जा रहा है कि बुधवार को छुट्टी के पश्चात दोपहर करीब एक बजे तीनों दोस्त गर्मी से निजात पाने के उद्देश्य से नहाने के लिए यमुना पर चले गए। सोहिल किनारे पर बैठ गया, जबकि अफनान व मुस्तफा नहाने के लिए यमुना के अंदर चले गए। इसी दौरान यमुना में नहा रहे दोनों किशोर गहरे पानी में डूबने लगे। दोनों को डूबते हुए देखकर बाहर बैठे सोहिल ने शोर





मचा दिया, लेकिन आसपास किसी व्यक्ति के न होने के कारण दोनों किशोर यमुना के गहरे पानी में समा गए। इसके पश्चात, सोहिल ने गांव में पहुंचकर दोनों किशोरों के परिजनों व अन्य ग्रामीणों को घटना के बारे में बताया। आनन-फानन में किशोरों के परिजन व ग्रामीण भारी संख्या में यमुना पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने यमुना नदी में डूबे किशोरों की तलाश शुरू की। काफी देर की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों किशोरों को यमुना से बाहर निकालकर शामली के निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया।

जहां पर चिकित्सकों ने दोनों किशोरों को मृत घोषित कर दिया। किशोरों की मौत से मृतकों के परि. जनों में कोहराम मच गया। मृतक अफनान सात भाई-बहन बताए गए है, जिनमें अफनान भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक अफनान के पिता जमशेद खेती-बाड़ी का कार्य करते है। वहीं, मृतक मुस्तफा भी छह भाई-बहन थे। मुस्तफा भी अपने भाइयों में सबसे छोटा बताया गया है। मुस्तफा के पिता की करीब एक वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। बाद में दोनों मृतकों के शवों को गांव के निकट स्थित कब्रिस्तान में गमगीन माहौल के बीच सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

## दहेज के लिए विवाहिता को दिया तीन तलाक, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने दहेज के लिए परेशान करने तथा तीन तलाक दिए जाने के आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसके देवर ने चाकू की नोक पर उसके साथ बलात्कार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नौंधना निवासी रुकसाना पुत्री जमशेद का कहना है कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद कासिम निवासी नूरपुर के साथ हुई थी तथा उसके दो पुत्र है। पीड़िता का कहना है कि शादी के समय उसके पिता ने लगभग दस लाख रुपये खर्च कर अपनी हैसियत से भी अधिक काफी दान दहेज दिया था। लेकिन आरोप है कि उक्त दहेज से उसके ससुराल वाले सन्तुष्ट नहीं थे और दहेज में सेंट्रो कार सहित घर की महिलाओं के लिए सोने के जेवर व 2 लाख रुपये की मांग कर रहे थे।

# ट्रक ने बाइक को रौंदा, महिला की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे गांव टपराना के निकट गोल चक्कर पर पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से पीछे बैठी महिला की ट्रक के नीचे कुचले जाने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक टक्कर लगने से दूर जा गिरा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

गांव अजीजपुर निवासी युवक अजमल अपनी माता बतूल पत्नी हसरत उम्र करीब 45 वर्ष को साथ लेकर घर के लिए समान लेने बाइक द्वारा शामली जा रहा था। युवक ने बताया कि जब वह मेरठ करनाल हाईवे स्थित गांव टपराना के निकट गोल चक्कर पर पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रैफिक की वजह से वह गोल चक्कर पर ही रुक गया तो पीछे से आए ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी माता बतूल ट्रक की चपेट में आकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक ने बताया कि वह टक्कर लगने से बाइक सहित दूर जा गिरा, जिससे उसकी उसकी जान बच गई। पुलिस मौके पर पहुंची तथा ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भिजवा दिया। महिला की मौत की सूचना से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। मृतक महिला का पति दिहाड़ी मजदूरी का कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। मृतका के पुत्र अजमल ने ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## अकेली पाई किशोरी के साथ की छेड़छाड़, पुलिस पर युवकों को छोड़ने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में ग्रामीणों ने दो किशोरों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि किशोरी के परिजनों से तहरीर नहीं दी है। किशोरों को सुपुर्दगी में दिया गया है।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव में मंगलवार की देर रात्रि दो किशोरों ने किशोरी को अकेला पाकर छेड़छाड़ की घटना कर दी।किशोरी ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस को मौके पर बुलाकर उन्हें सौंप दिया।जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों परिजनों के संग चौकी पर पहुंचे और हंगामा करने लगे। लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने चौकी प्रभारी के चौकी पर नहीं होने का हवाला देकर ग्रामीणों को टरका दिया।

जिसके बाद चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे तो परिजन भी ग्रामीणों के संग वापस आ गए। परिजनों ने पूरी घटना पुलिस अधिकारी को बताई लेकिन शिकायती पत्र नहीं दी। वही चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि किशोरी के परिजनों ने तहरीर नहीं दी जिस कारण से मुकदमा दर्ज नहीं हो सका और किशोरों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# नाले की पाइपलाइन बार-बार चौक हो जाने का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज अपने निरीक्षण में पिछले कई वर्षों से उधोग बन्धु की बैठक में उधोग बन्धुओं द्वारा औद्योगिक स्थान से पूर्वी यमुना नहर तक 03 किलोमीटर तक की नाले की पाइपलाइन बार-बार चौक हो जाने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आज औद्योगिक स्थान कण्डेला पुलिस चौकी से राजमहल तक नाले का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने



औद्योगिक क्षेत्र में ओपन नाला की सफाई कराने के निर्देश अपर मुख्य अधिकारी पंचायत को दिए साथ ही टिटौली में खुले नाले की सफाई के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। निरीक्षण में एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, कैराना स्वप्निल कुमार यादव, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक वार्ष्णेय,अपर मुख्य अधिकारी पंचायत नईम अहमद, आशीष जैन, अशोक बंसल, अंकित गोयल, अमित जैन, आशीष अग्रवाल अपूर्व जैन, आदि उद्यमी मोजूद रहे।

## एक नजर

### विभिन्न मामलों में दो को अर्थदंड

**शामली।** वर्ष 1998 में अभियुक्त पप्पन पुत्र वीर सिंह निवासी मौहल्ला ताड़वाला थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएसड़ी शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 1,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। वहीं 2007 में अभियुक्त मुस्तफा पुत्र सईद निवासी ग्राम करमू खेड़ी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा अधिनियम पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएसड़ी शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए न्यायालय उठने तक सजा व 1,200/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### एक एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित वारण्टी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 1 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 1 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त राहुल पुत्र रफल सिंह निवासी ग्राम किशोरपुर थाना थानाभवन जनपद शामली है।

### शादी अनुदान योजना का लाभ उठाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी, शामली रीतू रस्तोगी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जातिध्जनजाति एंव सामान्य वर्ग के व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजना संचालित है। जिसके अन्तर्गत आवदेक को 20,000/- रूपये की धनराशि दिए जाने का प्राविधान है। वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद शामली को अनुसूचित जातिध्जनजाति के 219 एंव सामान्य वर्ग के 178 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पात्रता की शर्तें- 1. योजना के अन्तर्गत आवेदक की आय गरीबी की सीमा के अन्तर्गत होनी चाहिए अर्थात शहरी क्षेत्र में 56,460 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, 2. वृद्धावस्था पेंशन निराश्रित विधवा पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन पाने वाले आवेदको को आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। यदि आवेदक बी.पी.एल. सूची में है तो सम्बन्धित सूची की छायाप्रति, 3. अनुसूचित जनजाति जनजाति वर्ग के आवेदकों को तहसील द्वारा आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र का क्रमांक अंकित करना अनिवार्य है, 4. विवाह हेतु किए गए आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। 5. योजनान्तर्गत आवे. दन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है, 6. एक परिवार के अधिकतम 2 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा।

### पीर बेहराम शाह के मजार पर बुधवार से मेला प्रारंभ, दूर-दराज से पहुंचेंगे अकीदतमंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव बिडौली सादात में बुधवार से बिडौली पीर पर मेले का आयोजन शुरू हो गया है। मेले में पहुंचे जायरीनों ने मजार पर जियारत कर मन्नत मांगी। बिडौली पीर पर हर वर्ष भरने वाला यह मेला क्षेत्र में आस्था और अकीदत के लिए प्रसिद्ध है, जहां दूर-दराज से जायरीन अपनी मन्नतें लेकर आते हैं।दरगाह के सज्जादानशी ने बताया कि यह मेला कई वर्षों से लगातार भरता आ रहा है। माना जाता है कि जब बिडौली सादात एक समृद्ध और आबाद शहर हुआ करता था, तभी से पीर बेहराम शाह का मजार यहां मौजूद है। बताया जाता है कि सन 1905 में आए भीषण सैलाब ने पूरे शहर को तबाह कर दिया था। उस समय न तो सड़कें थीं और न ही यमुना नदी पर कोई बांध। पानी पूरे शहर में भर गया था, लेकिन पीर की मजार की हद तक पानी नहीं पहुंचा। तभी से यह स्थान लोगों के लिए अकीदत और विश्वास का प्रतीक बना हुआ है। बाढ़ के बाद लोग लगभग एक किलोमीटर दूर जाकर बस गए, लेकिन मजार आज भी वहीं स्थित है जहां पर हर वर्ष में पांच बार मेला आयोजित होता है।

### भड़ी कोरियान के जंगल से साठ हजार कीमत की दो मोटर चोरी की, किसानों मे रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी कोरियान मे बीतीरात दो किसानों की टयूबवैल से बदमाशों ने हजारों की कीमत की मोटर को चोरी कर लिया। बताते है कि पीडित किसान रोजाना की भांति सुबह के समय खेत पहुॅचा तो मोटर चोरी का पता लगा। जिसके बाद पीडित ने डायल 112 को सूचना देकर चौंसाना पुलिस को लिखित शिकायत की और मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। चौसाना चौकी क्षेत्र मे किसानों के खेतो से बदमाश धडल्ले से चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है लेकिन बदमाशों पर लगाम नही लग रही। मंगलवार की देर्रात्रि यमुना किनारे बसें गांव भडी कोरियान मे ताज अली व जब्बार के खेत से बदमाशों ने करीब साठ हजार कीमत की दो मोटरों को चोरी कर लिया। पीडित ने बताया कि पूर्व मे भी कई बार चोरी की घटनाए हो चुकी है। पीडित ताज अली का कहना है कि रोजाना की तरह सुबह के समय खेत मे पहुंचा तो टयूबवैल से मोटर गायब थी। जिसकी जानकारी अन्य किसानों को दी तो पता लगा कि जब्बार के खेत से भी मोटर को ही चोरी किया गया है। पीडित ने बताया कि एक मोटर की कीमत तीस हजार है। पीडित ने घटना की जानकारी डायल 112 को दी। जिसके बाद चौसाना चौकी पुलिस को लिखित शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई। वही पुलिस ने मामले मे कोई मुकदमा दर्ज नही किया।

# नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन आमंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि माई भारत युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए आमंत्रित करता है। युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, देश भर के युवाओं को सक्रिय रूप से संगठित कर रहा है ताकि वे MY Bharat Civil Defense Volunteers के रूप में नामांकन करा सकें।

यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है, खासकर आपात स्थितियों और संकट के दौरान। इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदाई और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए, एक मजबूत, समुदाय-आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों का समर्थन करके इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है, और MY Bharat इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसलिए, MY Bharat अपने युवा स्वयंसेवकों के गतिशील नेटवर्क और अन्य सभी उत्साही युवा नागरिकों से अपील करता है कि वे आगे आएं और MY Bharat नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में पंजीकरण करें। मौजूदा MY Bharat स्वयंसेवक और नए व्यक्ति जो इस क्षमता में राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं, दोनों का इसमें शामिल होने का स्वागत है। यह पहल न केवल युवाओं में नागरिक जिम्मेदारी और अनुशासन की एक मजबूत भावना पैदा करती है,बल्कि उन्हें गंभीर परिस्थितियों में तेजी से कार्य करने के लिए व्यावहारिक जीवन-रक्षक कौशल और प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। पंजीकरण प्रक्रिया सरल है और आधिकारिक MY Bharat पोर्टल https://mybharat.gov.in के माध्यम से सुलभ है । यह युवाओं के लिए एक स्पष्ट आह्वान है कि वे आगे आएं और इस राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए सभी इच्छुक युवाओं जनता को संगठित करें।

## खेत से चोरी हुई बाइक, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना झिझाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खेडा भाऊ में बाइक चोरी की घटना सामने आई है। खेत से एक किसान की मोटरसाइकिल रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। मामले में पीड़ित की तहरीर पर ऊन पुलिस चौकी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव खेडा भाऊ निवासी आकाश चौहान पुत्र चरण सिंह 10 मई को शाम के समय अपने खेत में काम कर रहा था। उसने अपनी मोटरसाइकिल खेत के पास ही एक बाग में खड़ी कर दी थी। जब वह काम खत्म कर बाइक के पास पहुंचा तो वह वहां से गायब थी। पीड़ित ने दो दिनों तक बाइक की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाइक के साथ उसमें रखे वाहन के सभी कागजात व उसके पिता का ड्राइविंग लाइसेंस भी चोरी हो गया। आकाश चौहान ने मामले की जानकारी ऊन पुलिस चौकी को दी, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चौकी प्रभारी राकेश कुमार का कहना है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली एवं बालाजी आईटीआई, कैराना द्वारा दिनांक 16 मई 2025, दिन शुक्रवार को प्रात: 10 बजे बालाजी आईटीआई, पानीपत रोड़, कैराना में एक रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी, अजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेलें में निजी क्षेत्र की एकेएस जाब्स् प्रा लि एवं हीरो मोटोकॉर्प लि प्रशिक्षार्थियों को पर्चेज , लाजिस्टिक्स, सप्लाई चेन में स्टोर कीपर, वेयरहाउस असिस्टेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सुपरवाइजर, हेल्पर, अप्रेंटिसशिप के 250 पदों के लिए सभी ट्रेड में आईटीआई, हाईस्कूल, इण्टर, डिप्लोमा, स्नातक योग्यताधारी व आयु सीमा 18-35 वर्ष के पुरूष व महिला अभ्यर्थियों को चयनित करेंगी। जिनकी जॉब लोकेशन गुरुग्राम, सोनीपत, निमराना, अलवर आदि होगी। रोजगार मेलें में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी तवरहतेंदहंउ।नच।हवअ।पद पर पंजीयन कराएं एवं प्रात:10 बजे बायोडाटा के साथ रोजगार मेलें में उपस्थित हो।

## लक्ष्य के सापेक्ष करीब आधा गेहूं की खरीद हुई

**ऊन।** बीपैक्स समिति पर बनाए गए गेहूं क्रय केंद्र पर अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष करीब आधा गेहूं खरीद हुई है जबकि गेहूं की कटाई पूरी हो गई है जिससे लक्ष्य प्राप्त नहीं होने की संभावना है। बीपैक्स समिति पर गेहूं क्रय केंद्र बनाया गया है क्रय केंद्र पर 6000 कुंतल गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है जिसके सापेक्ष अभी तक 3465 कुंतल गेहूं की खरीद हो पाई है अभी तक 94 किसानों ने गेहूं क्रय केंद्र पर बेचा है जिनमें से 93 किसानों का भुगतान भी किया जा चुका है लगातार भुगतान होने के बावजूद भी किसान गेहूं लेकर क्रय केंद्र पर नहीं पहुंच रहा है इस बार गेहूं की फसल की पैदावार भी अच्छी हुई है गेहूं की कटाई पूरी हो चुकी है लेकिन लक्ष्य के सापेक्ष खरीद नहीं हो पाई है इस संबंध में केंद्र व्यवस्थापक शोभित कुमार ने बताया कि क्रय केंद्र पर सभी सुविधाएं उपलब्ध है भुगतान भी किसानों के खाते में सीधा भेजा जा रहा है लगातार किसानों को गेहूं की खरीद हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है।

# नौमान की गिरफ्तारी से सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर आया कैराना

**सालिम अंसारी**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एक दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत में सीआईए-1 की टीम के द्वारा पाकिस्तान को गोपनीय सूचनाएं भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया गया नौमान इलाही मुख्य रूप से पासपोर्ट बनवाने का कार्य किया करता था। नौमान की गिरफ्तारी के बाद से खुफिया विभाग अलर्ट मोड़ पर है। स्थानीय खुफिया विभाग के लोग गिरफ्तार किए गए नौमान की कुंडली खंगालने में जुट गए है। कैराना में स्थित नौमान के घर पर ताला लटका हुआ है। मंगलवार को हरियाणा राज्य की पानीपत क्राइम इन्वेस्टीगेशन एजेंसी की टीम ने एक युवक को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तान में रह रहे इकबाल नामक आतंकी के सम्पर्क में होने के आरोप है। पानीपत सीआईए की टीम के द्वारा पकड़ा गया नौमान इलाही कैराना कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा का निवासी बताया गया है। नौमान कैराना में रहकर पाकिस्तान अथवा अन्य मुस्लिम देशों में जाने वाले लोगो के पासपोर्ट बनवाने का कार्य किया करता था। आशंका है कि पासपोर्ट बनवाने का कार्य करने के दौरान ही वह दुश्मन देश के जासूस के सम्पर्क में आया है। बताया जा रहा है कि नौमान का पिता अहसान भी पासपोर्ट



बनवाने का कार्य करता था, जिसकी करीब पांच वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि नौमान करीब चार माह पूर्व कैराना से पानीपत जाकर अपनी बहन के यहां रहने लग गया था। वहां पर किसी फैक्ट्री में गार्ड की नौकरी करता था।

### नौमान के कैराना स्थित आवास पर लटका ताला

पानीपत सीआईए द्वारा पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़े गए नौमान इलाही का मकान कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा में स्थित है। यह नौमान का पुश्तैनी मकान बताया जा रहा है। 24 वर्षीय नौमान छह भाई-बहनों में सबसे छोटा है। अशरफ व जीशान उसके बड़े भाई है, जो अपने परिवार के साथ में दिल्ली में रह रहे है। नौमान की तीन बहनें जीनत, कुच्छों व जैनम है। नौमान को छोड़कर उसके सभी भाई-बहन शादीशुदा है, जिनमें से एक बहन जीनत की शादी पानीपत में हुई है। बताया जा रहा है कि सीआईए टीम द्वारा पकड़ा गया नौमान पिछले करीब चार माह से पानीपत में अपनी बहन के यहां रह रहा था, जिसके चलते कैराना स्थित उसके मकान पर ताला लटका हुआ है। इस मकान में नौमान अकेला रहता था। हालांकि मोहल्ले के लोग आरोपी युवक के बारे ज्यादा कुछ बताने के लिए तैयार नही है।

### गिरफ्तारी के बाद चौकन्ना हुआ लोकल खुफिया विभाग

कैराना के युवक की पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पानीपत में हुई गिरफ्तारी के बाद स्थानीय खुफिया तंत्र भी सतर्क हो गया है। मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण खुफिया विभाग के अधिकारी स्थानीय पुलिस व अपने सूत्रों के माध्यम से पकड़े गए युवक की कुंडली खंगालने में जुट गए है। लोकल इन्वेस्टिगेशन यूनिटद्धएलआईयूऋ व स्टेट इंटेलिजेंस ब्यूरोद्धएसआईबीऋ के लोग भी पकड़े गए युवक का डाटा इकठा करने में लगे है। खुफिया तंत्र जानकारी जुटा रहा है कि आरोपी युवक कैराना में किन-किन लोगों के सम्पर्क में रहा है। इसके अलावा, उसके परिवार, रिश्तेदारों व मित्रों के बारे में भी जानकारी की जा रही है।

### यह है पूरा मामला

हरियाणा राज्य के पानीपत जिले की क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए)-1 की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पानीपत के सेक्टर-13/17 क्षेत्र से एक पाकिस्तानी जासूस को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तारी विगत 13 मई को की गई है। आरोपी की पहचान नौमान इलाही (24) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, नौमान पाकिस्तान में मौजूद एक संदिग्ध आतंकी इकबाल के संपर्क में था और वह वॉट्सऐप व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भारत की संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान भेज रहा था।

### संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्तता के बाद हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने नौमान इलाही के मोबा. इल नंबर से हो रही संदिग्ध गति. विधियों को ट्रैक करने के बाद उसे हिरासत में लिया। शुरुआती पूछताछ में यह सामने आया है कि नौमान इलाही कैराना का रहने वाला है और पानीपत में एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। पानीपत पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है और बताया है कि उनकी क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए) की यूनिट-1 आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

### मोबाइल से खुला आतंकी कनेक्शन

पुलिस ने जब नौमान इलाही के मोबाइल फोन की जांच की, तो उसमें पाकिस्तान में इकबाल नामक एक आतंकी के साथ संपर्क होने का पता चला। यह भी सामने आया कि नौमान इकबाल को भारत की सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी भेज रहा था। हालांकि, पुलिस ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि उसने किस प्रकार की और कितनी खुफिया जानकारी साझा की थी।

### सिक्योरिटी एजेंसी के जरिए मिली नौकरी

पुलिस की पूछताछ में नौमान ने बताया कि पानीपत की फैक्ट्री में नौकरी करने के दौरान ही वह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के रहने वाले रजनीश तिवारी नामक एक व्यक्ति के संपर्क में आया था। रजनीश एक सिक्योरिटी एजेंसी चलाता है और उसी के माध्यम से नौमान को पानीपत के सेक्टर 29 स्थित एक कंबल फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी मिली थी।

### माता-पिता की हो चुकी है मौत

शुरुआती पूछताछ में नौमान ने पुलिस को बताया कि उसके पिता अहसान इलाही और माता कोसर बानो का लगभग पांच वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। उसकी बहन की शादी पानीपत में होने के कारण वह करीब चार महीने पहले पानीपत आया था। हालांकि, वह पाकिस्तानी आतंकियों के संपर्क में कब और कैसे आया, इस बारे में पुलिस अभी भी गहन पूछताछ कर रही है।

# किशोर की हत्या का खुलासा, मां बेटा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर निवासी 8 वर्षीय किशोर सरफराज की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। एसएसपी रोहित सिंह साजवाण के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने मामले का खुलासा करते हुए एक महिला व उसके पुत्र को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एसपी सिटी व्योम बिंदल ने प्रेस वार्ता में दी है।



ज्ञात हो कि विगत शनिवार को नगर के मोहल्ला कोठीवाला निवासी 8 वर्षीय किशोर सरफराज अपने घर के सामने से खेलते समय लापता हो गया था। रविवार को सरफराज की माँ नगमा ने थाना पर तहरीर देकर किशोर के लापता होने के बारे में बताया था। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज करके लापता किशोर की तलाश आरम्भ कर दी थी। सोमवार को बेहट पुलिस द्वारा सलेमपुर रजबा. हें से किसी किशोर का शव मिलने की सूचना चिलकाना पुलिस को दी गई थी। जिसके बाद पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक किशोर के शव की पहचान सरफराज के रूप में की थी।

किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया था। वहीं मृतक किशोर के परिजनों द्वारा पड़ोसियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई थी।

आज बुधवार को एसपी सिटी व्योम बिंदल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम ने मामले की जांच करते हुए मुखबिर की सूचना पर 13 मई को हत्यारोपी मुस्तफा उर्फ कोबरा पुत्र दिलशाद व जरीना पत्नी दिलशाद निवासी मोहल्ला जाकिर हुसैन कस्बा चिलकाना को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी मुस्तफा ने बताया है कि शनिवार को सरफराज के माता पिता कहीं रिश्तेदारी में गए हुए थे। सरफराज घर पर अकेला था जो कि घर के बाहर खेल रहा था।

पुरानी रंजिश के चलते उसने व उसकी मां जरीना ने सरफराज को मोबाईल दिखाने के बहाने अपने घर बुलाया और साफा से उसका गला घोंटकर व तकिए से मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। उसके शव को बैग में भरकर टैम्पो से ले जाकर उन्होंने सलेमपुर गदा के निकट एक रजवाहे में फेंक दिया था। साक्ष्य मिटाने के लिए सरफराज की चप्पलें व हत्या में प्रयुक्त साफा को उन्होंने घर के चूल्हे में जला दिया था।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बैग, तकिए के कवर, चूल्हे की राख व अन्य सामाग्री बरामद की है। मामले का खुलासा करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव, एसआई श्याम सिंह, राजेन्द्र कुमार, महिला एसआई सुमन, हैड कांस्टेबल कुलद. ीप, तरुण तोमर, कांस्टेबल रोहित कुमार व सावन तोमर शामिल रहे।

# किसानों का निर्माणाधीन हाईवे पर हंगामा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** निर्माणधिन हाईवे को लेकर किसानों ने हंगामा किया

किसानों का हंगामा पापडी एवं पूजने के समीप बन रहे नेशनल हाईवे निर्माण पर किसानो के आवाजाही रास्ते पर डम्पर द्वारा रात को डाली जा रही मिट्टी से रास्ता बंद होने की संम्भावना के चलते किया गया है। आक्रोशित किसानो का कहना हे जो मेन रास्ता है रात मे उस पर लगातार मिट्टी डालने का काम हो रहा है और किसानो को ये कहा जा रहा है आपको अलग से रास्ता बना कर दिया जाएगा जबकि किसानो का कहना है पहले रास्ता दिया जाये उसके बाद मेन रास्ते को बंद किया जाये। यह रास्ता लगभग 35 किसानों के खेत में जाता है। किसानों ने रास्ते में पड़ी मिट्टी को हटाए जाने की मांग की है।

पीड़ित किसानो मे असजद खान, दानिश खान, अजय चौधरी, किफायत खान, अबरार खान, अब्बास खान, इम्तेजार खान आदि शामिल है।

# श्रीराम सीता विवाह का वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम पटनी में चल रही श्री राम कथा में प्रवचन करते हुए दिव्य योगी राज राजेश्वर महाराज ने कहा राम और सीता का विवाह एक तात्विक और धार्मिक घटना है। यह विवाह चेतना (राम) और प्रकृति (सीता) के मिलन का प्रतीक है। यह विवाह प्रेम, समर्पण, और आदर्श संबंधों का प्रतीक है, जो भारतीय संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि राम को चेतना व सीता को प्रकृति का प्रतीक माना जाता है। इस विवाह के माध्यम से, चेतना और प्रकृति के बीच एक संत. ुलन और सामंजस्य स्थापित होता है। राम और सीता आदर्श पति और पत्नी के रूप में जाने जाते हैं। राम की पत्नी के प्रति निष्ठा और सम्मान, और सीता का पति के प्रति समर्पण और प्रेम, आदर्श विवाह के प्रतीक हैं। राम और सीता का विवाह प्रेम और समर्पण की भावना से प्रेरित है। धर्म रूपी राम ने अहम रूपी धनुष को भंग कर वैराग्य रूपी लक्ष्मण के सहयोग से भक्ति रूपी सीता को प्राप्त किया। राम ने सीता को हर तरह से खुश रखने और उनकी रक्षा करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, और सीता ने राम के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण दिखाया। र

ाम और सीता का विवाह मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी को हुआ था। इसलिए इस तिथि को हर साल विवाह पंचमी के रूप में मनाया जाता है। हमे राम के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए।अपने माता, पिता, भाई बहन, पिता, पुत्र, पति, पत्नी आदि संबंधों को उचित सम्मान और स्नेह प्रदान करना चाहिए। अपने जीवन को मर्यादित कर प्रभु स्मरण करते हुए राम को प्राप्त करे।

# ग्रामीणों के साथ चकबंदी को लेकर खुली बैठक

**बिहारीगढ।** ब्लॉक मुज्जफराबाद की ग्राम पंचायत बादशाहपुर में आज ग्राम प्रधान सुधीर प्रकाश सैनी व चकबंदी कर्ता अरुण कुमार के नेतृत्व मे सभी कृष्कगणों के साथ गाँव की चकबंदी को लेकर खुली बैठक की गई।



ग्राम प्रधान ने कहा कि किसी किसान को चकबंदी से कोई आपत्ति हो तो वह बैठक मे बता सकता है जिससे उसकी समस्या का हल निक. ाला जा सके। लेकिन बैठक मे सर्वसम्मति से सभी किसानों ने गाँव मे चकबन्दी कराने की सहमति जताई। इससे पहले भी पिछले वर्ष दिसम्बर मे भूमि प्रबन्धक समिति की एक बैठक हुई थी जिसमे भूमि प्रबन्धक समिति के सदस्यगण व अध्यक्ष व अन्य कृष्कगण उपस्थित रहे थे जिसमे अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा बताया गया था कि ग्राम मे चकमार्ग, नाली आदि की बहुत समस्याएं हैं एवं जोत बिखरी हुई है तथा ग्राम की आबादी भी बहुत बढ़ चुकी है जिसमे खातो का विभाजन होना भी अत्यन्त आवश्यक है जो चकबंदी प्रक्रिया प्रारम्भ होने के बाद ही सम्भव है ।सभी समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम बादशाहपुर में चकबंदी करने हेतु सर्व समिति से प्रस्ताव रखा गया जिसे लेकर आज चकबंदी कर्ता अरुण कुमार व ग्राम प्रधान सुधीर प्रकाश सैनी ने ग्राम पंचायत घर पर कृष्कगणों की खुली बैठक की जिसमें सभी कृष्कगणों ने प्रस्ताव को स्वीकारते हुए सभी सहमति से चकबंदी करने का निर्णय लिया ।

बैठक में ग्राम प्रधान सुधीर प्रकाश सैनी, चकबंदी कर्ता अरुण कुमार, गुरदेव सिंह, गुरनाम सिंह, प्रेम सिंह, अशोक सैनी, कुलदीप सैनी, जगपाल सिंह, चौन सिंह, रमेश सिंह, प्रेम सिंह , महिपाल सिंह प्रमुख आदि गांव के सैकड़ो कृषकगण मौजूद रहे।

# तीसरा हत्यारोपी हत्थे चढ़ा



**नागल।** गांव नौजली दनियालपुर में पांच अप्रैल को भूरा उर्फ शहजादा तथा फरमान परिवार के बीच मामूली कहासुनी को लेकर दोनों पक्षों में संघर्ष हो गया था। वहां से गुजर रही 8 वर्षीय बालिका रुबाब पुत्री कुर्बान के सिर में किसी पक्ष द्वारा चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। बाद मे रुबाब की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों नाजिम तथा फरमान को तभी गिरफ्तार कर लिया था। बाकि अभियुक्त फरार थे। बुधवार दोपहर मुखबिर की सूचना पर तीसरे आरोपी शोएब को बड़ूली चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

# विशाल को बनाया जिला महासचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** शिवसेना (शिंदे गुट) की बैठक में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

मंगलवार की देर शाम संगठन के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं ने विधिवत हनुमान चालीसा का पाठ किया। ततपश्चात जिलाध्यक्ष सोनू तौमर व जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार सक्सैना के नेतृत्व में संगठन के विस्तार को लेकर समीक्षा करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिला महासचिव विशाल कुमार, जिला सचिव सोनू रोहिला, नगर उपाध्यक्ष आशुपाल, सर्जन उर्फ विकास, सतपाल सिंह, नगर सचिव मनोज भटनागर,अंकित शर्मा, यश शर्मा, मीडिया प्रभारी अजय प्रजापति के अलावा ग्राम प्रमुख अक्षय कुमार तेलीपुरा, शोकेस ऊर्फ शेखर ग्राम प्रमुख सलेमपुर को सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सोनू तौमर ने नव नियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि हिंदू ह्रदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे जी की हिंदूवादी विचारधारा का अनुसरण करते हुए जनपद में संगठन की मजबूती के लिए लगन व कर्मठता के साथ सक्रिय रूप से प्रचार प्रसार करने का काम करेंगे। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वेतन बढ़ाने की मांग को धरना

**सहारनपुर।** समूह-सखी महिलाओं के वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर जनता देश संगठन के कार्यकर्ताओं ने आज प्रदर्शन कर धरना दिया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की। जनता देश संगठन से जुड़ी महिला कार्यकर्ता आज हकीकत नगर स्थित रामलीला मैदान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार फौजी के नेतृत्व में एकत्रित हुई और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार फौजी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मैजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह को सौंपकर बताया कि समूह-सखी महिलाओं (जो की पिछले कई वर्षो से राष्ट्रीय ग्रामीण आयोजिका मिशन (एनआरएलएम) के तहत विभाग में कार्यरत हैं, को उचित वेतन नहीं मिल रहा है। जबकि इन महिलाओं से हर क्षेत्र में कार्य करवाया जाता है। जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, पशु टीकाकरण योजना, मिशन अंत्योदय योजना इत्यादि। उन्होंने बताया कि इतना कार्य कराने के बावजूद भी इन्हें न्यूनतम वेतन महज 800 रुपए प्रतिमाह दिया जाता है। जबकि शहर में होने वाली कोई भी बैठक या कार्यक्रम में होने वाला खर्च यह समूह सखी स्वयं से निर्वहन करती हैं। जिस कारण समूह सखी महिलाओं को अपना जीवन यापन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनता देश संगठन (जेडीएस) समूह सखी महिलाओं ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि समूह सखी महिलाओं का बेसिक वेतन 18000 रुपए प्रतिमाह तथा विभाग में स्थाई नियुक्ति एवं (मातृत्व लाभ अधिनियम 1961) के तहत सम्पूर्ण सुविधाएं प्राप्त होनी चाहिए।

# वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश का निधन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठतम पत्रकार अखिलेश प्रभाकर का आज देर शाम रेलवे रोड पर अपने हाथी बिल्डिंग स्थित निवास पर निधन हो गया वह 98 वर्ष के थे।

श्री प्रभाकर देश के सुप्रसिद्ध पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी, साहित्यकार कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर के सुपुत्र थे। उनके निधन की सूचना उनके ज्येष्ठ पुत्र हर्ष प्रभाकर ने दी। अखिलेश प्रभाकर बाल्य काल में अपने पिता कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर के स्वतंत्रता आंदोलन में सहयोगी रहे। लेकिन स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उन्होंने न तो कभी अपना नाम दर्ज कराया और न कोई लाभ उठाया। कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर के निधन के बाद प्रभाकर जी द्वारा प्रकाशित व संपादित विकास साप्ताहिक का काफी समय तक अखिलेश प्रभाकर ने ही संपादन और प्रकाशन किया। अखिलेश प्रभाकर के निधन पर साहित्यकार डॉक्टर वीरेंद्र आजम, डॉक्टर विजेंद्र पाल शर्मा ,डॉक्टर आरपी सारस्वत, डॉक्टर विपिन गिरी, हरीराम पथिक, नरेंद्र मस्ताना, डॉक्टर सुमेधा नीरज, विनोद भृंग व मनीष कछल के अतिरिक्त शहर के बुद्धिजीवियों और पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।

**■ डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब से जुडे पत्रकारों ने निधन पर जताया गहरा दुख**

डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब ने वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश प्रभाकर के निधन पर गहरा दुख जताया है। डीपीसी के चेयरमैन जावेद साबरी ने कहा कि अखिलेश प्रभाकर पत्रकारिता के स्तम्भ थे उनके चले जाने से पत्रका. रिता को सदमा पहुंचा है। संयोजक अबूबकर शिब्ली व अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि अखिलेश प्रभाकर ने पत्रकारिता जगत में जो नाम कमाया है उसका कोई सानी नही है। उनकी कमी हमेशा महसूस की जाती रहेगी। शोक जताने वालों में एम. रियाज हाशिमी, डा. शाहिद जुबैरी, कुमार योगेश, अनिल कुछाडिया, सुहाले अहकर, अरविन्द टेबक, इकबाल खान, अरविन्द गर्ग, राव शमीम, अरविन्द गुप्ता, मनसब अली, ओपी जैन, मनोज मिड्ढा, अजय यादव, मौ. फारूक, सुरेश कुमार, नदीम निजामी, जसवीर सिंह, डा. ताहिर मलिक, सत्तार अहमद, खुर्शीद आदि शामिल रहे।

# सदर पुलिस को मिली सफलता

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से पैसे निकालने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

एसपी सिटी व्योम बिंदल ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि विगत 17 जनवरी को वादी सागर पुत्र सत्यपाल निवासी कोरी माजरा थाना सदर बाजार ने कोतवाली लिखित तहरीर देकर बताया कि अज्ञात बदमाशों ने उसका एटीएम बदलकर उसके खाते से 68 हजार रूपए निकाल लिए हैं। इसके अलावा 30 मार्च को वादी शुभम कुमार पुत्र धीरज सिंह निवासी ग्राम कृष्णी थाना रामपुर मनिहारान ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने वादिया के साथ धोखाधड़ी कर उसका एटीएम कार्ड चोरी करके उसके खाते से 75 हजार रूपए निकाल लिए हैं।कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी, उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, उपनिरीक्षक रणवीर सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त मुकदमों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से पैसे निकालने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को अनिल पुत्र खजान सिंह निवासी गौतमबुद्धनगर, आबिद उर्फ मिंटू उर्फ कर्नल पुत्र ताहिर निवासी बिहार हाल पता गौतमबुद्ध नगर व पिंकी पुत्र जतीनी निवासी हाथरस हाल पता गौतमबुद्धनगर को चौकिंग के दौरान छोटी लाईन चौकी क्षेत्र खलासी लाईन से गिरफ्तार कर लिया।

# गन्ना भुगतान न होने पर जताया आक्रोश



**सहारनपुर।** पिछले छह वर्ष का भुगतान न मिलने पर आज गन्ना प्रति. निधियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा और जिलाधिकारी से मुलाकात कर चीनी मिल के विरूद्ध एफआईआर की मांग की।

अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशील चौधरी के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि बजाज शुगर मिलने पिछले छह वर्ष का भुगतान नहीं किया है। पूरे वर्ष मिल से जुडे किसानों ने बडी मुश्किल अपने खर्चे चलाये। अब चीनी मिल बंद हो चुकी है और उसके द्वारा सिर्फ 20 दिन का भुगतान किया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि बजाज चीनी मिल ने सुप्रीम कोर्ट के सभी आदेशों की अवहेलना कर क्षेत्र के किसानों को धोखा दिया है। गन्ना प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि बजाज चीनी मिल में रखी चीनी मिल को बेचने की अनुम. ति न दी जाये और उसकी चीनी बेचकर किसानों का भुगतान करने के साथ ही चीनी मिल के विरूद्ध एफआईआर की जाये।

गन्ना प्रतिनिधियों में चौ.राजेश पाल, विक्रम सिंह राणा, संजय चौधरी, रमन सैनी, इमरान, चरण सिंह, जितेंद्र, पंकज शर्मा, राजेंद्र चौधरी, इनाम, रमेश चंद, पूर्णसिंह, सोनू, उदय सिंह राणा, रतिराम, मांगेराम, मौ.अकरम, हाजी शकील, मौ.इस्लाम, गुल नवाज आदि शामिल रहे।

# सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** हिन्दू राष्ट्रीय इण्टर कालेज में भारतीय सेनाओं द्वारा आंतकवाद के खात्मे को चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा रैली निकालकर सेना का सम्मान किया।

रैली का प्रबंधक योगेश कुमार गर्ग व प्रधानाचार्य विजय कुमार ने हरी झंड़ी दिखाकर शुभारम्भ किया। एनसीसी, एनएसएस व स्काउट गाईड की छात्र -छात्राओं ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए छात्र छात्राएं रैली भारत माता की जय और भारतीय सेना जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे। वक्ताओं प्रबंधक, प्रधानाचार्य व एनसीसी . प्रभारी अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहलगाम आंतकवादी हमला होने के बाद हमारी सेनाओं ने दुश्मन देश के अंदर घुसकर आंतकियो और उनके सरंक्षको को मिट्टी में मिलाने का कार्य किया है। मंत्री मुकेश गुप्ता , कोषाध्यक्ष विकास गर्ग, ऋषीश कुमार, संजय सैनी, गगन गर्ग, अरुण धीमान, प्रेमनाथ, विनय कुमार, विजय कुमार व प्रतिभा पांडे रही।


# कार्यालय-कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर

पत्रांकः कृ०उ०म०स०/सफाई ई-निविदा / 2025 - 120

दिनांकः 14-05-2025

## अति अल्पकालीन ई-टेण्डर सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्यदिश से दिनांक 31.03.2026 तक नवीन मण्डी स्थल एवं उप मण्डी स्थल, बेहट की सफाई व्यवस्था हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा दरें दिनांक 15.05.2025 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 22.05.2025 की प्रातः 11.00 बजे तक वेबसाईट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है तथा उक्त निविदायें दिनांक 22.05.2025 की सांय 04.00 बजे कार्यालय मण्डी समिति, सहारनपुर मे खोली जायेगी। निविदादाता को उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in के पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है, जिसके लिए यू.पी. इलैक्ट्रानिक कॉरपोरेशन से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अपलोड की गयी निविदा पत्र की एक हार्ड कॉपी, वांछित प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित प्रति सहित, निविदा मूल्य की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के नाम से देय हो तथा निर्धारित जमानत राशि की एफ. डी. आर. जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के पदनाम से बन्धक हो तथा सहारनपुर पर देय हो, दिनांक 22.05.2025 की दोपहर 02.00 बजे तक मण्डी समिति कार्यालय मे जमा कराना अनिवार्य होगा। इच्छुक निविदादाता नियम व शर्ते समिति कार्यालय मे किसी भी कार्यदिवस मे देख / प्राप्त कर सकते है, जो वेबसाइट पर भी अपलोड की जा रही है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) 10 माह हेतु | निविदा का मूल्य 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित (रू0 में) | जमानत राशि (लाख रू0 में) | निविदादाता की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | कार्यालय/प्रशासनिक/आवासीय भवन /पार्किंग/सावर्जनिक स्थल | रू0 02.51 लाख (GST अतिरिक्त) | रू0 708.00 | रू0 0.30 | कोई भी फर्म/व्यक्ति जो निविदा की शर्ते पूरी करता हो |
| 2 | नवीन मण्डी स्थल, सहारनपुर के खाद्यान्न एवं दाल परिसर तथा मैंगो पैक हाउस, सहारनपुर | रू0 07.77 लाख (GST अतिरिक्त) | रू0 1770.00 | रू0 0.90 | -तदैव- |
| 3 | नवीन मण्डी स्थल, सहारनपुर के फल सब्जी परिसर की दैनिक सफाई का कार्य | रू0 15.95 लाख (GST अतिरिक्त) | रू0 3422.00 | रू0 1.83 | -तदैव- |
| 4 | उप मण्डी स्थल, बेहट की दैनिक सफाई का कार्य | रू0 3.88 लाख (GST अतिरिक्त) | रू0 1062.00 | रू0 0.47 | -तदैव- |

(सुमन भारती)
सचिव

(गजेन्द्र कुमार)
नगर मजिस्ट्रेट / सभापति


# स्कूल में तोड़फोड़ कर पहुंचाया नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** अज्ञात शरारती तत्वों ने सरकारी सम्पत्ति में अनायास तोड़फोड़ कर भारी नुकसान पहुंचाया, स्कूल के प्रधानाचार्य व ग्राम प्रधान ने तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव बेग. मपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य लहरी सिंह व ग्राम प्रधान विनीता सैनी ने तल्हेडी बुजुर्ग चौकी में तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार को कुछ अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा बेवजह स्कूल सम्पत्ति मे जमकर उत्पाद मचाते हुए तोड़फोड़ की गई है। जिसके कारण स्कूल सम्पत्ति को भारी नुकघ्सान पहुंचा है।उन्होंने बताया कि स्कूल के शौचालय में लगी हैंड वॉश और स्कूल परिसर में लगी सभी टोंटी तोड़कर फेंक दी गई है। इससे पूर्व भी स्कूल की रसोई में अज्ञात तत्वों द्वारा आग लगा दी गई थी जिसमें गेहूं, चावल,टोकरे,और चार स्टूल जलने से सरकारी सम्पत्ति को भारी भरकम नुकसान हुआ था। इस पूरी घटना की जानकारी से तल्हेडी पुलिस प्रशासन को अवगत कराया गया था।अब दोबारा बेखौफ अज्ञात दबंगों द्वारा स्कूल परिसर को निशाना बनाकर तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसके कारण स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को शौचालय सम्बंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

स्कूल प्रधानाचार्य ने तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

# तीन वारंटी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गदेवड़ा और चमारीखेड़ा गाँवों में की गई, जहाँ से तीनों आरोपियों को उनके निवास स्थान से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार किए गए वारंटी रविंद्र कुमार, कुलदीप, और सलमान को समयबद्ध तरीके से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में रविंद्र कुमार (36 वर्ष), पुत्र ज्योति राम, निवासी गदेवड़ा, थाना फतेहपुर, के खिलाफ वाद संख्या 1206/23, धारा 138 एनआई एक्ट के तहत मामला दर्ज था। वहीं, कुलदीप (32 वर्ष), पुत्र गोपाल, निवासी चमारीखेड़ा, और सलमान (31 वर्ष), पुत्र इनाम, निवासी गदेवड़ा, के खिलाफ वाद संख्या 1324/25, मुकदमा संख्या 149/19, धारा 307 भादवि के तहत कार्रवाई की गई। इन तीनों को पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के तहत उनके घरों से गिरफ्तार किया। इस सफल ऑपरेशन में थाना फतेहपुर के उपनिरीक्षक जितेंद्र राणा और हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार की अहम भूमिका रही। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी टीम अपराध नियंत्रण और वारंटियों की धरपकड़ के लिए निरंतर सक्रिय है। यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और समाज में सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस की इस तत्परता की सराहना की है। प्रशासन और पुलिस की यह सक्रियता अपराधियों में भय पैदा करने के साथ-साथ जनता में विश्वास बढ़ाने का कार्य कर रही है। गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# कोल्हू में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कोल्हू में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन वह विफल रहे। सूचना मिलने पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हाईवे पर मंगलौर पुलिस चौकी के निकट स्थित कोल्हू पर देर शाम कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी दौरान वहां रखी पात्ती में अचानक आग की लपटे उठने लगी जिसे देख कोल्हू पर काम कर रहे लोगों में हडकम्प मच गया। मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन वह विफल रहे। तुरंत घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। कुछ ही देर में दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए और बमुश्किल आग पर काबू पाया। कोल्हू ठेकेदार वाजिद का कहना है कि उन्हें शक है कि किसी ने जानबूझ कर आग लगाई है। इससे पूर्व भी कोल्हू में तीन बार संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग चुकी है। बताया कि आग के कारण करीब 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से घटना की जांच कर कार्रवाई करने और मुआवजा दिए जाने की मांग की है।



# चोरी का प्रयास कर रहे युवकों को दबोचा

**देवबन्द।** ट्यूबवैल पर चोरी का प्रयास कर रहे युवकों को ग्रामीणों ने दबोच लिया। इस दौरान एक युवक भाग खड़ा हुआ। जबकि दूसरे को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। मंगलवार की देर रात अंबोली गांव निवासी विजय धर्मपुर सरावगी गांव स्थित खेत पर चल रहे पानी को देखने गए थे। इस दौरान उन्हें ट्यूबवैल के पास अनजान लोगों के होने का अहसास हुआ। सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने दो लोगों को दबोच लिया। इस दौरान एक छुटकर भाग गया। जबकि दूसरे को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्त में लिया गया आरोपी धर्मपुर गांव का साहबान है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

# परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का घाषित परिणाम में स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 व कक्षा 10 के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय में हर्षोल्लास का वातावरण बन गया। अभिभावकों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।

स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा नबीहा जमा ने 96.4 प्रतिशत जैद अहमद ने 91.2 प्रतिशत एवं रायमा खान ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथत द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किये। कक्षा की छात्रा आलिया कौसन ने 90 प्रतिशत मरियम सईद ने 89.2 प्रतिशम वजीहा खान ने 87.2 प्रतिशत रिफा अंसारी ने 86.2 प्रतिशत जाहरा गुल ने 86 प्रतिशत नबील गुल ने 83 प्रतिशत शारिया ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया।




विद्यालय के चेयरमैन साद फैजान सिद्दीकी, को-चेयरमैन अहमद सिद्दीकी ने कहा कि उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया जायेगा। उन्होने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सालेम राज, श्रीमती शिप्रा सहगल, विद्यालय के हेड मास्टर मुशीर उज्जमां आदि स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# लापता युवक के मिलने से परिजनों में खुशी का माहोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लापता हुआ मोहल्ला बड़जियाउलहक देवबंद निवासी कल्लू का 35 वर्षीय बेटा शाहनवाज चंडीगढ़ के पंचकुला से मिला। तीन वर्ष बाद शाहनवाज परिवार को मिला तो वह खुश से झूम उठे और उनकी आंखें भर आईं।

दिमागी रुप से कमजोर होने के कारण वर्ष 2023 में शाहनवाज घर से लापता हो गया था। परिवार ने लंबे समय तक उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजन उसके मिलने की आस खो चुके थे। नगर के शिक्षक ओमवार सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात उनके पास एक कॉल आई। बताया गया कि देवबंद का शाहनवाज चंडीगढ़ के पंचकुला में मिला है। ओमवीर सिंह ने उसके परिजनों की तलाश की और उन्हें इसकी जानकारी दी। सूचना से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने बताया कि राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ द्वारा संचालित बालि. का बाल गृह छछरौली में बतौर अधीक्षक कार्यरत मोना चौहान की मद्द से शाहनवाज अपने परिजनों तक पहुंच पाया है। बताया कि मोना चौहान अभी तक 700 से ज्यादा गुमशुदी बच्चों को उनके परिवारों से मिला चुकी हैं। जिसके लिए उन्हें भारत सरकार की ओर से सम्मानित भी किया जा चुका है। शाहनवाज के पिता कल्लू और चाचा सलीम ने कहा कि वह शाहनवाज के मिलने की उम्मीद खो चुके थे। उन्होंने इसके लिए मोना चौहान और ओमवीर सिंह का आभार जताया है।



## पुलिस ने 24 घंटे के अंदर युवक को किया सकुशल बरामद

**देवबन्द।** लापता युवक को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बरामद कर परिजनो को सौंपा।

भायला रोड़ नई बस्ती निवासी शमीम का 21 वर्षीय पुत्र अजहर कल शाम से लापता था परिजनो ने तलाश करने के बाद पीड़ित पिता ने कोतवाली पहुंच पुत्र की सकूशल बरामद कराने के लिए दी तहरीर मे बताया कि उनका पुत्र अजहर मानसिक रूप से परेशान है कल शाम बिन बताए घर से कहीं चला गया पीडित की तहरीर पर तुरंत संज्ञान लेते हुए कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने रेलवे चौकी प्रभारी को सौंपी लापता युवक कि बरामदगी कि कमान बताया जा रहा रेलवे चौकी प्रभारी विमल कुमार सैनी और उनकी टीम ने कड़ी महनत कर युवक को मुजफ्फरनगर शामली बस अड्डे से सकुशल बरामद करने की जैसे ही परिजनो को सकुशल पुत्र की बरामदगी की सूचना दी गई तो माता पिता ने पुलिस का आभार जताया।

# सात दिवसीय प्रशिक्षणशाला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय वाचिक अभिनय प्रशिक्षणशाला का शुभारंभ किया गया। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को अभिनय के गुण सिखाए जाएंगे।

सहारनपुर हाईवे स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में भारतेंदु नाटक एकेडमी लखनऊ सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में सात दिवसीय वाचिक अभिनय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल के संरक्षक हरि सिंह सैनी व प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सैनी ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में प्रशिक्षिका सुनिता चौधरी ने बच्चों को विभिन्न टोलियों में विभाजित कर अभिनय के गुर सिखाए।




साथ ही वाचिक अभिनय किया है और इसका हमारे जीवन में क्या महत्व है पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर अनीता सैनी, शिवकुमार सैनी, वंदना ध्रूव, सुनिता चौधरी, राजी शर्मा, निवेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# मामूली कहासुनी को लेकर हुई मारपीट

**छात्र के पिता दीपक कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्यवाई की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मामूली कहासुनी के चलते छात्रों के बीच मारपीट हो गई। इसमें एक छात्र घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

स्कूल की छुट्टी के बाद घर जाते कुरलकी गांव निवासी दीपक कुमार का बेटा आदित्य की बहादरपुर गांव निवासी एक युवक से मामूली कहासुनी हो गई थी। दीपक का आरा.ेप है कि इसी रंजिश में उक्त छात्र ने फोन कर अपने भाई और 8-10 साथियों को बुला लिया। छुट्टी के बाद आदित्य बाहर निकला तो उक्त लोगों ने रेलवे रोड स्थित एटीएस सेंटर के पास उसे रोक लिया तथा गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। सिर और एक आंख में चोट लगने से वह घायल हो गया। इस बीच वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे बचाया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। छात्र के पिता दिपक कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की गुहार लगाई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# चौसाना में मिट्टी खनन माफिया बेखौफ, मानकों की उड़ रही धज्जियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र में मिट्टी खनन माफिया के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे कानून और नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। राजस्व और खनन विभाग की निष्क्रियता ने माफिया के हौसलों को और मजबूती दी है। खेतों में आधुनिक मशीनें दौड़ रही हैं और ट्रैक्टर-ट्रालियों के जरिए गहराई से मिट्टी निकालकर चौसाना और जिजौला की नवनिर्मित कॉलोनियों में धड़ल्ले से भराव किया जा रहा है। यह सब कुछ खुलेआम हो रहा है, लेकिन संबंधित विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

सूत्रों की मानें तो कुछ दिन पहले ही पुलिस ने सहारनपुर से खिचकर एक मशीन व ट्रैक्टर ट्राली का चौसाना चौकी पर लाकर चालान किया था, लेकिन अब वही पुलिस इस पूरे मामले में मौन साधे हुए है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना नंबर की ट्रैक्टर ट्रालियां रात के अंधेरे में नशे में धुत चालकों द्वारा चलाई जा रही हैं। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन न पुलिस को चिंता है और न ही प्रशासन को।

### शिकायतों पर भी नहीं होती कार्रवाई

बुधवार को गंगारामपुर खेड़की में हो रहे अवैध मिट्टी खनन की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को दी। लेकिन आरोप है कि पुलिस न तो समय पर पहुंची और न ही मौके से कोई कार्रवाई की। जब तक पुलिस आई, माफिया मशीन समेत फरार हो चुके थे। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पुलिस की माफिया से साठगांठ है, जिसके चलते शिकायत के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

गांव-देहात में खेतों की उपजाऊ मिट्टी को गहराई से खोदकर निक.ाला जा रहा है, जिससे जमीन बंजर होने की कगार पर पहुंच रही है। यह सब कुछ न केवल राजस्व को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि क्षेत्रीय पर्यावरण के लिए भी खतरा बन रहा है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है और चेताया है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

..............................

चौसाना क्षेत्र मे टीम को भेजकर जहां पर अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है जाचं कर करवाई की जाएगी

**निधि भारद्वाज**
**उप जिलाधिकारी उन**

# हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के लिए नव कार्यकारिणी का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्रीमद हनुमत सेवा समिति कार्यसमिति की बैठक बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज (ध्यान केंद्र) पर आयोजित की गई।

बैठक में समिति की ओर से संरक्षक पंकज भटनागर द्वारा अप्रैल 2025 में संपन्न हुए तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा हनुमान जन्मोत्सव 2026 में किये जाने वाले कार्यक्रमों के लिए नव कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मयंक अग्रवाल को अध्यक्ष, आयुष राज वर्मा को उपाध्यक्ष, तरुण शर्मा शास्त्री को पुनः कोषाध्यक्ष चुना गया। समिति की महिला अनुभाग का प्रभारी श्रीमती नमिता वर्मा को नियुक्त किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजस.ेवी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल (लक्ष्मी गारमेंट्स) तथा रामदास जी महाराज (गुरुजी), पवन कौशिक महाराज, सुभाष चंद्र कौशिक, पंकज भटनागर, डा. अनुज कुमार वर्मा (निवर्तमान अध्यक्ष), यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, कपिल तुली, धर्मेंद्र पवार, मेघराज सिंह, महेंद्र सिंह, महावीर सिंह, श्रीमती नमीता वर्मा, श्रीमती मुन्नी देवी आदि उपस्थित रहे। बैठक समापन पर श्री हनुमान चालीसा पाठ व महामंत्र का जाप किया गया।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र नरेन्द्र व उसके परिवार को उनके गलत व्यवहार के कारण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए। अब उनके किसी भी कार्य का मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**पल्टू पुत्र बारू**
ग्राम-शकरपुर माफी,
देवबन्द, सहारनपुर।

# कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मानव जीवन के लिए खतरा बने खूंखार कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए शासन-प्रशासन से कदम उठाने की अरशद सिद्दीकी ने मांग की है।

समाजसेवी अरशद सिद्दीकी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं जनपद के अधिकारियों को पत्र लिखकर बताया हैं कि नगर में खूंखार कुत्तों की संख्या बढ़ी हुई है। जिस कारण वह झुंड बनाकर सड़कों पर घूमते हैं और बच्चों और बड़ों को निशाना बना रहे हैं। यह नहीं लोग बच्चों को स्कूल भेजने में भी डर रहे हैं। सवेरे उठकर इबादत और पूजा पाठ के लिए जाने वाले लोगों के लिए भी यह खूंखार कुत्ते खतरा बने हुए हैं। अकसर यह अंधेरे में लोगों को काटकर घायल कर रहे हैं। अरशद सिद्दीकी ने कहा कि बार-बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। जनहित को ध्यान में रखकर जनता को खूंखार कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### जागरूकता रैली संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में ड्रग्स के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के जागरूकता अभियान के क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर एवं जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव के आदेश के अनुपालन में प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की देखरेख में एनसीसी एनएसएस एवं स्काउट क्रेडिट्स द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि ड्रग के उपयोग से हृदय गति में वृद्धि, उत्साह, निर्भरता, लत और गुर्दे और यकृत रोग हो जाते हैं।

# विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में खराब प्रगति वाले विभागों को डीएम की फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन के सभागार में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज सीएम डैश बोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की विभाग वार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सीएम डैश बॉर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश दिए साथ ही जिन विभागों की प्रगति खराब मिली उन विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए जहां कमी है उसमें सुधार करते हुए प्रगति के निर्देश दिए।बैठक में जिला.धिकारी ने सर्वप्रथम विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए परियोजना अधिकारी यूपी नेडा को पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति धीमी पाए जाने,दुग्ध विकास विभाग को समिति गठन में,अधिशासी अभियंता आरईडी को भवन निर्माण में,जल निगम को पाइप पेयजल योजना में, पंचायतीराज विभाग आदि को सीएम डैशबोर्ड के बिंदु पर खराब प्रगति होने पर सभी को कारण बताओं नोटिस के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में डीएम ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्ट्रेट और विकास भवन के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पाए जाने पर संबंधित कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शामली को कलेक्ट्रेट और विकास भवन के निर्माण कार्य की गहन जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अभियंता नलकुप द्वारा सही जानकारी न दिए जाने पर उनका भी स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अन्य सभी विभागों की भी समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए, जीएम डीआईसी आबकारी, गन्ना, खनन, विभाग, विभाग की संतोष जनक प्रगति न मिलने पर उक्त सभी को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने तहस.ीलों में धारा 24,116 और वादों के निस्तारण में संतोष जनक प्रगति न मिलने पर सभी एसडीएमध्तहस.ीलदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने वाले अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए समय से क्वालिटी पूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि दिए गए निर्देशों के अनुपालन में यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव,पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द,जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ हरेंद्र सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग की बैठक में सभी एसडीएम सहित समस्त संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# पिकअप वाहन से टकरा कर बाइक सवार दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** गांव इस्लामाबाद चौराहे पर एक बाइक महिंद्रा पिकअप वाहन से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कस्बे के मुहल्ला नौमी निवासी हिमांशु पुत्र सुनील कुमार और बृजेश कुमार पुत्र विजय सिंह बाइक द्वारा किसी कार्य से नगीना गए हुए थे। देर रात 11 बजे के करीब दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर गांव इस्लामाबाद के चौराहे पर उनकी बाइक कस्बे के सीमावर्ती गांव कुंजेटा निवासी धीरज पुत्र त्रिमल सिंह के महिंद्रा पिकअप वाहन से टकरा गई। हादसे में हिमांशु और बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और स्वजन को सूचना देकर घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी नगीना भिजवाया।

**न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सहारनपुर**

अपील सं0-0177 धारा-109क (3)जो0च0अधि0
ग्राम-नूरखेडी परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर।
सेठपाल बनाम बलवन्त आदि

रकमा पुत्र सरभा, अलबू पुत्र बारू, बलजीत पुत्र मामू, खीला पुत्र बारू निवासीगण ग्राम-नूरखेडी परगना गंगोह तहसील नकुड जिला सहारनपुर व ग्राम सभा नूरखेडी जनपद सहारनपुर।

उक्त प्रार्थना पत्र नरेन्द्र सिंह, करेशन सिंह पुत्रगण सेठपाल व श्रीमती मुन्नी पत्नी सेठपाल निवासीगण ग्राम नूरखेडी परगना गंगोह तहसील नकुड़ जिला सहारनपुर ने अपील सं0-2841 अन्तर्गत धारा 11(1) सेठपाल बनाम बलबन्त आदि में विपक्षीगण रकमा आदि को पक्षकार बनाते हुए बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी आदेश दिनांक-08.02.1991 के विरूद्ध योजित हुई है, जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में गजट का प्रकाशन आदेश दिनांक-24.04.2025 में निर्देशित किया गया है।

अत: इस नोटिस/सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप नियत दिनांक-21.05.2025 को प्रात: 10 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील की पैरवी हेतु न्यायालय स्थित कलेक्ट्रेट में उपस्थित हो। यदि सूचना के बावजूद भी आप उपस्थित नहीं होते है तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

दिनांक-06.12.2024
बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी,
सहारनपुर।

**न्यायालय श्रीमान अपर कलेक्टर (न्यायिक) महोदय सहारनपुर**

वाद संख्या- D202409600005819
सन् 2024-25
महावीर सिंह आदि **बनाम** सुखबीर सिंह आदि
वाद अंतर्गत धारा 30(2) उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 भूमि स्थित ग्राम खजूरी अकबरपुर मुस्तहकम परगना हरौडा तहसील व जिला सहारनपुर।

**नोटिस बनाम -**

1. सुखबीर सिंह पुत्र मंगल सिंह, 2. राजेश कुमार पुत्र मंगल सिंह, 3. श्रीमती श्यामो पत्नी सुखबीर सिंह प्रत्येक निवासीगण ग्राम खजूरी अकबरपुर परगना हरौडा तहसील व जिला सहारनपुर।

उपरोक्त वाद श्री 1. महावीर सिंह पुत्र मंगल सिह, 2. श्रीमती रीना यादव पत्नी गंगेश्वर यादव प्रत्येक निवासीगण ग्राम खजूरी अकबरपुर परगना हरौडा तहसील व जिला सहारनपुर के द्वारा खाता नम्बर 00147 खसरा नम्बर 217म क्षेत्रफल 0.2050 हे0 लगान 10.10 रूपये सालाना व खाता नम्बर 00341 खसरा नम्बर 217म क्षेत्रफल 0.4610 हे0 स्थित ग्राम खजूरी अकबरपुर मुस्तहकम परगना हरौडा तहसील व जिला सहारनपुर में भूचित्र संशोधन हेतु अन्तंगर्त धारा 30 उ0प्र0 राजस्व संहिता, 2006 के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया। अत: उक्त के निमित्त इस हाजा नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि यदि इस सम्बन्ध में आप कोई आपत्ति / साक्ष्य करना चाहते है, तो नियत दिनांक 20-05-2025 को प्रात: 10-00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है। यदि इस सूचना के बावजूद भी आपके द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह मानते हुए कि उक्त के सम्बन्ध में आपको कुछ नहीं कहना है तद्नुसार न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

दिनांक: 08.05.2025
अपर कलेक्टर (न्यायिक)
सहारनपुर।

# एजुकोल का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**दसवीं में अदीबा सलीम व सुरुश शम्सी ने किया कालेज टॉप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में कक्षा दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षाफल गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्साह से परिपूर्ण रहा तथा परीक्षाफल देखकर सभी छात्राएँ खुशी से झूम उठीं। कक्षा दसवीं में अदीबा सलीम ने 96.2%, कृतिका राज ने 95%, भूमि सैनी ने 93%, जरफ्शा ने 89.6%, ख्याति चौहान ने 87.2%, रीत सिंह ने 85.6% कक्षा बारहवीं में सुरुश शम्सी ने 87.8%, दिव्यांशी चौहान ने 87.6%, आराध्या हिरणवाल ने 86.4, इकरा अंसारी 84.6%, अलीशा नूर ने 83.8, सुरुचि सिंह 83.4%, प्राप्त कर विद्यालय का नाम उज्जवल किया। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापको एवं माता -पिता को दिया।



## आईपीएलः नए शेडयूल ने रोमांचक बनाई लीग

# आखिरी दो दिन तय करेंगे प्लेऑफ की पोजिशन




**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने 12 मई को आईपीएल का नया शेड्यूल रिलीज किया। लीग स्टेज के 13 ही मैच बचे हैं। 3 टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं, जबकि 7 टीमों में टॉप-4 की जंग हैं। नए शेडयूल ने टूर्नामेंट को और भी रोमांचक बना दिया। आखिरी 2 दिनों में लखनऊ, मुंबई, पंजाब और बेंगलुरु के मैच हैं। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और आखिरी मुकाबलों के नतीजों से टॉप-2 स्पाट भी तय होंगे। गुजरात 11 मैचों में 8 जीत से 16 पाइंट्स लेकर पहले नंबर पर है। टीम के 3 मैच दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई से बचे हैं। टाइटंस इनमें से एक भी मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। हालांकि, टीम को टॉप-2 में फिनिश करना है तो कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। तीनों मैच जीतकर जीटी टॉप-2 में अपनी पोजिशन कन्फर्म कर लेगी। बेंगलुरु के भी 11 में से 8 जीत से 16 पाइंट्स हैं, लेकिन गुजरात से खराब रन रेट के कारण टीम दूसरे नंबर पर है। आरस.ीबी को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 3 में से 1 ही जीत चाहिए। टीम को कोलकाता, हैदराबाद और लखनऊ से भिड़ना है। टॉप-2 में फिनिश करना है तो आरसीबी को भी बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। पंजाब के 11 मैचों में 7 जीत और एक बेनतीजा मैच से 15 पाइंट्स हैं। टीम को राजस्थान, दिल्ली और मुंबई से भिड़ना है। पीबीकेएस को प्लेऑफ में जगह कन्फर्म करने के लिए 3 में से 2 मैच जीतने होंगे। 17 पाइंट्स के साथ अगर टीम को क्वालिफाई करना है तो दिल्ली को हराना ही होगा। पंजाब ने अगर कैपिटल्स को हरा दिया तो दिल्ली या मुंबई में से कोई एक टीम ही प्लेऑफ में पहुंच पाएगी, क्योंकि दोनों को आपस में भी भिड़ना है। पंजाब को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए तीनों मैच जीतने होंगे, साथ ही गुजरात या बेंगलुरु के 1 मैच में हारने की दुआ करनी होगी। मुंबई इंडियंस ने शुरुआती 5 में से 1 ही मैच जीता था, लेकिन टीम ने आखिरी 7 में से 6 मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बना ली। ड्प 12 में से 7 मैच जीतकर 14 पाइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। 5 बार की चैंपियन टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है, तो दिल्ली और पंजाब के खिलाफ बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। एमआई एक भी मैच हार गई तो प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को दूसरी टीमों के भरोसे छोड़ देगी। दिल्ली ने टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार 5 मैच जीतकर की, लेकिन टीम ने पिछले 6 में से 4 मुकाबले गंवा दिए। कैपिटल्स 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पाइंट्स लेकर पांचवें नंबर पर है। डीसी के 3 मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब से हैं, तीनों टॉप-4 में है। यहां से अगर कैपिटल्स को क्वालिफाई करना है तो तीनों मैच जीतने ही होंगे। टीम ने अगर मुंबई और पंजाब को हरा दिया तो 2 जीत से भी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी। डिफेंडिंग चैंपियन कोलक.ाता को 12 मैचों में महज 5 जीत मिली, टीम का 1 मैच बेनतीजा भी रहा, इनसे 11 पाइंट्स लेकर कोल.काता छठे नंबर पर है। ज्ञ्ज्ञत के 2 मैच बेंगलुरु और हैदराबाद से हैं। टीम एक भी मैच हारी तो प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। 2 मैच जीतने के बाद भी ज्ञ्ज्ञत को प्लेऑफ में पहु.चना है तो पंजाब, मुंबई और दिल्ली

## आईपीएल में वापसी के लिए तैयार रोहित शर्मा

● **मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर बहाया पसीना, लीग स्टेज पर मुंबई के बचे दो मैच**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर चुके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 के बचे हुए सत्र में वापसी के लिए तैयार हैं। बुधवार को उन्हें मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाते देखा गया, जिसका वीडियो टीम ने आधिकारिक हैंडल से जारी किया है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद आईपीएल के बचे हुए 17 मैचों का कार्यक्रम का जारी हो चुका है। 17 मई से टूर्नामेंट की दोबारा शुरुआत होगी जबकि तीन जून को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

लीग स्टेज पर मुंबई अब तक 12 मैच खेल चुकी है। 13वां मुकाबला 21 मई को खेला जाएगा, जिसमें पांच बार की विजेता टीम का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच मुंबई में ही खेला जाएगा। फिलहाल मुंबई इंडियंस अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और लीग स्टेज पर उनके दो मैच बाकी हैं। इनमें जीत के साथ टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करना चाहेगी। आगामी मैच के लिए मुंबई इंडियंस ने अभ्यास शुरू कर दिया है। बुधवार को हार्दिक पांडया की अगुआई वाली टीम वानखेड़े पहुंची। यहां रोहित शर्मा को कर्ण शर्मा, रॉबिन मिंज, अश्विनी कुमार और तिलक वर्मा के साथ नेट्स पर समय बिताते देखा गया। पूर्व कप्तान रो.ि हत शर्मा इस वक्त शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने अब तक खेले 11 मैचों में तीन अर्धशतकों की मदद से 300 रन बनाए हैं।

### डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय लीग टी-20 के चौथे सत्र की शुरूआत यूएई राष्ट्रीय दिवस से होगी

**दुबई, वार्ता।** डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टी-20 लीग के चौथे संस्करण की शुरुआत यूएई के राष्ट्रीय दिवस दो दिसंबर से होगी। इस टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच 34 मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चार जनवरी 2026 को होगा। इस अवसर पर आईएल टी-20 के अध्यक्ष अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरोनी ने कहा कि हमें यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 चौथ सत्र यूएई नेशनल डे 'ईद-अल-एतिहाद' पर शुरू होगा, जो यूएई कैलेंडर पर सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। उन्होंने कहा कि यूएई राष्ट्रीय दिवस वह दिन है जिस दिन हम संयुक्त अरब अमीरात का जश्न मनाते हैं जो दुनिया भर के लोगों का घर है, जिसमें लाखों क्रिकेट प्रशंसक शामिल हैं।

## भारत ने नेपाल को 4-0 से हराया




सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप

■ **मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए**

**यूपिया (अरुणाचल प्रदेश), वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम नेपाल पर 4-0 से बड़ी जीत दर्ज कर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर रही। गोल्डन जुबली स्टेडियम में मंगलवार की रात खेले गए मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए। भारत के लिए रोहेन लसह चपहामायुम ने (28वें, 76वें) मिनट में गोल किए, जबकि स्थानीय खिलाड़ी ओमंग डोडम ने (29वें) और डैनी मेइतेई ने (84वें) मिनट में एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ग्रुप बी में दो मैचों में छह अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं नेपाल दो मैचों में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम शुक्रवार को ग्रुप ए के उपविजेता मालदीव से भिड़ेगी, जबकि ग्रुप ए विजेता बांग्लादेश उसी दिन नेपाल से सेमीफाइनल खेलेगी।

## आईपीएल के शेष हिस्से में खेलेंगे बोल्ट




● **पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों का इंतजार**

**मुम्बई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष हिस्से में अपनी टीम मुम्बई इंडियंस के लिए खेलने का निर्णय किया है। 36 वर्षीय बोल्ट को मुम्बई इंडियंस ने मेगा नीलामी में 12-5 करोड़ रुपये में खरीदा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने आईपीएल के इस सत्र में 8-49 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिये हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 रन देकर चार विकेट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह पूरे टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। पांच बार की चैंपियन मुम्बई को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता का इंतजार है। दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकल्टन और कोर्बिन बॉश, और इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की भागीदारी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड के अनुसार उनके खिलाड़ियों की एनआ.ेसी 25 मई तक वैध है। इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आईपीएल में भाग लेने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को 29 मई से शुरू हो रही वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज् के लिए समय पर लौटने का निर्देश दिया है।

## पुरुष जिम्नास्ट को लक्ष्य हासिल करने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरतः आशीष

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रमंडल खेल 2010 में रजत और कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाले जिम्नास्ट आशीष कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पुरुष जिम्नास्ट को अपनी इच्छाशक्ति को जगाना होगा।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की प्रतिभा पहचान एवं विकास समिति (टीआईडीसी) के सदस्य आशीष कुमार ने कहा कि इस आयोजन ने एथलीटों को बेहत.रीन अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि जोश भीतर से आना चाहिए। आप खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और उपकरण दे सकते हैं, लेकिन अगर उनमें 'अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतने' की अंदर कुछ बड़ा करने का जोश नहीं है तो कुछ भी हासिल नहीं हो सकता। कई लोग राष्ट्रीय स्तर पर ही पदक जीतने के बाद ही संतुष्ट हो जाते हैं। इस मान.सिकता को बदलना होगा। खेलो इंडिया योजना ने शुरुआती किशोरावस्था में जिम्नास्टिकों के लिए नए द्वार खोले हैं और अब खिलाड़ियों, कोचों और फेडरेशन पर इस सफलता का लाभ उठाने और इसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हां, हम एथलीटों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन असली काम अब शुरू होता है उचित विकास सुनिश्चित करना होगा, खासकर लड़कों के बीच।ह टीआईडीसी उन प्रतिभाशाली एथलीटों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिन्हें खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) के रूप में शामिल किया जा सकता है और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में प्रशिक्षित किया जा सकता है। उनका मानना है कि सब-जूनियर वर्ग, 14 वर्ष के कम उम्र के जिम्नास्ट के लिए प्रशिक्षण के स्तर में व्यापक बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस उम्र (14 वर्ष की) में शरीर जल्दी ठीक हो जाता है। इसलिए, शुरुआती वर्षों से ही हमें उचित शक्ति और कंडीशनिंग शेड्यूल के साथ उनकी सहन शक्ति बढ़ाने पर जोर देना होगा। अगर हम शुरुआत में ही इन चीजों को हल्के में लेंगे, तो 25 साल की उम्र तक उनका शरीर कार्यक्षमता को संभालने में सक्षम नहीं होगा। विदेशी कोच व्लादिमीर चेर्टकोव के तहत प्रशिक्षण के अपने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जब हम 2010 में राष्ट्रमंडल शि.विर में थे, तो कोच व्लादिमीर ने हमें अपनी क्षमता से आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने हमें सिखाया कि बार-बार तनाव को झेलने में सक्षम शरीर का होना कितना महत्वपूर्ण है। जैसे किसी परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए आप 20-30 बार याद करते हैं। जिमनास्टिक में भी यही होता है आप तब तक अपनी शारी.रिक गतिविधियों को दोहराते हैं जब तक कि आपका शरीर उस लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम न हो जाये। उन्होंने कहा कि पुरुष जिम्नास्टिक में सुधार की जरूरत है। हमने हाल ही में महिलाओं के बीच सफलता देखी है, लेकिन पुरुषों को अभी लंबा रास्ता तय करना है। यहीं पर खेलो इंडिया सबसे बड़ा प्रभाव डाल सकता है क्षमतावान लड़कों की पहचान करके और उन्हें लंबे समय के लिए तैयार कर सकते हैं।

## श्नाइडर को हराकर पाओलिनी इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में

■ **पाओलिनी ने मैच में 6-7(1-7), 6-4 व 6-2 से जीत दर्ज की**

**रोम, वार्ता।** इटली की टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी ने रूस की डायना श्नाइडर को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

छठी वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने मंगलवार को खेले गए वर्षा बाधित मुकाबले में रूस की श्नाइडर पर 6-7 (1-7) 6-4 6-2 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ वह 2014 के बाद अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली इटली की महिला टेनिस खिलाड़ी बन गईं। सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पाओलिनी ने कहा कि यह वास्तव में कठिन मैच था। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने मुकाबला जीता, लेकिन यह एक रोलर कोस्टर था। हर कदम पर मैंने एक नई तरकीब खोजी। मैंने अंत तक संघर्ष किया। निश्चित रूप से दर्शकों ने मेरी मदद की। इसलिए मैं जीत से वास्तव में बहुत खुश हूं।

## स्टार्क की पत्नी ने बताई धर्मशाला में ब्लैक आउट की कहानी



**मैसेज मिलाः यहां से तुरंत निकलो, फाफ ने शूज तक नहीं पहने मिसाइल हमले की अफवाह थी**

**मेलबर्न, वार्ता।** डीसी के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली ने धर्मशाला में ब्लैकआउट की रात की कहानी बताई है। उन्होंने एक पाडकास्ट में बताया कि मिसाइल हमले की अफवाह के बीच कैसे धर्मशाला स्टेडियम को खाली कराया गया और कैसे प्लेयर्स और उनके परिवार वालों को सुरक्षित होटल तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान हीली ने विलो टाक पाडकास्ट कहा कि वहां डर का माहौल था और स्थिति काफी खराब हो गई थी। जब अचानक एक व्यक्ति आया और कहा यहां से तुरंत निकलो। उसका चेहरा सफेद हो गया था।

वहां मिसाइल हमले की अफवाह फैल गई थी। 8 मई को पाकिस्तान के ड्रोन अटैक के बीच धर्मशाला में पंजाब-दिल्ली मैच बीच में रोक दिया गया था। फिर 20 मिनट के अंदर स्टेडियम खाली करा दिया गया था। फिर खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टॉफ को एक बस के जरिए होटलों में वापस ले जाया गया। बीसीसीआई ने अगले दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से सभी को दिल्ली पहुंचाया। क्योंकि, सभी उड़ाने रद्द कर दी गई थी। एलिसा हीली की 3 बातें- जब खेल रोका गया था, एलिसा उस समय अन्य खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों के साथ स्टैंड में मौजूद थीं। यह मानते हुए कि यह एक मामूली समस्या है एलिसा और उनके साथ मौजूद अन्य लोग पहले तो शांत रहे, लेकिन फिर चीजें हाथ से निकल गईं। बिजली के कुछ टावर की बत्ती गुल हो गई और हम बस वहीं इंतजार कर रहे थे। मैंने कुछ सीट दूर अफवाह सुनी कि हमें स्टेडियम खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बिजली गुल हो गई है।

हमारे साथ परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टॉफ का एक बड़ा समूह था। अगले ही मिनट एक आदमी (जो हमारे ग्रुप के साथ था और हमारा ध्यान रखता था।) आता है और कहता है कि हमें तुरंत निकलना होगा। उसका चेहरा सफेद पड़ गया था।' अचानक हमें वैन में ठूंस दिया गया और हम होटल वापस चले गए। वहां स्थिति काफी अच्छी नहीं थी। हम पंजाब के कुछ खिलाड़ियों के साथ बस में बैठे थे। मुझे लगता है कि श्रेयस मेरी बस में था।

## रेलवे के सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में जीता आयरमैन चैलेंज

■ **दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक को पूरा किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** पश्चिम रेलवे (प रे) के वरिष्ठ अधिकारी सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में आयरनमैन चैलेंज जीत लिया है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक की ओर से बुधवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव सचिन अशोक शर्मा (आईआरटीएस 2008) ने पोर्ट मैक्वेरी, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक आयरनमैन ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा किया। आयरनमैन शारीरिक और मानसिक धीरज की अंतिम परीक्षा है, जिसमें 3-8 किमी पानी में तैराकी, 180 किमी साइकिल चलाना और 42.2 किमी की पूर्ण मैराथन दौड़ शामिल है, जिसे 17 घंटे के भीतर पूरा किया जाना था। श्री शर्मा ने आयरनमैन ट्रायथलॉन को 12 घंटे, 26 मिनट और 52 सेकेंड में सफलतापूर्वक पूरा किया और इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले वे पहले भारतीय रेलवे अधिकारी बन गए।

भारी बारिश और सुरक्षा चिंताओं के कारण नाटकीय घटनाक्रम में आयोजकों को ट्रायथलॉन के तैराकी चरण को रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। नतीजतन, दौड़ सुबह 0945 बजे 180 किलोमीटर के बाइक सेगमेंट के साथ शुरू हुई, जिसमें एथलीटों को प्रशांत महासागर के किनारे जंगल से गुज़रते हुए एक आश्चर्यजनक लेकिन चुनौतीपूर्ण मार्ग से गुजरना पड़ा। 1,800 मीटर की ऊंचाई के साथ, इस कोर्स को आयरनमैन सर्किट पर सबसे सुंदर और चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कोर्स के सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सों में से एक मैथ्यू फ्लिंडर्स ड्राइव था- जिसमें 17 प्रतिशत की ढलान थी।

## विराट कोहली के साथ खेलने का सपना अधूरा रह गयाः वार्नर




### विराट के जल्दी संन्यास ने निराश किया, उनमें बहुत क्रिकेट बचाः जावेद अख्तर

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वार्नर ने कहा, विराट को.हली के साथ एक टीम में खेलने का सपना अधूरा रह गया। मैं आईपीएल में भी विराट के साथ नहीं खेल सका। वहीं गीतकार जावेद अख्तर ने कहा, विराट के जल्दी संन्यास लेने से निराश हूं, उनमें बहुत क्रिकेट बचा था। टीम इंडिया के विराट को.हली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। 36 साल की उम्र में रेड बाल क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद कई दिग्गजों ने कहा कि उन्होंने जल्दबाजी में यह फैसला लिया। विराट टेस्ट में 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर सके, उन्होंने 30 सेंचुरी लगाकर 9230 रन बनाए। डेविड वार्नर ने रेव्जस्पोट्र्ज को दिए इंटरव्यू में कहा, विराट के खिलाफ मैंने 1 दशक तक क्रिकेट खेला, शुरुआती मैचों में ही मुझे पता चल गया कि वे कितने चौलेंजिंग है। तेंदुलकर, द्रविड़, लक्ष्मण जैसे प्लेयर्स के संन्यास के बाद बाद विराट ने टीम की जिम्मेदारी संभाली। मैंने हमेशा उनके खिलाफ खेलना एंजाय किया। प्च्स में जब भी उनके सामने खेला तो उनकी एनर्जी ने मुझे प्रभावित किया। मेरा सपना था कि किसी मौके पर विराट के साथ एक ही टीम में खेलूं। मुझे यह बात हमेशा सताएगी। डेविड वार्नर और विराट कोहली 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में आखिरी बार एक-दूसरे के खिलाफ भिड़े थे। वार्नर ने आगे कहा, श्टेस्ट और वनडे में विराट के रिकॉर्ड बेहतरीन रहे। रन चेज करते हुए तो उनका आसपास भी कोई नहीं। इंडिया के लिए खेलते हुए कभी भी उनकी एनर्जी कम नहीं हुई। विराट की कप्तानी ने उन्हें बाकियों से अलग बनाया, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में बताया कि वे क्यों खास हैं। कई प्लेयर्स ने कहा कि विराट को थोड़ा और खेलना चाहिए था, लेकिन मुझे लगता है कि विराट को पता है कि कब उन्हें खेलना बंद करना है। वे अपने गेम के बखूबी जानते हैं, इसलिए मैं उनके फैसले का सपोर्ट करता हूं। वे हमेशा बेहतरीन लीडर के रूप में पहचाने जाएंगे। हिंदी फिल्मों के गीतकार और कहानी लेखक जावेद अख्तर भी विराट के संन्यास से निराश नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि विराट निश्चित रूप से ज्यादा जानते हैं, लेकिन एक फैन के रूप में मुझे उनके टेस्ट से जल्दी संन्यास ने निराश किया। मुझे लगता है कि उनमें अब भी बहुत क्रिकेट बचा है। मैं उनसे विनती करता हूं कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। वरुण ग्रोवर ने लिखा, कोहली टेस्ट के सबसे बड़े किरदार स्टैंड-अप कामेडियन और मसान जैसी फिल्में लिखने वाले वरुण ग्रोवर ने सोशल मीडिया पर कहा, श्टेस्ट क्रिकेट बाकी खेलों से अलग है क्योंकि ये नैरेटिव का खेल है। इतने सारे वैरिएबल- 4 पारियां, 5 दिन, 22 स्पेशलिस्ट, रोज बदलता मौसम, कई बार एक दिन में 3 बार बदलता मौसम, हवा की नमी, पिच की तबीयत, सिक्के से लिखी किस्मत, और हर पल बदलती मानसिक संभावनाएं। वैसे तो हर खेल अपने आप में जीवन के किसी पहलू का पर्याय होता है लेकिन टेस्ट क्रिकेट किसी लिटरेसी उपन्यास सा है- कई सारी विधा एक ही स्याही में समेटे हुए। इसलिए टेस्ट क्रिकेट में वही सफल हुए, जिनके पास कहने को कोई कहानी थी। लंबी कहानी जो गीली, सूखी, देशी, विदेशी हर पिच पर लिख के भी खत्म न हो। विराट कोहली इस उपन्यास के पिछले दशक के सबसे बड़े किरदार हैं। उन्होंने न सिर्फ इस उपन्यास के सारे रसों को जिया, बल्कि इसे और समृद्ध भी बनाया।

# इमरान व शाहनवाज के पहुंचते ही बहाल कर दी जलापूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बेहट तहसील क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा भागूवाला में विगत कई दिनों से चल रही जलापूर्ति की समस्या को लेकर ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था,जैसे ही यह सूचना कांग्रेस सांसद इमरान मसूद व एमएलसी शाहनवाज खान को मिली, वे तत्काल गांव पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।




गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि पिछले कई दिन से गांव में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद इमरान मसूद ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही जल निगम के जेई को बुलाया और जल आपूर्ति बाधित होने के कारणों की जानकारी ली। उन्होंने तुरंत जल निगम अधिकारियों को निर्देश दिए और समस्या का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया। जिसके चलते सांसद के प्रयासों से गांव में जलापूर्ति बहाल हो गई, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और सांसद इमरान मसूद का आभार प्रकट किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सुदेश प्रधान, ग्राम प्रधान इनाम प्रधान, डॉक्टर माजिद, सांसद प्रतिनिधि संदीप वर्मा, जिला पंचायत सदस्य ताहिर पहलवान, डॉक्टर रागिब अंजुम, साजिद अली , गुलबहार अब्बासी, एमएलसी प्रति. निधि अदनान चौधरी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। इसके अलावा एक्सियन बिजली, एक्सियन जल निगम, जल निगम के जेई और बिजली विभाग के जेई भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और जरूरी सुधार कार्यों में जुट गए हैं।

# विद्युत विभाग का आज से लगेगा तीन दिवसीय मेगा कैम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए विद्युत विभाग द्वारा कल (आज) से तीन दिन का वाणिज्य मेगा कैम्प लगाया जा रहा है।

विभाग के एससी ने बताया कि 15, 16 व 17 मई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अम्बाला रोड उपकेन्द्र के कैम्पस में वाणिज्यिक मेगा कैम्प लगाया जायेगा जिसमें विद्युत बिल जमा कराने, नये संयोजन निर्गत करने, लोड बढाने, मीटर बदलने एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं का तुरन्त समाधान किया जायेगा। उन्होने उपभोक्ताओं से आहवान करते हुए कहा कि वह कैम्प का लाभ लेते हुए अपनी समस्याओं का समाधान करायें।

# सदस्यता अभियान चलाएं: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने युवाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए ब्लाकस्तर पर अभियान चलाने के लिए कहा।

दौलतपुर कलां गांव में राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर चौ नीरपाल सिंह ने युवाओं को सदस्यता अभियान की कमान सौंपते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक गांव गांव,सदस्यता अभियान चलाओ। गांवों में जाकर ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, बी डी सी सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सभी से मिलो और राष्ट्रीय लो. कदल से जोड़ने का प्रयास करो। हर गांव में रालोद के ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाओ।

उन्होने कहा कि हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी युवाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं ने कहा जयंत चौधरी युवाओं के आइडियल है।

इस दौरान पवन कुमार फरीदा, शशिकांत, प्रिंस सागर, आशीष, गोल्डी घुमरावली, मनु, शिवम, मो जावेद कप्साई, विपिन चौधरी, लो. केश, सोमेंद्र, रोहित, नितिन, सचिन लारा, दीपांशु ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की।

# मौलाना मुगीसी ने सफल बच्चों को दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामिया रहमत (अरबिक कॉलेज) घघरौली के प्रबंधक मौलाना डॉक्टर अब्दुल मालिक मुगीसी ने सीबीएसई कक्षा 12 व 10 के मेधावी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मौलाना ने कहा कि वलीया और आलिया जैसी मेहनती और होशियार बेटियाँ हमारे लिए फख्र की बात हैं। इसी तरह वे सभी बच्चे और बच्चियाँ जिन्होंने यू पी का नाम रोशन किया है, वे भी काबिले तारीफ हैं। इनकी कामयाबी माता-पिता की परवरिश, शिक्षकों की मेहनत और स्कूल के अनुशासित माहौल का नतीजा है। ये आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं।

उन्होने कहा कि इन परिणामों से साबित होता है कि हमारी नई पीढ़ी पढ़ाई, तहजीब और तरक्की के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रही है। हमें इनका मनोबल लगातार बढ़ाना चाहिए ताकि ये देश और कघैम का रौशन भविष्य बन सकें।

साथ ही, जिला शामली की बच्ची सावी जैन, जिन्होंने 500 में से 499 अंक प्राप्त कर देश भर में पहला स्थान हासिल किया है, को भी मौलाना ने दिल से मुबारकबाद दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** थाना पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाही के बाद न्यायालय में पेश किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवाण के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम ने प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मुकदमा धारा 371/17 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त मुकर्रम पुत्र इकराम निवासी मोहल्ला तेल. ीपुरा थाना रामपुर मनिहारान को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाही के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया है।

# बेटियां अभिशाप नहीं, वरदान हैं: चौहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सोफिया गर्ल्स लार्ड महावीरा एकेडमी में आयोजित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को सोशल मीडिया के उपयोग के प्रति जागरूक करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।



जागरूकता अभियान के कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि भारतीय समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के चलते बेटियों को अभिशाप समझा जाता है जबकि बेटियां अभिशाप नहीं बल्कि वरदान है। उन्होंने कहा कि बेटियां बेटों की अपेक्षा अच्छे तरीके से अपने माता-पिता की सेवा व सहयोग करती है। लार्ड महावीर एकेडमी की प्रधानाचार्या प्रिया जैन ने सभी आगंत. ुक अतिथियों का आभार जताया तथा छात्राओं से अपनी सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। मोटिवेशनल स्पीकर गुलशन नागपाल ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है। बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने संस्कारों को जीवन में आवश्यक बताया। शिक्षिका व समाजसेविका शिल्पा कोहली ने कहा कि इस वैश्विक युग में महिलाएं भी पुरुषों के समान ही देश के विकास में उल्लेखनीय योगदान दे रही है। महिला कल्याण विभाग की जिला मिशन समन्वयक नेहा शर्मा, रोबिन सैनी ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जानक. ारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए जागरूक किया।

वन टू स्टॉप की शैलजा शर्मा महिला हेल्पलाइन नम्बरो की जानक. ारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन उपासना भट्टाचार्य ने किया।

# सैनिक बेटी के प्रति नहीं सहेंगे अभद्र टिप्पणी: संदीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे आपत्तिजनक व राष्ट्र विरोधी बताया।

संदीप राणा ने कहा कि यह भाजपा नेताओं की महिला विरोधी सोच और देश को धर्म के आधार पर बांटने की भाजपा की नीति का जीवंत उदाहरण है। संदीप सिंह राणा ने कहा कि हमारी बहन कर्नल सोफिया कुरैशी पिछले लगभग ढाई दशकों से देश की सेना में कार्यरत है और भाजपा नेता ने उन्हें आतंकवादियों की बहन बताते हुए हमारी बहन सोफिया ही नहीं बल्कि देश की सभी महिलाओं व पूरी भारतीय सेना का अपमान किया हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह के इस अपराध को अक्षम्य बताते हुए उसकी मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्तगी व गिरफ्तारी के साथ-साथ ऐसी निकृष्ट सोच वाले नेता पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाए जाने की मांग भी की।

पूर्व जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा ने इस आपत्तिजनक टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मंत्री विजय शाह के विरुद्ध पीएम मोदी से दंडात्मक कार्यवाही की मांग की। गणेश दत्त ने कहा कि कांग्रेस पराक्रमी भारतीय सेना के सम्मान से कोई समझौता नहीं करेगी।

# ठेकेदारों के चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल के आदेश के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट गाजीपुर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुलतानपुर कार्यालय से निर्गत ठेकेदारी चरित्र प्रमाण पत्र को निरस्त करने के लिए जनपद सहारनपुर में निर्देश दिए है।

जनपद गाजीपुर में पंजीकृत ठेकेदार राजेन्द्र सिंह यादव पुत्र सत्यनारायण यादव ग्राम बयेपुर देवकली पोस्ट बयेपुर थाना कोतवाली तहसील सदर को निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र संख्या 316442363934 दिनांक 22 जनवरी 2024 को निरस्त किया जाता है। जनपद सुलतानपुर में पंजीकृत ठेकेदार मंगला प्रसाद मिश्र पुत्र स्वर्गीय सत्यनारायण मिश्र निवासी ग्राम कोरो थाना धनपतगंज के पक्ष में निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र संख्या 441ध्नाजिर सदर दिनांक 26 अगस्त 2023 को निरस्त किया जाता है।

# 56 भोग लगा मनाया वार्षिक महोत्सव



**सहारनपुर।** सामाजिक संस्था प्रगति सोशल वेलफेयर सोसायटी का 13 वां वार्षिक महोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया।

माहेश्वरी भवन में आयोजित महोत्सव में संस्था सदस्यां ने श्री हनुमान जी का भव्य श्रृंगार करने के बाद 56 भोग लगाकर 13 वर्ष पूर्ण होने पर 13 किलो लडडू अर्पण किये। जिसके उपरांत श्री हनुमान जी को चोला अर्पित किया। पंडित योगेश दीक्षित के आचार्यात्व में कर्मकांडी ब्राहमणों द्वारा हनुमान जी का पूजन संस्था सदस्यों से कराया। श्री सुंदरकांड के संगीतमयी पाठ के उपरांत पंडित दीपक अग्निहोत्री, उज्जवल पंडित व योगेश दीक्षित के निर्देशन में भजन संध्या का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष डा.आदित्य राठी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि संस्था का एकमात्र उद्देश्य मानव सेवा है।

इस दौरान मेयर डा.अजय सिंह, विधायक राजीव गुंबर, आप के राष्ट्रीय नेता योगेश दहिया, हेमसिंह राणा, पं.प्रगीत कौशिक, हंसराज गौतम, मुकेश दीक्षित, अनिल त्यागी, विनय जिंदल, नीरज माहेश्वरी, सूर्यकांत सैनी, मानसिंह जैन, अमित पंडित, अमित धींगडा, राजेश सैनी, अरूण माहेश्वरी, मनीष सिंघल, दिव्यलोक त्यागी, राकेश धींगडा, संजय मेहता, नाथीराम सैनी, संजीव सचदेवा, संजय सैनी, मनोज मोंगा, गौरव शर्मा, राजू खेडा, रविश बांगा, नवीन माहेश्वरी, हिमांशु माहेश्व. री, आशीष चुग, योगेंद्र राणा, विनय राणा, मुकेश शर्मा, संजय केला, सचिन बंसल, जोली प्रजापति, नरेश गुप्ता, वरणपाल सिंह, अनिल माहेश्वरी, आकाश गर्ग, किशोर शर्मा, कार्तिक चौहान, राज अरोडा, प्रवीन अग्रवाल, डा. मनोज सिंघल, डा.रूपम गुप्ता, वैद्य कौशलेंद्र, डा.दीपक बंसल, डा.अतुल गोयल, डा.सी.एम. तनेजा, नवदीप राणा, सिद्धार्थ राठी, दक्ष राठी, अर्जुन राठी, शिवम सिंह, गौरव सैनी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

संचालन दीपक शर्मा व संदीप सैनी द्वारा किया गया।

# सेना प्रवक्ता पर टिप्पणी को गंभीरता से ले सरकार: सरफराज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा कोर्डिनेटर हाजी सरफराज राईन ने कहा कि मध्याप्रदेश के एक मंत्री द्वारा मुस्लिम महिला सेना प्रवक्ता के सम्बन्ध में की गयी टिप्पणी को केन्द्र व प्रद. ेश सरकार गंभीरता से लेकर कार्यवाही करें।

बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती द्वारा एक्स पर की गयी पोस्ट का हवाला देते हुए सरफराज राईन ने बताया कि पहले विदेश सचिव और फिर उसके बाद सेना की महिला अफसर के प्रति घृणित, असभ्य व अमर्यादित टिप्पणी वास्तव में जोश व उमंग के उस पूरे अच्छे माहौल को नष्ट करने वाली है जो पूरा देश भारतीय सेना की पाक के विरूद्ध आपरेशन सिन्दूर की सफलता से उत्साहित है। उन्होने टिप्पणी करने वाले मंत्री पर कार्यवाही की मांग की ताकि दुश्मनों के नापाक मंसूबें कामयाब न हो सके।

# सीबीएसई कक्षा 10 व 12 के सफल छात्र-छात्राओं को जारी बधाइयों का सिलसिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीबीएसई कक्षा 10 व 12 के परीक्षा परिणामों में सफल मेधावी छात्र छात्राओं को बधाई देने का सिलसिला जारी है।

मौहल्ला नई बस्ती निवासी मौ. राशिद की बेटी अनुशा ने सीबीएसई कक्षा 12 में 92 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उसका सपना सीए बनना है। हाजी शब्बीर मेमोरियल शैक्षणिक एवं सामाजिक समिति के मुख्य सलाहाकार मौ. फहीम चौधरी के अलावा मौलाना सलमान, मौलाना मौ. मरगूब, डा. सनाउल्ला ने उत्तीर्ण हुए सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी।

साजिद हनफी की बेटी सारा हनफी ने पाइनवुड स्कूल से कक्षा 12 में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है।

सुधीर सैनी के पुत्र वंश सैनी ने सीबीएसई कक्षा 10 में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। वंश सैनी ने इसका श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया है। वंश आशा मॉडर्न स्कूल का छात्र है।

फोटो जर्नलिस्ट मदन सिंह के सुपुत्र हैप्पी सिंह ने कक्षा 12 में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।

पिछले साल की तरह इस साल भी प्रियंका खंडेलवाल के बच्चों ने कक्षा 10 में मुख्य रूप शाश्वत मिश्रा ने ने गणित सब्जेक्ट में 100 में से 100 मार्क अर्जित किया हम्माद फारूकी ने भी गणित सब्जेक्ट में 100 में से 100 मार्कस अर्जित किया उबैदुल्लाह ने साइंस सब्जेक्ट में 90 मार्क्स अर्जित किये। मोहम्मद औसब ने गणित में 91 मार्क्स अर्जित किया। बालिकाओं में हाफसा गणित में 94 परसेंट मार्क्स अर्जित किया। प्रियंका खंडेलवाल ने बताया कि वह आने वाले समय में बच्चों के भविष्य के लिए और अधिक मेहनत व प्रयास करेंगे।

**तीतरों।** ब्राइट होम इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा दस में 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ चारू सिंह ने विद्यालय टॉप किया। चारू सिंह ने गणित सब्जेक्ट में शत प्रतिशत अंक हासिल किया। रियान खान ने 94% हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर 92.8 प्रतिशत अंक हासिल कर अरुणिमा चौधरी रही।

कक्षा 12 में 86.8% अंकों के साथ वृत्तिका चौधरी ने विद्यालय टॉप किया। अनमोल चौधरी तथा उत्कर्ष चौहान ने 80% अंक हासिल किया। तीसरे स्थान पर अलीना अंसारी रही। विद्यालय प्रबंधक अहमद खान तथा प्रधानाचार्य मनसा उर रहमान ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय स्टाफ का कहना है कि बच्चों ने अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय तथा परिवार का नाम रोशन किया है।

**रामपुर मनिहारान।** विजीसीएफ की इकाई रामरति एजुकेशन कॉम्प्लेक्स द्वारा संचालित बिल क्लिंटन स्कूल के कक्षा 10 के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 100 प्रतिशत रिजल्ट लाकर कामयाबी का परचम लहराया है।

सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 की परीक्षा में बिल क्लिंटन स्कूल के 115 छात्र छात्राओं ने भाग लिया था।स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।आयुषी चौधरी ने 97 % अंकों के साथ प्रथम,दिव्या विरमानी ने 96% अंकों के साथ द्वितीय, अरीशा अरशद व सारिया ने 95% अंक प्राप्त कर अपना व संस्था का नाम रोशन किया है।

**नानौता।** सीबीएसई की परीक्षा में सूमायरा जैदी ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल तथा परिजनों का नाम रोशन किया प्रिंसिपल अहमद खान ने बताया कि स्कूल का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा

नगर कि विश्वसनीय संस्था ब्राइट होम पब्लिक स्कूल के टापर्स छात्र व छात्रों को प्रिंसिपल मौहम्मद अहमद खान ने मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। हाईस्कूल परीक्षा में सूमायरा जैदी ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल की टापर्स सहित तीन ब्लाक में प्रथम स्थान प्राप्त किया दूसरा स्थान सार्थक गौतम तथा दिव्यांश जैन तीसरे स्थान पर रहे तो वहीं अरिहंत, वर्तिका चौधरी, यासूब आब्दी, अहम खान, वेदांत चौधरी, नमन सहरावत, पलक पुंडीर, वैभव पंवार, अभिजीत सिंह, तथा यश तौमर ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल तथा परिजनों का नाम रोशन किया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में हर्षिका ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टापर्स बनी दिव्या वर्मा ने दूसरा तथा आसमा बतूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल मौहम्मद अहमद खान ने बताया कि स्टाफ तथा छात्रों की मेहनत से ब्राइट होम पब्लिक स्कूल का हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने शानदार प्रदर्शन पर छात्रों को बधाई दी तथा अपने स्टाफ का आभार प्रकट किया।

**गंगोह।** सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12 व कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 12 में नामदेव पब्लिक स्कूल की छात्रा साक्षी सैनी 97.8 प्रतिशत व कक्षा 10 में गीता ज्ञान संस्कार एकेड्मी के प्रभव शर्मा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गंगोह टॉप किया।

सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 वाणी गोयल ने 95.4 प्रतिशत, अंजलि ने 92.6 प्रतिशत, लवी ने 92.4 प्रतिशत, मोनम ने 91.4 प्रतिशत, प्रभजोत ने 8.94 प्रतिशत, कक्षा 10 में आरीब मोहम्मद ने 97.2 प्रतिशत, पार्थ ने 94.28 प्रतिशत, हाफिया ने 92.8 प्रतिशत, यशस्वी ने 92.6 प्रतिशत, निविका दम 91.4 प्रतिशत, अध्यक्ष मुकेश गुप्ता प्रबंधक आदेश गर्ग व प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह अध्यापकों व अध्यापिक. ाओं ने सभी छात्र छात्राओं को अपनी अपनी कक्षा में उत्तम प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

















कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल के हर्ष सहरावत ने 97 प्रतिशत अंक, सार्थक जैन ने 90 प्रतिशत, लक्षिका गौतम ने 86 प्रतिशत, सना ने 85 प्रतिशत, अफसा चौधरी ने 79 प्रतिशत, इकरा ने 73.4 प्रतिशत, अवनी गुप्ता ने 88.4 प्रतिशत, किरतप्रीत कौर ने 88 प्रतिशत, नबिया आलम ने 83 प्रतिशत प्रधानाचार्य पूनम शर्मा व वरुण गर्ग, स्वाति गर्ग, नीरज गोयल ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

गीता ज्ञान संस्कार एकेड्मी में कक्षा 10 में प्रभव शर्मा ने 98.4 प्रतिशत, सृष्टि शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गंगोह में टॉप किया। इसके अलावा वंश 96.4 प्रतिशत, आर्यन 95 प्रतिशत, भूमि 94.2 प्रतिशत, महक 90 प्रतिशत, सिद्धांत 95 प्रतिशत, भूमि 92 प्रतिशत, विधी 91 प्रतिशत, वासू सैनी 90.2 प्रतिशत, इतिश्री 96 प्रतिशत, अंशु 93.2 प्रतिशत, आराधना 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने माता पिता का नाम रोशन किया। प्रबंधक राक. ेश तायल, प्रधानाचार्य संजय गुप्ता ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।











# नगर में युद्ध स्तर पर चल रहा नाला सफाई कार्य

**सहारनपुर।** नगरायुक्त के निर्देश पर नगर निगम द्वारा महानगर में युद्ध स्तर पर नाला सफाई अभियान चलाया जा रहा है। महानगर के तीन बडे नालों सहित करीब ढ़ाई सौ नालों की सफाई की जा चुकी है। 20 मई तक सभी नालों का सफाई कार्य समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने गैराज एवं स्वास्थय विभाग को वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए महानगर के सभी नालों की सफाई के निर्देश दिए थे। मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सिंह ने बताया कि नगरायुक्त के निर्देश पर महानगर के चार बडेघ नालों में से तीन नालों- चिलकाना रोड, क्रेगी नाला व जेबीएस कॉलेज वाले नाले की सफाई का कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि गत्ता मिल क्षेत्र के नाले की सफाई का कार्य अभी चल रहा है। उन्होंने बताया कि कुल 316 नालों में से करीब ढ़ाई सौ नालों की सफाई का कार्य किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि चार बडे नालों के अलावा 276 मझौले नालों में से 209 नालों तथा सभी 36 छोटी नालियों की सफाई का कार्य किया जा चुका है।

# आखिर जवान की वापसी

22 अप्रैल का पहलगाम हत्याकांड, उसके बाद पाकिस्तान के भारत के तीन राज्यों पर ड्रोन और चाइना मेड मिसाइलों से हमले तथा इन हमलों का भारत की ओर से दिए गए जवाब व इसके बाद सीजफायर के बीच भारत के लिए एक और राहत भरी खबर आई है। पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान पूर्णम कुमार को रिहा कर दिया है। इस बात की पुष्टि बीएसएफ ने भी की है। हालांकि पाकिस्तान का एक रेंजर अभी भारत के कब्जे में है। उल्लेखनीय है कि जब 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया था, वह भी उनसे उनका धर्म पूछकर। इसके अगले ही दिन यानि 23 अप्रैल को बीएसएफ का जवान पूर्णम कुमार गलती से पाकिस्तान बॉर्डर की तरफ चला गया था, तब से वह पाकिस्तानी सेना के कब्जे में था, जिसे आज अटारी-बाघा बार्डर पर भारतीय बीएसएफ को सौंपा गया। इस तरह की अदला-बदली सेना के माध्यम से अपने-अपने देश को मोहब्बत का पैगाम देती है। क्योंकि यदि पाकिस्तान चाहता तो कुलभूषण की तरह ही उसे भी नहीं छोड़ता, लेकिन जिस प्रकार से अघोषित युद्ध के बीच बीएसएफ के जवान को भारत को सौंपा है, उससे साफ है कि पाकिस्तान की सेना कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहती, जिससे उनके देश में अमन चैन को बाधा पहुंचे। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या पूर्णम कुमार को फौरन ड्यूटी पर वापस ले लिया जाएगा। इस का उत्तर है नहीं, क्योंकि सेना के कुछ नियम होते हैं, जिन्हें फालो करना होता है। जैसा कि विंग कमांडर अभिनंदन के मामले में हुआ था। दरअसल, बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मारकर जब मिग-21 भारत लौट रहा था, तब उस समय विंग कमांडर जिस मिग-21 को उड़ा रहे थे, वह रास्ते में क्रैश हो गया और यह भारतीय फाइटर जेट पाकिस्तानी सरहद से करीब 10-12 किलोमीटर अंदर जा गिरा था। तब पाकिस्तानी रेंजर्स ने विंग कमांडर अभिनंदन को बंदी बना लिया था। हालांकि, बाद में विंग कमांडर अभिनंदन को पाकिस्तान ने पूरे सम्मान के साथ भारत को सौंप दिया था, लेकिन उन्हें अपने वतन वापस आने के बाद फौरन बाद फिर से ड्यूटी की जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी। इससे पहले उन्हें कुछ प्रोटोकॉल्स से गुजरने होते हैं। कुछ समय के लिए उस जवान को ग्राउंडेड कर दिया जाता है। प्रोटोकॉल के मुताबिक, सामान्य तौर पर जब एक पायलट विमान से बाहर की तरफ कूदता है तो सुरक्षा प्रोटोकॉल के मद्देनजर कुछ समय के लिए उनको ग्राउंडेड कर दिया जाता है। इस तरीके की घटना के बाद पाकिस्तान से लौटे किसी भी जवान की नौकरी भी नहीं छिनी जानी जाती है। हालांकि, कुछ दिनों के लिए उनको किसी भी ऑपरेशन में बाकी जवानों के साथ नहीं रखा जाता है। ऐसा उनकी सुरक्षा और मेंटल हेल्थ के लिहाज से किया जाता है। खैर अब पाकिस्तान समझ गया है कि भारत से उलझना एक टेढ़ी खीर है। इसलिए उसकी सेना ने ऐसा कदम उठाया है, जिसकी भारत में तारीफ हो रही है। भारत और पास्तिान के बीच तनाव का मामला नया नहीं है।

## धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी



आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा, पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है, जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो, तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है, इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाक पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70 -75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं, पाक ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है, आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल लेगा, खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# टीआरपी की खातिर 'जमूरा' कुछ भी करेगा




**देश का मजबूत होना जरूरी है, परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखे इसमे सिवाय चीखने चिल्लाने, बदतमीजी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदजुबानी से पेश आने, हिन्दू-मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, खालिस्तान, झूठ, अफवाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नजर नहीं आता**



**निर्मल रानी**

अभी गत 28 मार्च 2025 की ही बात है जबकि ज़ी न्यूज़ टीवी चैनल के स्वामी सुभाष चंद्रा को ज़ी न्यूज़ की ओर से अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर रिया चक्रवर्ती को टारगेट करने से सम्बंधित ख़बरों को उनके चैनल ज़ी न्यूज़ द्वारा ग़लत तरीक़े से पेश करने के लिए मुआफी मांगनी पड़ी थी। सुभाष चंद्रा ने कहा था कि सुशांत राजपूत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट दायर कर दी है। मुझे लगता है ऐसा विश्वसनीय सबूतों के अभाव में हुआ है। अब अस्पष्टता की कोई जगह नहीं है। इसका मतलब ये है कि कोई मामला नहीं बनता है। पीछे मुड़कर सोचता हूं तो मुझे लगता है कि रिया को मीडिया ने अभियुक्त बनाया और इसकी अगुवाई ज़ी न्यूज़ ने अपने तत्कालीन संवाददाताओं और संपादकों के ज़रिए की। दूसरों ने इसमें ज़ी न्यूज़ को फ़ॉलो किया। ज़ी न्यूज़ के मेंटर के रूप में मैं उनसे कहूंगा कि बहादुरी दिखाएं और मुआफ़ी मांगें। मैं रिया से मुआफ़ी मांगता हूं, भले ही इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी। गोया सुभाष चंद्रा ने यह स्वीकार किया था कि ज़ी न्यूज़ ने रिया चक्रवर्ती को ग़लत तरीक़े से आरोपी के रूप में पेश किया और अन्य मीडिया ने इसका अनुसरण किया।

सवाल यह है कि क्या ज़ी न्यूज़ के किसी संपादक या पत्रकार ने अपने मालिक की बात मानी और मुआफ़ी मांगी और तो और क्या इस के बाद ज़ी न्यूज़ या उसके साथ झूठ परोसने का कारोबार करने वाले अन्य चैनल्स ने सुशांत राजपूत मामले से कोई सबक़ सीखा? शायद बिल्कुल नहीं। बल्कि सच्चाई तो यह है कि मीडिया की बेहयाई व बेशर्मी में और अधिक इजाफा होता जा रहा है। गत दस वर्षों से गोदी मीडिया सत्ता की कठपुतली बन चुका है और सत्ता से सवाल पूछने के बजाए विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है। देश में अमन शांति की बातें करने के बजाए विभाजनकारी एजेंडा चलाता है। कोरोना काल जैसे संकटकाल से लेकर वर्तमान भारत पाक युद्ध जैसे अति गंभीर व संवेदनशील समय में भी सत्ता के इन्हीं 'जमूरों' ने जिस तरह सांप्रदायिक एजेंडा चलाया उससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है।

यही मीडिया भारत के विश्वगुरु बनने का ढोल पीटता है तो कभी विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता है। परन्तु शायद यह भूल जाता है इन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए समाज के हर वर्ग का एकजुट होना ज़रूरी है। देश का मज़बूत होना ज़रूरी है। परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखें इसमें सिवाय चीख़ने चिल्लाने, बदतमीज़ी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदज़ुबानी से पेश आने, हिन्दू मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, ख़ालिस्तान, झूठ, अफ़वाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नज़र नहीं आता। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले व उसके बाद भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद अनेक भारतीय न्यूज़ चैनल्स विशेषकर ज़ी न्यूज़, आज तक, और रिपब्लिक भारत आदि ने राष्ट्रवाद के नाम पर जमकर सनसनीखेज़ सुर्खियां बनाई व भ्रामक ब्रेकिंग न्यूज़ चलाई गईं। मिसाल के तौर पर एक शीर्षक था आज पाकिस्तान की आखिरी रात! तो दूसरा 'भारत का फ़ाइनल अटैक! आधा पाकिस्तान तबाह' आदि भ्रामक शीर्षक ने तनाव को बढ़ाने में कुछ अधिक योगदान दिया। निश्चित रूप से इससे जनता में भय और आक्रोश की भावना बढ़ी। साथ ही ऐसी ख़बरों के साथ जब गला फाड़ने और स्टूडियो में उछल कूद करने जैसी बेहूदा प्रवृति भी शामिल हो जाए तो न्यूज़ ऐंकर तो पूरी तरह 'जमूरे' के किरदार में ही नज़र आता है।

यही नहीं बल्कि इसी 'जमूरा गिरोह' द्वारा ग़लत सूचना और फ़र्ज़ ख़बरों का भी जमकर प्रसार किया गया। कुछ मीडिया चैनल्स ने असत्यापित जानकारी, संपादित वीडियो, यूक्रेन-रूस युद्ध और यहां तक कि वीडियो गेम फ़ुटेज तक को युद्ध से सम्बंधित वास्तविक घटनाओं के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, जम्मू एयरफ़ोर्स बेस पर धमाके या जालंधर में ड्रोन हमले की ख़बरें फ़र्ज़ी पाई गईं। इससे न केवल भारत में ग़लत सूचना फैली, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी शर्मिंदगी हुई। भारतीय मीडिया की भ्रामक व अफ़वाहपूर्ण कवरेज ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की गोया बाढ़ सी ला दी। अनेक वायरल वीडियो, सैन्य गतिविधियां या ड्रोन हमलों के दावे, अधिकांश संपादित या फ़र्ज़ी थे। ख़बरों के अनुसार कई भारतीय चैनल्स ने पाकिस्तान में भी कई ऐसे मोहरे तलाश लिए थे जिन्हें वे पैसे देकर अपने चैनल्स पर बुलाते थे और उन्हें गलियां देकर, अपमानित कर जानबूझ कर माहौल में गर्मी पैदा करते थे। यानी ख़ुद नूरा कुश्ती कर जनता को तनाव में डालते थे। आख़िरकार मीडिया की इस ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकत की वजह से ही सरकार के सूचना व रक्षा मंत्रालय और सैन्य व विदेश विभाग के अधिकारियों को ऐसे भ्रामक प्रसारण को लेकर सावधानी बरतने की अपील करनी पड़ी। परन्तु जिस बेशर्म मीडिया को अदालतों की झिड़की की परवाह नहीं, जिस बेहया गोदी मीडिया को अपने मान सम्मान व प्रतिष्ठा की फ़िक्र नहीं वह भला भारत सरकार के निर्देशों की क्या परवाह करने वाला? जिसे इस बात की फ़िक्र नहीं कि उसे तिहाड़ी, गोदी, दलाल, चरण चुम्बक, भक्त मीडिया जैसे 'अलंकरण' से 'नवाज़ा' जाने लगा है वह कहाँ सुधरने वाला। पूरी दुनिया के सोशल मीडिया और टी वी चैनल्स में इस बात का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है कि इसी दलाल मीडिया ने कराची बंदरगाह पर हमला करा दिया था, आख़िर किस आधार पर इसी मीडिया ने लाहौर पर क़ब्ज़ा करा दिया, इस्लामाबाद पर भारतीय सेना का क़ब्ज़ा करा दिया और तो और पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निवास तक उड़ा दिया। बेशक पाकिस्तानी मीडिया द्वारा भी इसी तरह की कई बेसिर पैर की बातें की गईं। जैसे 'पटना व बेंगलुरु के बंदरगाहों पर पाकिस्तान का हमला' जबकि इन दोनों जगह न तो समुद्र है न ही बंदरगाह। परन्तु हमें पाकिस्तान के मीडिया से तुलना करने की ज़रुरत ही क्या ? हम तो 'विश्वगुरु भारत' के मीडिया की विश्वसनीयता की बात ही कर सकते हैं। गत दस वर्षों से इसी मीडिया पर हिंसा और नफ़रत फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। आज देश में सामाजिक विभाजन की जो रेखाएं गहरी हुई हैं उसमें इसी मीडिया की अहम भूमिका है। उस दौरान मीडिया के बेलगाम होने पर सरकार की ख़ामोशी पर भी बार बार सवाल उठे। परन्तु सत्ता ने स्वयं को लाभान्वित होते देख उस समय इनपर कोई लगाम नहीं कसी न ही नियंत्रित रहने के निर्देश जारी किए। जबकि देश की अदालतों ने एक नहीं अनेक बार मीडिया को उसकी इन्हीं ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारणों के चलते आइना भी दिखाया, निर्देश भी दिए परन्तु इनकी बेशर्मी जस की तस क़ायम रही। और इसी विभाजनकारी एजेंडे के बल पर अपनी टीआरपी बढ़ती देख मीडिया उसी ढर्रे पर चलता रहा। और इसी बेलगामी का परिणाम यह रहा कि भारतीय मीडिया भारत-पाक तनाव के दौरान भ्रामक समाचार, सनसनीखेज़ कवरेज, ग़लत सूचना आदि प्रसारित करता रहा। और मीडिया के इसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना रवैय्ये ने इसकी विश्वसनीयता पर विश्व स्तर पर सवाल उठाए। कुछ आउटलेट्स ने संतुलन बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन समग्र रूप से मीडिया की भूमिका विवादास्पद रही। इतनी बदनामी व अपमान सहने के बाद आज भी मीडिया अपने ढर्रे पर क़ायम है। गोया इनकी नज़रों में यही पत्रकारिता है।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# उन्नत रक्षा तकनीक और रिसर्च के नए रास्ते...

**भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे, भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन व अमेरिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है, हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है**



**पवन सिंह**


भारतीय सेनाओं ने भारत-पाक संघर्ष में अपनी युद्धकला का जिस तरह से मुजाहिरा किया है वह पूरे विश्व के हथियार बाजार के स्वरूप को बदल कर रख देगा। दुनियां की सबसे प्रोफेशनल और समर्पित व युद्ध की अनेकानेक जबरदस्त पैतरेबाजी में माहिर भारतीय सेनाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन, संयमित व संतुलित मीडिया ब्रीफिंग के जरिए बहुत कुछ नए मानदंड स्थापित किए हैं। दुनियां की सभी सैन्य निर्माता कंपनियां इस सैन्य संघर्ष का बहुत ही बारीकी से अध्ययन कर रही हैं। दो-दो देशों द्वारा पाक की 'बैक डोर हथियार मदद' के बावजूद जिस तरह से भारतीय सेनाओं ने अपनी सीमा में बैठे-बैठे पाक द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 'उधार के हथियारों' की बैंड बजाई है, वह वैश्विक स्तर पर युद्ध विज्ञान, अनुसंधान और निर्माण की दिशा-दशा को नए आयाम देगी। निकट भविष्य में भारत में सैन्य तकनीक और विकास का एक नया दौर तेजी से बहुत सारे अवसर खोजे लेगा। देश के युवाओं के लिए निजी और सरकारी दोनों ही क्षेत्रों में जबरदस्त कार्य के अवसर खुलेंगे। रक्षा शोध और विकास संगठन ( **Defence Research and Development Organisation DRDO** ) भारत ने पहले ही इस दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं। डीआरडीओ ने निजी क्षेत्र को भविष्य की सैन्य तकनीक विकसित करने में मदद के लिए नई नीतियों बनाई हैं और उस पर अमल भी शुरू कर दिया है।

प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत मौजूदा सैन्य उत्पादों व प्रणालियों को और अधिक उन्नत व संवेदनशील बनाने के लिए वित्तीय सहायता और विशेषज्ञता प्रदान की जा रही है। डीआरडीओ ने अपनी सभी सैन्य प्रयोगशालाओं को इस तरह से डेवलप किया है कि रक्षा प्रौद्योगिकियों और उत्पादों को इस तरह से डिजाइन किया जाए कि वह भविष्य में होने वाले युद्धों का पासा पलट सके। रक्षा मंत्रालय अपनी टीडीएफ योजना के तहत इस बात पर जोर दे रहा है कि सैन्य उपकरणों/हथियारों की उत्पादन लागत भी कम हो और वो तेज व अचूक हों। भारत-पाकिस्तान के इस टकराव ने बता दिया है कि स्पीड और एक्युरेसी का तालमेल बाजी पलट सकता है। रक्षा मंत्रालय ने दिसम्बर, 2024 तक टीडीएफ योजना के अंतर्गत लगभग 335 करोड़ लागत की 80 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। जो जानकारी सूत्रों से मिली है उसके अनुसार रक्षा क्षेत्र में जो भारतीय उद्योग सक्रिय हैं उन्होंने 18 सैन्य तकनीकों पर बेहतरीन कार्य को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका में डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी (**DARPA**) और डीआरडीओ ने हाथ मिला लिया है और रक्षा क्षेत्र में भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों के साथ मिल कर कुछ बड़े अनुसंधानों पर कार्य आरंभ हो चुके हैं। रक्षा उत्पादन और रिसर्च के लिए **MSME** और **TART-UP** के तहत करीब 930 करोड़ रुपये की राशि की 264 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

वैश्विक रक्षा बाजार बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है और भारत अब अपने सैन्य हथियारों की बिक्री के लिए इस बाजार में घुस चुका है। वर्तमान में अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार विक्रेता है। अमेरिका के बाद फ्रांस व रूस हथियारों के बड़े सौदागर हैं। जबकि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार खरीदी करने वाला देश है। भारत के बाद यूक्रेन व सऊदी अरब अन्य बड़े हथियार खरीददार हैं। भारत अब विदेशी हथियारों की निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रहा है और वह निर्यातकों की सूची में शामिल हो चुका है। हथियारों के वैश्विक बाजार का आकार वर्ष, 2022 में 62.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह 96.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर को भी पार कर जायेगा। भारत नेक्ष वैश्विक हथियार बाजार में एक छोटा कदम ही सही लेकिन बतौर हथियार निर्यातक देश, एक कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे।

भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन और अमेरिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है। हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है। भारत जहां मिसाइल तकनीक में महारथ हासिल कर चुका है वहीं लड़ाकू विमानों के अनुसंधान, विकास और उत्पादन के मामले में बहुत कुछ विदेशी खरीद पर निर्भर है। यह एक गंभीर चुनौती है और रक्षा मंत्रालय इस बड़ी चुनौती से कैसे निपटा है, यह समय बताएगा। फिलहाल बहुत तेजी से निजी क्षेत्र की भारतीय कंपनियों ने सैन्य उपकरणों, हथियारों के विकास की ओर कदम बढ़ाए हैं। टाटा स्पेन की कंपनी के साथ सैन्य विमान के निर्माण की ओर कदम बढ़ा चुका है। टाटा की इस औद्योगिक इकाई में सी 295 विमान बनाए जाएंगे जिसे स्पेनिश कंपनी **CASA** ने डिजाइन किया है और यह मध्यम सामरिक परिवहन विमान है। भारत की एक निजी क्षेत्र की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के शेयर अचानक आसमान चढ़े हैं। यह कंपनी भारतीय सेना के लिए हैंड ग्रेनेड, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर से लेकर मिसाइल तक बना रही है। इस कंपनी ने वर्ष, 2011 में डिफेंस सेक्टर में कदम रखा था और यह ब्रह्मोस मिसाइल का बूस्टर बनाने वाली पहली निजी क्षेत्र की कंपनी है। इसके अलावा टाटा एडवांस सिस्टम, एलएंडटी डिफेंस, पारस डिफेंस, महेंद्रा जैसी कई कंपनियां रक्षा क्षेत्र में सामने आई हैं। भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं वहीं रक्षा उपकरणों पर विदेशी निर्भरता कम होगी। यानी आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और निर्माण की दिशा पर बहुत तेजी से कार्य करने की जरूरत है। पढ़ेगा इंडिया रिसर्च करेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया।

# चीन और पाकिस्तान के बीच फंसता नेपाल





**यशोदा श्रीवास्तव**

**पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है, लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई**

पहलगाम आतंकी हमले का दंश नेपाल को भी झेलना पड़ा है। बुटवल के एक नागरिक सुदीप न्योपाने को उस हमले में अपनी जान गंवानी पड़ी थी। वे अपनी मां और बहन बहनोई के साथ कश्मीर घूमने गए थे। नेपाली लोग अमूमन किसी अन्य हिल स्टेशन पर नहीं जाते क्योंकि नेपाल स्वयं एक हिमालयी देश है जहां की वादियां और पहाड़ कश्मीर सरीखे ही हैं। लेकिन इधर कश्मीर निसंदेह आतंक मुक्त था इसलिए वहां पर्यटकों की आवाजाही में इजाफा होने लगा था। टुरिस्ट व्यवसाय से जुड़ा हर कश्मीरी खुशहाल हो रहा था। पहलगाम हमले से कश्मीर का टूरिस्ट उद्योग एक बार फिर छिन्न-भिन्न हुआ है। जाहिर है कश्मीर में जो शांति का माहौल था उससे भारत ही नहीं विदेशों के पर्यटक भी प्रभावित हो रहे थे। सुदीप न्योपाने और उनका परिवार भी उसमें से एक था। लेकिन इस परिवार को जो जख्म मिला, वह शायद ही फिर कभी इन्हें कश्मीर की ओर आकर्षित करने में कामयाब हो।

कश्मीर में सुदीप न्योपाने की हत्या से नेपाल में भी गम का माहौल था। ओली के नेतृत्व वाली हुकूमत ने भी इस पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आतंकियों की खूब मजम्मत की। आतंक के खिलाफ भारत के हर कदम पर खड़ा रहने का भरोसा भी दिया। लेकिन यह कैसा भरोसा था कि जब पहलगाम का बदला लेने के लिए भारत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा था तब पाकिस्तान के ग्यारह सैन्य अफसर नेपाल में प्रशिक्षण के लिए पंहुच गए। माना कि पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई। वे कहते हैं कि नेपाल सरकार अपनी धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए कदापि नहीं करने देगी तो क्या नेपाल में प्रशिक्षित पाकिस्तान के सैनिक भारत पर फूल बरसाते। भारत के लिए यह घटना चौंकाने वाली हो सकती है कि पाकिस्तान सशस्त्र बलों के विभिन्न संस्थानों में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके नेपाली सेना के पूर्व सैनिकों का एक सम्मेलन काठमांडू स्थित पाकिस्तान दूतावास में आयोजित किया गया। इसके पहले पाकिस्तान के 11 सदस्यीय सैन्य अफसर नेपाल में 15 मई तक प्रशीक्षण पर हैं। नेपाली सेना के अनुसार पाकिस्तान के नेशनल सिक्योरिटी एंड वार कालेज के ये 11 पाकिस्तानी सैन्य अफसर 4 मई को एयर कमोडोर साद मंसूर अंसारी के नेतृत्व में नेपाल आए हैं। ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर 15 मई तक नेपाली सेना माउंटेन वार फेयर कालेज में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। काठमांडू स्थित पाक दूतावास पर आयोजित इस सम्मेलन में ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाली सेना के पूर्व प्रमुख गौरव शमशेर राणा थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सेना प्रमुख राजेन्द्र क्षेत्री भी उपस्थित थे। सम्मेलन में पाकिस्तान दूतावास के सैन्य सलाहकार कर्नल मुहम्मद अली अल्वी ने नेपाल और पाकिस्तान के सैनिकों के बीच संबंधों और प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'पाकिस्तानी सशस्त्र बल नेपाली सेना की क्षमता निर्माण में भविष्य में भी सहयोग करता रहेगा'। इतना ही नहीं नेपाल के पूर्व सेना प्रमुख राणा ने यह तक कहा कि पाकिस्तानी संस्थानों के माध्यम से नेपाली सेना की क्षमता वृद्धि जैसे कार्यक्रम संस्था और इसमें भाग लेने वाले दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नेपाल में पाकिस्तान के राजदूत अबरार एच. हाशमी ने कहा कि नेपाल और पाकिस्तान के बीच संबंध आपसी विश्वास और हितों पर आधारित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों देशों के बीच वर्तमान सैन्य संबंध भविष्य में और मजबूत होंगे और नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे।

यह भी गौरतलब है कि ओली भारत के विरोध में हो सकते हैं, नेपाल की जनता भी हो, ऐसा नहीं है और तमाम सारे विपक्षी दल भी ओली के सुर में सुर मिलाएं, ऐसा भी नहीं है। नेपाल में पाकिस्तानी सैन्य अफसरों की मौजूदगी की निंदा काठमांडू में खूब हुई। तमाम विरोधी दलों के नेताओं ने ओली के इस कदम को गैरवाजिब ठहराया। नेपाल प्रतिनिधि सभा के पूर्व सदस्य अभिषेक प्रताप शाह ने कहा है कि नेपाल सरकार को ऐसे किसी भी आयोजन से बचना चाहिए जो पड़ोसी राष्ट्र की भावनाओं को आहत करता हो। यह बताने की जरूरत नहीं है कि नेपाल चीन की गोद में बैठने को बेताब है और भारत पाक के बीच युद्ध जैसे हालात के दरम्यान चीन की क्या भूमिका थी? लेकिन भारत चीन के पहले नेपाल का न केवल पड़ोसी बल्कि बड़े भाई जैसा मित्र राष्ट्र है। ओली को इतना तो जरूर सोचना चाहिए था कि यदि पाकिस्तान के सैन्य अफसरों का नेपाल में प्रशिक्षण जरूरी है तो वह इसे कम से कम भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे फायरिंग के समय तक होल्ड कर सकते थे। नेपाल में कोई भी सरकार हो, सभी कहते हैं कि नेपाल की धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होगा। लेकिन इस पर अमल नहीं हो पाता। नेपाल की धरती से छिटपुट आतंकी घटनाओं को नजरंदाज भी कर दें तो 1999 में काठमांडू हवाई अड्डे से आतंकियों द्वारा भारतीय यात्रियों से भरे भारतीय जहाज का अपहरण कैसे भूला जा सकता है? अभी बुद्ध पूर्णिमा के दिन भारत सीमा से सटे भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी से ओली ने शांति, प्रेम और करुणा पर खूब लंबा चौड़ा ज्ञान बांटा। काश नेपाल के प्रधानमंत्री ओली बुद्ध के दिखाए मार्ग पर थोड़ा भी चल पाते!

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# चेहरे की खूबसूरती बरकरार रखने में फायदेमंद हो सकती है फिटकरी



चहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन गर्मियों में स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि गर्म हवाओं की वजह से फेस पर अलग-अलग तरह की परेशानियां हो सकती हैं। जिससे महिलाएं परेशान हो जाती हैं। वहीं अगर आपको गर्मी के मौसम में स्किन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, आप घर पर ही अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बना सकती हैं। चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। गर्मी में छोटी-मोटी परेशानियां चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती हैं। आप इन समस्याओं से बचने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं फिटकरी भी फेस के लिए फायदेमंद हो सकती है।

### फिटकरी से बनाएं टोनर

ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो आप फिटकरी से टोनर भी बना सकती हैं। इसके लिए फिटकरी को एक कंटेनर में डाल दें। अब इसमें थोड़ा सा पानी डालकर कुछ देर के लिए रख दें। अब इस पानी को स्प्रे बॉटल में छानकर भर लें। फिर इस पानी से फेस पर स्प्रे करके इस्तेमाल करें। इसको फेस पर स्प्रे करने के बाद हल्के हाथों से मसाज करें।

### ऐसे बनाएं फेस पैक

आप फिटकरी की सहायता से घर पर फेसपैक बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। फेस पैक बनाने के लिए एक कंटेनर में सबसे पहले थोड़ा सा फिटकरी पाउडर लें। अब इसमें हनी मिक्स करें और राइस फ्लोर मिक्स करें। अब इसमें रोज वॉटर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इस तरह से फेस पैक बनकर तैयार हो जाएगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

इसको फेस पर अप्लाई करके 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे आपकी त्वचा ग्लोइंग हो सकती है और डार्क स्पॉट्स भी हल्के हो सकते हैं। फेस पर इसको अप्लाई करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोकर सुखा लें। चेहरा धोने के बाद ही फिटकरी का इस्तेमाल करें।

# तुर्की को पर्यटन व्यवसाय में भारत से करारा झटका

## 270 करोड़ का व्यवसाय चौपट

**नई दिल्ली।** भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को खुला समर्थन देने वाले तुर्की और अजरबैजान का हुक्का-पानी बंद करना शुरू कर दिया है। जिन भारतीयों ने इन देशों की यात्रा के लिए बुक किए थे, उन्होंने अपने टिकट रद्द करने शुरू कर दिए हैं। मेक माय ट्रिप के प्रवक्ता ने बताया कि बीते एक हफ्ते में भारतीय यात्रियों ने इन देशों के लिए काफी कम उत्साह दिखाया है। अजरबैजान और तुर्की के लिए बुकिंग में 60 फीसदी की कमी आई है, जबकि इसी अवधि के दौरान टिकट के रद्द होने में 250 फीसदी उछाल आया है। प्रवक्ता ने कहा, अपने देश के साथ एकजुटता और अपने सशस्त्र बलों के प्रति गहरे सम्मान के कारण हम इस भावना का मजबूती से समर्थन करते हैं और सभी को अजरबैजान और तुर्की की सभी गैर-जरूरी यात्रा न करने सलाह देते हैं।

हमने अपने प्लेटफार्म पर इन दोनों गंतव्यों पर पर्यटकों को जाने के लिए प्रोत्साहित करने वाले सभी विज्ञापन और आफर पहले ही बंद कर दिए हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की पूर्व अध्यक्ष ज्योति मयाल ने कहा, भारत और पाकिस्तान संघर्ष में तुर्की के ड्रोन इस्तेमाल करना हमारी भावनाओं के खिलाफ गया। हमने पर्यटन के क्षेत्र में इन दोनों देशों की बहुत मदद की है। खासतौर पर कोरोना महामारी के बाद तो हमने इनका और भी ज्यादा समर्थन किया। पिछले साल भारत से तुर्की 3,30,000 लोग गए। तुर्की की अर्थव्यवस्था में हमारा करीब चार हजार करोड़ का निवेश है। यहां तक कि हमारे बीच व्यापार का आकार भी बहुत बड़ा है। लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उनको लगा है कि तुर्की और अजरबैजान बिल्कुल नहीं जाना चाहिए। 50 फीसदी बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। हमारे बड़े टूर आपरेटर्स ने टिकट बेचना बंद कर



दिया है, क्योंकि पर्यटन शांति और लोगों के आपसी संबंधों के बारे में है। पिछले महीने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। इनमें अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए आपरेशन सिंदूर शुरू किया।




तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनकी पत्नी गीता हैदराबाद के चौमहल्ला पैलेस में मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगियों के साथ भव्य रात्रिभोज के दौरान।

## प्राकृतिक संसाधन समझौते को अंतिम रूप दे रहा यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन ने मंगलवार को अमेरिका को एक आधिकारिक नोट सौंपा, जिसमें द्विपक्षीय प्राकृतिक संसाधन सौदे के लिए अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं के पूरा होने की पुष्टि की गई है, जो यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए एक संयुक्त निवेश कोष की स्थापना करेगा। इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन की प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने कीव में अमेरिकी दूतावास में प्रभारी डी एफ़ेयर एआई जूली डेविस को नोट सौंपा। गौरतलब है कि यूक्रेन के खनिज संसाधनों, गैस और तेल पर नई रॉयल्टी द्वारा आंशिक रूप से वित्तपोषित इस कोष की स्थापना के लिए समझौते पर 30 अप्रैल को वाशिगटन, डीसी में सु. स्विरीडेंको और अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। सु. स्विरीडेंको के अनुसार दोनों देश इस कोष का सह-प्रबंधन और सह-वित्तपोषण करेंगे, जबकि यूक्रेन अपने खनिज और ऊर्जा संसाधनों पर स्वामित्व तथा पूर्ण नियंत्रण बनाए रखेगा।

## चीन के शीर्ष अधिकारियों ने भारत, पाकिस्तान के राजदूतों से की मुलाकात

**बीजिंग/इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद चीन के शीर्ष अधिका. रियों ने बीजिंग में भारतीय और पाकिस्तानी राजदूतों से अलग-अलग मुलाकात की। चीन के विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के महा. निदेशक लियू जिनसोंग ने सोमवार को चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने चीन-भारत संबंधों और साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। वहीं मंगलवार को चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग ने पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी से उनके अनुरोध पर मुलाकात की। वेदोंग और पाक राज. दूत की मुलाकात में दोनों ने संबंधों और क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय हालात पर चर्चा की। वेदोंग ने भारत-पाक के बीच पूर्ण और स्थाई संघर्ष-विराम का समर्थन करते हुए बातचीत के जरिए मतभेद सुलझाने की अपील की और क्षेत्रीय शांति में चीन की रचनात्मक भूमिका जारी रखने की बात कही।

## अमेरिकी-सऊदी में 12.1 लाख करोड़ की डिफेंस डील

**रियाद।** अमेरिका और सऊदी अरब ने मंगलवार को 142 बिलियन डालर (12.1 लाख करोड़ रुपये) की डिफेंस डील पर साइन किए। व्हाइट हाउस ने इसे इतिहास की सबसे बड़ी डिफेंस डील बताया है। इस समझौते में सऊदी अरब को C-130 ट्रांसपोर्ट विमान, मिसाइलें, रडार सिस्टम और कई एडवांस हथियार दिए जाएंगे। ये लाकहीड मार्टिन, बोइंग, और नार्थराप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियों से मिलेंगे। डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले आधिकारिक विदेश दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे। वे चार दिन के मिडिल ईस्ट दौरे पर पहले सऊदी अरब पहुंचे हैं, फिर कतर और UAE जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने डील के पेपर एक्सचेंज किए। क्राउन प्रिंस डठै से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने रियाद में सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सऊदी और अमेरिका के बीच 80 साल की साझेदारी का जिक्र किया। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कुछ ही दिन पहले ही मेरी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर मध्यस्थता की। मैंने ऐसा करने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प ने फोरम के मंच से घोषणा की कि वह सीरिया से लगे प्रतिबंध हटा रहे हैं, ताकि देश को आर्थिक जीवनदान मिल सके। ट्रम्प बुधवार को सीरिया के नए राष्ट्रपति से भी मिलेंगे। ट्रम्प ने कहा वो ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनका प्रस्ताव ठुकराया गया तो वो ईरान का आयल एक्सपोर्ट जीरो कर देंगे। ट्रम्प ने कहा- उन्हें उम्मीद है कि सऊदी अरब भी अब्राहम अकार्ड में शामिल होगा। यह समझौता 2020 में अमे. रिकी की मध्यस्थता में इजरायल, UAE, बहरीन, सूडान और मोरक्को के बीच हुआ था।

## उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का निधन

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस पेपे मुजिका का मंगलवार को 89 वर्ष की आयु में मोंटेवीडियो में निधन हो गया। उरुग्वे के राष्ट्रपति यामांडू ओरसी ने इसकी पुष्टि की। मुजिका ने जनवरी में घोषणा की थी कि उनका एसोफैजियल कैंसर जिसका पहली बार अप्रैल 2024 में निदान किया गया था उनके लीवर में फैल गया है। उन्होंने कहा कि वह आगे का इलाज नहीं करवाएंगे।

ओरसी ने सोशल मीडिया पर लिखा, गहरे दुख के साथ हम अपने साथी पेपे मुजिका-पूर्व राष्ट्रपति, कार्यकर्ता, नेता और मार्गदर्शक के निधन की घोषणा करते हैं। हम आपको बहुत याद करेंगे पुराने दोस्त। आपने हमें जो कुछ भी दिया और अपने लोगों के लिए आपके गहरे प्यार के लिए धन्यवाद। गौरतलब है कि स्थानीय साप्ताहिक बुस्केदा के साथ एक साक्षात्कार में मुजिका ने कहा था।

## बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का ऐलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं हैं। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सड़कों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। बलूच लोगों का राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है और दुनिया अब मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नागरिकों ने अपील की कि वे बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया, तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

मीर यार बलूच ने कहा कि दुनिया को पाकिस्तान के एकतरफा बयान पर भरोसा नहीं करना चाहिए। पाकिस्तान बलूचिस्तान के नेता के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर और 27 मार्च 1948 को बलूचिस्तान के पाकिस्तान में शामिल होने के समारोह में अंतर्राष्ट्रीय या तीसरे देश की भागीदारी को साबित करने वाला एक भी कागज और कानूनी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि एक बार जब हमें संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता और स्वतंत्रता मिल जाएगी तो हम अपने आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए मैत्रीपूर्ण और दीर्घकालिक संबंध बनाएंगे, शांति बनाए रखेंगे और वैश्विक आर्थिक मंदी को रोकने, जलवायु परिवर्तन और गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने में मदद करेंगे।

## आईएमएफ ने पाक को जारी की दूसरी किश्त

**रु. 8400 करोड़ की किश्त जारी**

**इस्लामाबाद।** इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को 1.02 अरब डॉलर (करीब 8400 करोड़ रुपये) की दूसरी किश्त बुधवार को जारी कर दी है। आईएमएफ ने इससे पहले 9 मई को पाकिस्तान को एक बिलियन डॉलर का कर्ज दिया था। पाकिस्तान को यह फंड एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) प्रोग्राम के तहत दी गई है। पाकिस्तान को सितम्बर 2024 में 7 बिलियन डालर का 37महीने का ईएफएफ मंजूर हुआ था, जिसमें 1 बिलियन डालर तुरंत जारी किया गया था। आज की रकम जोड़ दें, तो आईएमएफ से पाकिस्तान को ईएफएफ प्रोग्राम के तहत 3.1 बिलियन डालर की रकम मिल चुकी है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने कहा कि दूसरी किश्त की राशि 16 मई तक आ जाएगी। वहीं, पाकिस्तान में भारतीय हमले में मरने वालों की संख्या 13 हो गई है। पाकिस्तान ने मंगलवार को कबूल किया था कि भारत की ओर से लान्च किए गए आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी सेना के 11 जवान मारे गए हैं। इसके अलावा 78 सैनिक घायल भी हुए थे। इन्हीं घायलों में से आज 2 की मौत हुई है।



## उधमपुर, कठुआ के कुछ हिस्सों में शैक्षणिक संस्थान खुले

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जनजीवन सामान्य होने के साथ ही उधमपुर और कठुआ जिले के कुछ हिस्सों सहित गैर-सीमावर्ती क्षेत्रों में बुधवार को सभी शैक्षणिक संस्थान फिर से खुल गए। अधिकारियों ने यहां बताया कि नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया गया था और करीब एक सप्ताह बाद शैक्षिणिक संस्थानों को आज फिर से खुल दिया गया।

## पेरू के प्रधानमंत्री एड्रियनजेन ने दिया इस्तीफा

**लीमा।** पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनज़ेन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। एड्रियनजेन ने कांग्रेस द्वारा उन्हें हटाने की मांग करने वाले कम से कम तीन प्रस्तावों पर बहस करने से कुछ घंटे पहले इस्तीफा दिया। उन्होंने टेलीविज़न पर अपने संबा. धन में कहा, राष्ट्र के उच्च हितों को ध्यान में रखते हुए मैं मंत्रिपरिषद के अध्यक्ष के पद से अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफ़ा देने के लिए बाध्य महसूस कर रहा हूं। एड्रियनजेन के साथ उनकी कैबिनेट और राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे भी मौजूद थी, जिन्होंने लगातार उनका बचाव किया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की।

## ऑपरेशन सिंदूर पाक कब्जे के लिए नहीं था

**अमेरिकी एक्सपर्ट बोले: रणनीतिक मकसद के लिए था, भारत ने चार दिन में पूर्ण किया**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिलिट्री एक्सपर्ट जान स्पेंसर ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपने रणनीतिक मकसद को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह आपरेशन पीओके पर कब्जे या फिर पाकिस्तान की सत्ता बदलने की मकसद से नहीं शुरू किया गया था। एक्सपर्ट ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। कुछ लोग इसे सीजफायर कह सकते हैं, लेकिन यह विराम नहीं है। फिलहाल भारत ने एक बड़ी जीत हासिल कर ली है। स्पेंसर के मुताबिक भारत ने पहले की तरह न तो संयुक्त राष्ट्र का दरवाजा खटखटाया और न ही पाकिस्तान को चेतावनी दी। भारत ने सीधे लड़ाकू विमान भेजे और सटीक हमला किया। उन्होंने कहा कि भारत ने इस आपरेशन के जरिए आतंक के खिलाफ उसकी रणनीति को नए स्तर पर पहुंचाया और पाकिस्तान को भी साफ संदेश दिया है कि आतंक का जवाब युद्ध से मिलेगा। जान स्पेंसर माडर्न वार इंस्टिट्यूट में चेयरमैन हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन एयर फोर्स ने 7 मई को पाकिस्तान में 9 ठिकानों पर सटीक हमला किया था। इससे पाकिस्तान और पीओके में मौजूद अहम आतंकी शिविर तबाह हो गए।

## पाक सेना के समर्थन में जुटे हजारों आतंकवादी

### पहले कराची में निकाली रैली, भारत विरोधी भाषण दिए

**इस्लामाबाद।** कराची में 12 मई को हजारों कट्टरपंथी नेताओं और आतंकवादियों ने पाकिस्तान सेना के समर्थन में रैली की। इस रैली में लश्कर-ए-तैयबा और अहले सुन्नत वल जमात शामिल थे। दोनों ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी संगठन घोषित हैं। ऑपरेशन बनयान-उन- मर्सूस का जश्न मनाते हुए रैली में आतंकियों और कट्टरपंथी नेताओं ने बुलेटप्रूफ ग्लास के पीछे खड़े होकर भारत विरोधी भाषण दिए। पाकिस्तान की दिफा-ए-वतन काउंसिल की दिफा-ए-वतन रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। यह रैली भारतीय सेना के खिलाफ पाकिस्तानी सेना के ऑपरेशन का जश्न मनाने के लिए निकाली गई थी। दिफा-ए-वतन नाम की इस रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। पाकिस्तान के कराची में दिफा-ए-वतन काउंसिल के तहत जमा हुए कट्टरपंथी नेताओं ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ की। यहां भारत विरोधी भाषण दिए गए और दोनों देशों के तनाव को धर्म से जोड़कर पेश किया गया। इस रैली में प्रतिबंधित समूह लश्कर-ए-तैयबा और अहल-ए-सुन्नत वल जमात के आतंकी शामिल हुए। दिफा-ए-वतन काउंसिल पाकिस्तान के धार्मिक और राजनीतिक संगठनों का गठबंधन है। इसका मकसद देश की रक्षा करना है। इस रैली में कई कट्टरपंथी मौलाना भी शामिल भी शामिल हुए। इन्होंने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबा. जी की और दोनों देशों के संघर्ष को धर्म से जोड़कर पेश किया। कट्टरपंथी मुफ्ती तारिक मसूद ने कहा कि पाकिस्तान के गद्दार PAK आर्मी को सेक्युलर कहते हैं, जबकि हमारे दुश्मन हमारी आर्मी को मजहबी आर्मी कहते हैं।

इस युद्ध को जीतने के बाद यह तय हो गया है कि हमारी सेना सेक्युलर नहीं है। यह एक ऐसी सेना है जो शहादत (बलिदान) का जुनून रखती है और मजहब और इस्लाम के नाम पर, अल्लाह के नाम पर अपनी जान कुर्बान कर देती है। जमीयत




उलेमा-ए-इस्लाम (सिंध) के महासचिव अल्लामा राशिद महमूद ने भारत को खुलेआम धमकी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी आर्मी ने इजराइली ड्रोनों को गिराकर उसका घमंड चकनाचूर कर दिया। फ्रांस के राफेल जेट को मार गिराया और रूस में बनें -400 डिफेंस सिस्टम को भी तबाह कर दिया। इससे रूस को भी पता चल गया है कि पाकिस्तान से पंगा लेने से पहले तुम्हें सौ बार सोचना चाहिए।

## 3 महीने से गाजा में अनाज का दाना नहीं

**गाजा।** गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। इजरायल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजरायली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की है।

इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यूएन की वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि उनके पास खाने



**गाजा में कुपोषण से जूझती एक बच्ची, जो नवंबर में जन्मी है, इसने सिर्फ युद्ध ही देखा है।**

का स्टाक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजरायल, मिस्र और जार्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में WFP के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने की बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का भोजन ही बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजरायल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है।

अगर इजरायल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 13 मई को एक बयान में कहा कि वे हमास को खत्म करने के लिए जंग जारी रखेंगे।